फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष - 2, अंक - 204, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 16

माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 2

## एक नजर

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है, नए दाम शुक्रवार सुबह छह बजे से प्रभावी होंगे। इसके पहले राजस्थान सरकार ने पेट्रोल डीजल पर वैट दो प्रतिशत घटा दिया। वैट में दो प्रतिशत की कमी व तेल विपणन कंपनियों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों से राज्य में पेट्रोल के दाम में 1.40 रुपये से लेकर 5.30 रुपये तक की कमी आएगी। वहीं डीजल के दाम 1.34 रुपये से लेकर 4.85 रुपये तक कम होंगे।

### 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर लगाया गया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 एप जिनमें से 7 गुगल प्ले स्टोर पर और 3 एप्पल एप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती



**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति पाटिल (89) को बुधवार को भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और सीने में संक्रमण है। वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं।

### सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली



**नई दिल्ली।** हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत की गईं सामाजिक कार्यकर्ता ,इंजीनियर और जानीमानी लेखिका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मूर्ति को शपथ दिलाई।

## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी



**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (देखें खेल पेज) ● एजेंसी

## ज्ञानेश और संधू को निर्वाचन आयुक्त बनाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, ब्यूरो

- **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक में नामों पर हुआ मंथन**
- **आज दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर लग सकती है राष्ट्रपति की मुहर**

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त बनाने की सिफारिश की गई है। शुक्रवार तक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति की मुहर लगने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय



सुखबीर संधू



ज्ञानेश गुप्ता

एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं।

हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

## एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

## समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट

इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## डंपरों की भिड़ंत में डीजल टैंक फटा, दो जिंदा जले

संवाददाता, बहुआ(फतेहपुर)

- **फतेहपुर-बांदा मार्ग पर ललौली क्षेत्र में तड़के हादसा, एक डंपर के चालक व खलासी की मौत**
- **डंपरों के डीजल टैंक से भड़की आग में एक मकान भी जलकर खाक, जान बचाकर भागे लोग**

**अमृत विचार :** ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास गुरुवार तड़के दो डंपरों की भिड़ंत में एक डंपर के चालक दिलीप और क्लीनर इबरार की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों डंपरों के डीजल टैंक फट गए। आग लगने से डंपर धू-धूकर जलने लगे। धमाके के साथ फैली लपटों ने पास के एक मकान को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग जान बचाने के लिए भागे।

फतेहपुर-बांदा मार्ग पर खटौली गांव के पास फतेहपुर से बांदा जा रहे डंपर की सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टक्कर हो गई। डीजल टैंक धमाके के साथ फटने से दोनों डंपरों में आग भड़क गई। एक डंपर के चालक और परिचालक बाहर नहीं निकल सके, उनकी जलकर मौत हो गई।

टैंक फटने से जलता हुआ डीजल पास के एक मकान में जा गिरा जिससे वहां आग लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से जले मकान के मालिक सोमदत्त ने बताया कि दुर्घटना रात करीब तीन बजे हुई, उनका घर जलकर खाक हो गया है। परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि मृतकों में बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट के हथौड़ा निवासी दिलीप कश्यप पुत्र रामकुमार कश्यप और बाराबंकी के सांडा थाना के डिशनरी गांव निवासी इबरार अली पुत्र शमीन अली हैं। दिलीप चालक था और इबरार खलासी। दूसरे ट्रक के चालक और क्लीनर फरार हो गए हैं।



हादसे के बाद जलता डंपर।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **दिनभर चली जांच, विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी, बेटे को साथ ले गई ईडी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह 5:30 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।

अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। छापेमारी के पीछे ईडी द्वारा काली कमाई से बनाई गई अकूत संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कार्रवाई करने की तैयारी है। हाल ही में सीबीआई ने बतौर गवाह अखिलेश को भी बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा था। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत कई जगह भूमि-भवन, प्लाट में काली कमाई से जुड़े दस्तावेज जुटाए। सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की भी जांच की गई। मुंबई में भी बिल्डर के रूप में दूसरे नामों पर गायत्री के करोड़ों रुपये खपाने की जांच हुई। अमेठी में सुबह साढ़े पांच बजे से पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई। पैतृक आवास से भी ईडी ने कई दस्तावेज खंगाले। घर के एक कमरे में ताला बंद था जिसे तुड़वाकर कुछ दस्तावेज बरामद किए हैं। इसके पहले भी सीबीआई की ओर से हमीरपुर अवैध खनन मामले में केस दर्ज कराए जाने के बाद पूर्व डीएम बी चंद्रकला समेत सपा नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

### बढ़ सकती है अखिलेश यादव की मुसीबत

ईडी के छापेमारी के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। हमीरपुर अवैध खनन मामले में अखिलेश यादव सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। ऐसे में जांच एजेंसियों की गायत्री प्रसाद प्रजापति को घेरने के पीछे अखिलेश तक पहुंचने की कोशिश हो सकती है। माना जा रहा है कि जांच एजेंसी की कार्रवाई से बचने के लिए ही राज्यसभा चुनाव में गायत्री की पत्नी ने सपा की जगह भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया था। छापेमारी के पीछे माना जा रहा है कि जांच एजेंसी अखिलेश यादव को घेरने के लिए सबूत जुटा सकती है।

## रामनवमी पर मंदिर में होगी 24 घंटे दर्शन पूजन की व्यवस्था : मुख्यमंत्री

संवाददाता, अयोध्या

- **योगी ने कहा- 17 अप्रैल को व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े**

**अमृत विचार :** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों से समन्वय कर रामनवमी पर अष्टमी, नवमी व दशमी को श्रीराम मंदिर 24 घंटे तक खोलने व दर्शन-पूजन की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के लिए इलेक्ट्रानिक बसों की व्यवस्था की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जीआईसी में जनसभा के बाद परिसर के बैठक कक्ष में श्रीरामनवमी और नवरात्रि के तैयारियों की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्र मेला नौ अप्रैल से शुरू होगा। श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाई जाए। व्यवस्था ऐसी हो कि श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 1100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।



**अयोध्या :** जनसभा को संबोधित करते योगी।

### महाराजा देवीबक्श सिंह नाम की घोषणा

गोंडा में मुख्यमंत्री योगी ने शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के ग्राउंड से जिले को 17 अरब रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देकर चुनावी शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने गोंडा में बन रहे मेडिकल कालेज का नामकरण गोंडा नरेश महाराजा देवीबक्श सिंह के नाम पर किए जाने की घोषणा की।

### पड़ोसी जिला है हमारा अंबेडकरनगर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जनपद का पड़ोसी जिला है अंबेडकरनगर। इसका बार्डर गोरखपुर से जुड़ता है। 2017 के पहले यहां पर माफियाओं का बोलबाला था। आज संवेदनशील सरकार होने पर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लाभार्थियों को मिल रहा है।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विधान परिषद चुनाव : निर्विरोध चुने गए 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते**

**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं।

## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में किया सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी



### जीआईआई की रिपोर्ट

- **93 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की छलांग**

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।

हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- **खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां**

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे।

शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था। निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।

# मुंबई ने विदर्भ को हराकर 42वीं बार जीती रणजी ट्राफी

## 169 रन से मैच जीतकर घरेलू क्रिकेट में आठ साल का इंतजार मुंबई ने किया खत्म, 90 में से 48वीं बार पहुंची थी फाइनल में

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी।

वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल का नतीजा लगभग उसी समय तय हो गया था जब विदर्भ को 538 रन का लगभग नामुमकिन सा लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने हालांकि पूरे पहले सत्र में मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। विदर्भ ने पांच विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया था और उसे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 290 रन और चाहिए थे, लेकिन विदर्भ की टीम 368 रन पर ही आउट हो गई। वाडकर ने इस साल पहला शतक जड़ने के साथ ही सत्र में 600 रन का आंकड़ा भी पार किया। वहीं दुबे ने प्रथम श्रेणी करियर में दूसरा अर्धशतक जमाया। दोनों ने 194 मिनट और 255 गेंद तक चली साझेदारी निभाई।

दूसरे सत्र का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाडकर को तनुष कोटियान ने आउट किया। कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए। यह साझेदारी टूटने के बाद विदर्भ की हार पर लगभग मुहर लग गई। विदर्भ दो बार खिताब जीतने के बाद तीन बार फाइनल में हार गया है। हवीं तुषार देशपांडे ने शॉर्ट गेंद पर दुबे को आउट किया। दुबे ने 128 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। देशपांडे ने ही आदित्य सरवटे को भी पवेलियन के लिए चलाता किया।

कोटियान ने यश ठाकुर (6) के रूप में चौथा विकट लिया। वहीं अपने करियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव का विकेट लेकर विदर्भ की पारी का पटाक्षेप किया। मैन ऑफ द मैच मुशीर खान और मैन ऑफ द टूर्नामेंट तनुश कोटियान को चुना गया। मुशीर ने कहा कि मुझे कप्तान रहाणे के साथ बल्लेबाजी करने में मजा आया। हमारी साझेदारी के दौरान, वह बहुत अच्छी तरह से समझते थे कि मुझ से क्या उम्मीद है। कोटियान ने रहाणे को उनकी वास्तविक बल्लेबाजी क्षमता को उजागर करने में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया, जिससे उन्होंने सत्र में 500 से अधिक रन बनाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुझे अपनी बल्लेबाजी पर थोड़ा भरोसा हुआ और मैंने अपने पिता के साथ कड़ी मेहनत की। रहाणे ने भी मेरी मदद की।



### एमसीए ने दोगुना की पुरस्कार राशि, मुंबई को मिलेंगे अतिरिक्त पांच करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने 42वीं बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है, जिसका मतलब है की टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलेगी। मुंबई ने गुरुवार को यहां फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वीं बार रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एमसीए के सचिव अजिंक्य नाइक ने कहा कि एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। एमसीए रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई की टीम को पांच करोड रुपए की अतिरिक्त धनराशि देगी। उन्होंने कहा कि एमसीए के लिए यह साल शानदार रहा है और उसने सात खिताब जीते। इसके अलावा हमारी टीम बीसीसीआई के आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं के नॉकआउट चरण में पहुंची।

### सबसे कम रन बनाने वाला बल्लेबाज होने के बावजूद आज मैं सबसे ज्यादा खुश: रहाणे



अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी का यह सत्र बेहद खराब रहा लेकिन वह गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा खुश खिलाड़ी थे, जिनकी कप्तानी में टीम 42वीं बार घरेलू टूर्नामेंट की चैम्पियन बनीं। रहाणे ने इस सत्र में महज 214 रन बनाए। वह मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की तालिका में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने फाइनल की दूसरी पारी में 73 रन बनाने के साथ 130 रन की साझेदारी कर मैच को विदर्भ की पहुंच से दूर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा कि मैं अपनी टीम के लिए सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हूं, लेकिन आज मैं सबसे ज्यादा खुश हूं। खिलाड़ी के तौर पर आपको अच्छे और बुरे समय का सामना करना पड़ता है।

### मुंबई के खिलाफ हार मानने का कोई विकल्प ही टीम के पास नहीं था: वाडकर

विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने कहा कि 538 रन का लक्ष्य होने के बाद भी उनकी टीम ने मैच गंवाने के बारे में नहीं सोचा था। विदर्भ के बल्लेबाजों ने धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की जीत के इंतजार को कम किया। वाडकर ने 102 रन की पारी खेली। उन्होंने हर्ष दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी कर मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। साझेदारी टूटने के बाद टीम की बल्लेबाजी बिखर गई और मुंबई रणजी चैंपियन बना। वाडकर ने कहा कि जब हमने टीम में और साझेदारियों के बारे में बात की, तो ऐसी बात नहीं निकली की हम मैच से बाहर हो गए। हम केवल बल्लेबाजी से आगे बढ़ाने के बारे में सोच रहे थे। यह फाइनल था, आखिरी पारी थी, इसलिए हार मानने और नकारात्मक सोच की गुंजाइश ही नहीं थी।

## खेल डायरी

### नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको गॉ पहुंची क्वार्टर फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरुष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने हराया।

### शरत सिंगापुर स्मैश के क्वार्टर फाइनल में

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने सिंगापुर स्मैश में मिस्र के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शरत ने स्लोवेनिया के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी डार्को जोर्गिक को हराने के एक दिन बाद इस 15 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में अस्सर पर 11-4, 11-8, 12-10 से जीत दर्ज की। क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में पिछले दो अवसरों पर पहले दौर में बाहर होने वाले शरत ने पिछले मैच में जोर्गिक को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था।

### ऑरलियन्स मास्टर्स से किरण, मालविका बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के किरण जॉर्ज और मालविका बंसोड़ अपने-अपने मुकाबलों में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। फ्रांस के पैलेस डेस स्पोर्ट्स में खेले गये पुरुष एकल वर्ग में किरण जॉर्ज को हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से हार का सामना करना पड़ा। वहीं मालविका बनसोड़ भी महिला वर्ग के मुकाबले में हंगरी की शटलर विवियन सैंडोरहाजी से हार गई। सामिया इमाद फारूकी और तान्या हेमंत भी अंतिम 16 में पहुंचने में असफल रहीं। फारूकी को बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हेमंत को चीनी ताइपे के लियांग टिंग-यू ने हराया। अनुपमा उपाध्याय बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है।

### मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ियों का किया चयन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जाएगी। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव, डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, होर्मिपाम रूइवा, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी, मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन, फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान, इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल। मुख्य कोच : नौशाद मूसा।

## सीके नायडू ट्रॉफी में गलती के बाद अंपायरिंग के मानकों पर उठे सवाल

**बेंगलुरु, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के खिलाफ कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 टूर्नामेंट के फाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी के गलत तरीके से आउट होने पर घरेलू मैचों में अंपायरिंग के मानकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना कर्नाटक के पहली पारी में घटी जब तेज गेंदबाज कुणाल त्यागी की गेंद चतुर्वेदी के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर आराध्य यादव के दस्तानों में पहुंची। गेंद आराध्य हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर ने इसे आउट दिया। प्रथम श्रेणी के पूर्व अंपायर ने कहा कि हां, वह आउट नहीं था। मैंने बाद में उसके आउट होने का वीडियो देखा था। गेंद विकेटकीपर के हाथों में जाने से पहले जमीन पर गिर गई थी। अंपायर को आउट नहीं देना चाहिए था।

## आरसीबी का शिविर शुरू, कुछ दिन में जुड़ेंगे कोहली

### इंडियन प्रीमियर लीग: गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से 22 मार्च को पहला मैच

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है।

अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं, जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा कि फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा कि हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।



### सीएसके में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ब्रावो



**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी कामयाबी का राज है। लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेआफ में जगह बनाई है। ब्रावो ने कहा कि वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं। यही इस टीम की खूबसूरती है। टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था। हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।

### 23 मार्च को मैदान पर उतरेंगे पंत, उनकी इच्छाशक्ति जबर्दस्त



**बेंगलुरु, एजेंसी।** ऋषभ पंत को 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना के बाद फिट होने में मदद करने वाले मेडिकल स्टाफ ने उनकी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढता की तारीफ करते हुए कहा है कि थकाऊ रिकवरी प्रक्रिया के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। पंत 23 मार्च को आईपीएल के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे, जिसमें वह मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत ने कहा कि मैं सामान्य होने के करीब महसूस कर रहा हूं। कार दुर्घटना को देखकर यह असंभव लग रहा था कि वह वापसी कर सकेंगे। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के खेल मेडिसिन सेंटर के निदेशक डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला और बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के स्टाफ ने उनकी मदद की।

#### ऐसा लगा नहीं कि पंत बल्लेबाजी कर रहे हैं: आमरे

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि ऋषभ पंत की बल्ले की स्विंग 'पहले की तरह' बनी हुई है और शिविर में उनकी बल्लेबाजी देख कर ऐसा नहीं लगा कि वह 14 महीने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट करार दिया था। आमरे ने कहा कि कोचिंग इकाई और व्यक्तिगत रूप से, उन्हें बल्लेबाजी करते देखना सुखद था। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय बाद बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका बल्ला पहले की तरह ही चल रहा था।

## सात्विक-चिराग ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया

### ऑल इंग्लैंड ओपन

**बर्मिंघम, एजेंसी**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरुआत की।

फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को हराकर अगले दौर में पहुंच गई है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से हार गई।

### कोरिया की एन से यंग से पीवी सिंधू हरीं

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार गई। सिंधू मैच के दौरान अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह सातवीं हार है। कोरियाई खिलाड़ी ने सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने खेल के दौरान आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की, लेकिन यंग ने रैलियों की गति और स्मैश का इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को टक्कर दी, लेकिन दूसरे गेम में वह गलती करती रही। सिंधू शुरुआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किये बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया और 9-6 की बढ़त बनाई।

## बॉलीवुड हलचल

### छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बच्चों का चहेता सुपरहीरो छोटा भीम टीवी के बाद अब बड़े परदे पर नजर आएगा। फिल्म का नाम छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ढ़ोलकपुर को बचाने में दमयान के खिलाफ लड़ाई में भीम की गैंग को जॉइन करें। टीजर की शुरुआत वॉइस ओवर से होती है। ढ़ोलकपुर को दिखाते हुए आवाज आती है कि इस शांति और प्यार भरे ढ़ोलकरपुर राज्य पर कुछ बुरे लोगों की नजर पड़ गई है। इसके बाद ढोलकपुर की शांति तबाही में बदल जाती है। सभी का मानना है कि अब केवल एक ही जाबाज है, जो ढोलकपुर को बचा सकता है। टीजर में सभी किरदारों की एंट्री होती है। फिल्म में अनुपम खेर गुरु शंभु का किरदार निभाते नजर आएंगे। भीम गुरु शंभू और उनकी टीम की मदद से बुराई से लड़ता है। इस फिल्म में यज्ञ भसीन, अनुपम खेर, मकरंद देशपांडे, आश्रय मिश्रा और सुरभि तिवारी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। राजीव चिलका द्वारा निर्देशित और मेघा चिलका द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म छोटा भीम और द कर्स ऑफ दमयान को नीरज विक्रम ने लिखा है। वहीं भरत लक्ष्मीपति के साथ श्रीनिवास चिलकलापुडी द्वारा को-प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म 24 मई 2024 को रिलीज होगी।

## धूम मचा रहा है हिप-हॉप आइकन

### डिवाइन और करण औजला का गाना नथिंग लास्ट्स



**मुंबई, एजेंसी।** हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का गाना 'नथिंग लास्ट्स' धूम मचा रहा है। हिप-हॉप आइकन डिवाइन और करण औजला का एल्बम स्ट्रीट ड्रीम्स अपने सभी सात ट्रैकों के साथ धूम मचा रहा है, खासकर नथिंग लास्ट्स, जो ट्रेंडिंग कर रहा है। करण औजला और डिवाइन द्वारा लिखित और प्रस्तुत और यस प्रूफ और जे ट्रैक द्वारा निर्मित, नथिंग लास्ट्स जोएल डिसूजा (जेडी) द्वारा निर्देशित किया गया है। नथिंग लास्ट की शूटिंग धारावी के आफ्टर स्कूल ऑफ हिप-हॉप में धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के सहयोग से की गई है। नथिंग लास्ट्स का आधिकारिक वीडियो करण औजला के यूट्यूब चैनल पर देखने के लिए उपलब्ध है और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुनने के लिए भी उपलब्ध है। करण औजला ने कहा कि नथिंग लास्ट्स एक बहुत ही खास गाना है और मेरे निजी पसंदीदा में से एक है। धारावी में बच्चों के साथ समय बिताना एक प्यारा अनुभव था, जिसमें जीवन की साधारण खुशियां भी शामिल थीं। इस गीत के माध्यम से हमने अपने जीवन की सीख को साझा किया है कि कुछ भी वास्तव में हमेशा के लिए नहीं रहता है और हमें उन क्षणों को संजोना चाहिए जो हमारे पास हैं और हम जो जीवन जीते हैं उसके लिए आभारी होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि गाना सभी को पसंद आएगा और हमारी भावनाओं को व्यक्त करेगा। डिवाइन ने कहा कि कुछ भी नहीं टिकता अपने सार में जीवन में नश्वरता को उजागर करता है, हम इस दुनिया में कुछ भी नहीं लेकर आते हैं और कुछ भी नहीं लेकर जाते हैं। हम गाने को अब तक मिली प्रतिक्रिया देखकर बहुत खुश हैं और प्यारे बच्चों के साथ वीडियो पर हर किसी की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। हमने उनके साथ सबसे अच्छा समय बिताया। डिवाइन और करण औजला की ओर से रचित स्ट्रीट ड्रीम्स एल्बम में नथिंग लास्ट, टॉप क्लास, स्ट्रेट बैलिन, याद, तारीफां, हिसाब और 100 मिलियन शामिल है।

### अक्षरा का गाना फलनवा के बेटा की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का होली स्पेशल गाना फलनवा के बेटा रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह का होली गीत फलनवा के बेटा, उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और अपनों के साथ होली खेलने का मजा ही कुछ और होता है। ऐसे में जब अपने ही होली में ना आए तो एक शिकायत सी होती है जो इस गाने की थीम है। मैंने उसे अपने गाने में पिरोया है और आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। उम्मीद करती हूं कि आप इस गाने को सुपर डुपर हिट बनाएंगे।

### खुशी और माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' रिलीज हो गया है। होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत को खुशी कक्कर ने गाया है और माही श्रीवास्तव ने इस गाने में अभिनय किया है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि होली आने बस अब कुछ भी समय बाकी रह गया है और होली की धूम अभी से दिखने लगी है। मैं अपने होली गीतों में होली से पहले ही होली का पूरा मजा उठा रही हूँ। मेरे गाने दर्शकों को पसंद आए इसलिए मैं जी तोड़ मेहनत कर रही हूं। मेरे सभी गानों की तरह इस गाने को भी अपना आशीर्वाद दे। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'उजर ओढ़निया रंगनी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, जबकि विकाश यादव ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर विकाश बेदर्दी, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बदहाल हो गई 312 करोड़ से बनी मरहमताबाद हवाई पट्टी

## 2015 में भेवान, मरहमताबाद व बारनपुर कहिंजरी की भूमि पर हुआ था निर्माण

संवाददाता, शिवली


मरहमताबाद हवाई पट्टी पर मवेशियों का बिखरा गोबर व हवाई पट्टी तक उगी झाड़ियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मरहमताबाद गांव में अरबों रुपये की लागत से बनी हवाई पट्टी जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पिछले आठ साल से बदहाली का शिकार होकर रह गई है। जबकि प्रदेश के ही अन्य छोटे-छोटे जिलों में बनी हवाई पट्टी से प्लेन उड़ान भर रहे हैं। देखरेख व संचालन न होने के कारण हवाई पट्टी केवल चरवाहों के गाय और भैंस चराने के काम ही आ रही है।

जनपद की इकलौती हवाई पट्टी का प्रस्ताव वर्ष 2014 में समाजवादी पार्टी की सरकार में पास हुआ था। वर्ष 2015 में करीब 3.12 अरब रुपये की लागत से कार्यदाई संस्था राइट्स लिमिटेड ने हवाई पट्टी का निर्माण शिवली क्षेत्र के भेवान, मरहमताबाद व बारनपुर कहिंजरी के क्षेत्रों को मिलाकर किया गया था। करीब तीन किलोमीटर लंबी व तीन सौ मीटर चौड़ी हवाई पट्टी का काम वर्ष 2017 में पूरा हो गया था। वर्ष 2018 में नागरिक उड्डयन विभाग की ओर से हवाई पट्टी पर राजकीय विमान उतारकर टेस्टिंग की गई थी।

अप्रैल 2022 में नागरिक उड्डयन विभाग की ओर से प्रशासनिक अफसरों के साथ टीम बनाकर हवाई पट्टी पर विमान की लैंडिंग कर स्थिति जांची गई थी। कुछ कमियां मिलने पर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद इसमें अभी तक कोई सुधार नहीं हो सका है और न ही वहां कोई सुरक्षा के इंतजाम है। वर्तमान में मरहमताबाद हवाई पट्टी की देखरेख का जिम्मा जिला प्रशासन के पास है, लेकिन वहां किसी कर्मचारी की तैनाती नहीं है। ऐसे में छुट्टा मवेशी पूरे दिन वहां घूमते हैं और रन-वे पर गोबर फैला रहता है। जिससे हवाई पट्टी बदहाल हो गई है। जबकि पिछले दिनों चित्रकूट, मुरादाबाद, आजमगढ़ जैसे जिलों में बनी हवाई पट्टी से प्लेनों का उड़ान भी शुरू कर दी गई है।

### क्षेत्र के तीन मंत्री होने के बाद भी कोई ध्यान नहीं

कानपुर देहात जिले का प्रतिनिधित्व प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक है। बता दें कि जालौन-गरौठा लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद भानुप्रताप वर्मा केंद्रीय राज्यमंत्री हैं। जबकि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का आश्रम भी मूसानगर में हैं। इसी तरह भोगनीपुर विधायक राकेश सचान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। अकबरपुर-रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला व सिकंदरा विधायक अजीत पाल सिंह भी प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं। इसके बाद भी हवाई पट्टी संचालन का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

### धरी रह गई हवाई पट्टी लीज पर देने की कवायद

वर्ष 2022 में नागरिक उड्डयन विभाग के अपर निदेशक विष्णु भूषण की देखरेख में सात सदस्यीय टीम ने मरहमताबाद हवाई पट्टी पहुंच कर निरीक्षण किया था। साथ ही कमियां दूर कर कर उसको लीज पर देने की बात कही थी। इसके बाद कुछ दिन तक कवायद तेज हो गई थी, लेकिन धीरे धीरे इसको ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। तब से मामला अधर में ही लटका हुआ है।

### पूर्व सीएम ने बदहाली पर डेढ़ साल पहले कसा था तंज

महरमताबाद में अरबों रुपये की लागत से बनी हवाई पट्टी की बदहाली पर सितंबर 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर व्यंग किया था। सपा प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए ट्वीट कर लिखा था कि भाजपा सरकार ऐसे विकास के लिए थैंक्यू के बोर्ड कब लगवा रही है।

हवाई पट्टी का समय-समय पर पुलिस के साथ औचक निरीक्षण किया जाता है। ग्रामीणों ने जो रास्ता खोला है। उसे बंद कराया जाएगा। मवेशी चराते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल चौधरी
नायब तहसीलदार मैथा


हवाई पट्टी बनने से कानपुर देहात समेत आसपास के जिलों में भी विकास की संभावनाएं बढ़ी थी। हालांकि आठ साल से हवाई पट्टी का संचालन शुरू नहीं हो सका है। अरबों रुपये खर्च होने के बाद भी वह किसी काम में नहीं आ रही है।

-अनुराग शुक्ला शिवली


हवाई पट्टी बनने के बाद अधिकारियों ने कई राउंड में टेस्टिंग भी कर ली थी। इसके बाद भी संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका। करीब दो साल पहले विमान लैंडिंग के दौरान फिर कुछ खामियां पाई गई, जो अब तक दूर नहीं हो सकी हैं।

-सौरभ दीप तिवारी निवासी शिवली


हवाई पट्टी बनने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलने की आस जगी थी। संचालन न होने से हवाई पट्टी मवेशियों का डेरा बनकर रह गई है। मौजूदा समय में देखरेख न होने के कारण हवाई पट्टी बदहाल हालत में पड़ी है।

-रामू वर्मा ग्राम प्रधान भेवान


हवाई पट्टी का संचालन न होने से लोग वहां मवेशी चराते हैं। पूर्व में इस पर रोक लगाई गई थी। कुछ दिन बाद हालात फिर से जस के तस हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने हवाई पट्टी से होकर आवागमन का आम रास्ता बना लिया है।

-दयालु शुक्ला निवासी मवैया

# रोजा करेगा बंदे की खुदा से सिफारिश

संवाददाता राजपुर


रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रमजान के पाक महीने में रोजदार रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। रमजान रहमतों का महीना है। गुरुवार को मुकद्दस रमजान के तीसरे रोज़े पर रोजदारों ने पांच वक्त की पाबंदी से नमाज अदा की और रोजा रखकर मुल्क की बेहतरी के लिए दुआ मांगी।

सिकंदरा, राजपुर, जल्लापुर, सटटी, रमऊ, अफसरिया समेत क्षेत्र की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग रोजे की हालत में इबादत करने में जुटे रहे। नौजवानों के अलावा बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी रोजा रखकर खुदा से गुनाहों से पनाह मांग रहे हैं। मुकद्दस रमजान की अहमियत पर रोशनी डालते हुए राजपुर की नई जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना अनीसुर्रहमान ने बताया कि रोजा बुरे कामों से बचाकर रोजदार को नेक रास्ते पर ले जाने का जरिया है। रोजा इबादत ही नहीं, बल्कि इबादत की रूह है। जो मुसलमान बिना किसी ठोस वजह के रोजा छोड़ता है। वह बड़ा गुनाहगार है।

- तीसरे रोजे पर रोजदारों ने अदा की पांच वक्त की नमाज

उन्होंने कहा कि नवी का फरमान है कि रोजा और कुरान कयामत के दिन बंदे की अल्लाह से सिफारिश करेंगे। रोजा कहेगा ऐ मेरे रब मैंने उसे दिन में खाने-पीने और शहवत के काम से रोका। लिहाजा बंदे की शफाअत कबूल फरमा। कुरान कहेगा कि ऐ मेरे रब मैंने उसे रात में सोने से रोका था। लिहाजा उसकी सिफारिश कुबूल फरमा। अल्लाह के रसूल ने फ़रमाया कि खुदा रोजा और कुरान की सिफारिश कुबूल करेंगे। मौलाना मोहम्मद तारिक कासमी बताते हैं कि रमजान के रोज़े अल्लाह की नेमत और रहमत लूटने का महीना है। इसमे अल्लाह अपने बंदों की हर खता को माफ कर जन्नत के दरवाजे खोल देता है। रमजान में पाबंदी से रोजा नमाज और तरावीह के अलावा खुदा की इबादत करना फर्ज है।

## टीकाकरण करने में लापरवाही पर पांच एएनएम को चेतावनी

**राजपुर।** पीएचसी प्रभारी ने कार्यालय सभागार में एएनएम के साथ बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियांवयन में हुई प्रगति की समीक्षा की। टीकाकरण में लापरवाही मिलने पर पांच एएनएम को नोटिस जारी कर कार्य में सुधार लाने की चेतावनी दी गई है।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में कुल 25 एएनएम की तैनाती है। शासन के निर्देश पर शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य महकमे के अफसर नियमित बैठक कर जोर दे रहे हैं। इसके बावजूद टीकाकरण में कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। गुरुवार को राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने सभी एएनएम के साथ बैठक कर टीकाकरण की प्रगति देखी। ऊमरपुर, मिरगांव, बैजामऊ, अनवा व गौहानी के उपकेंद्रों की समीक्षा में लक्ष्य से कम टीकाकरण होने पर प्रभारी ने संबंधित एएनएम को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

# 10 इंस्पेक्टर व 13 उपनिरीक्षकों की तैनाती में किया गया बदलाव

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पूर्व जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने दस इंस्पेक्टर व तेरह उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर शिवनारायण सिंह को थाना प्रभारी रूरा, शिवली कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह को थाना प्रभारी मंगलपुर, संजय कुमार गुप्ता को पुलिस लाइन से शिवली कोतवाल, थाना प्रभारी मूसानगर अमरेंद्र बहादुर सिंह को अपराध शाखा, थाना प्रभारी मंगलपुर जनार्दन प्रताप सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू, थाना प्रभारी राजपुर अजय कुमार पाठक को प्रभारी अपराध शाखा बनाया है। इसी क्रम में प्रभारी एएचटीयू सुरजीत कुमार पाल को निरीक्षक अपराध थाना रूरा, संजेश कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी आईजीआरएस/सीसीटीएनएस, अखिलेश जायसवाल को पुलिस लाइन से अकबरपुर कोतवाली में अपराध निरीक्षक व पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह यादव को चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह चौकी प्रभारी मैथा प्रभात कुमार को थानाध्यक्ष राजपुर, चौकी प्रभारी झींझक दिनेश गौतम को थानाध्यक्ष मूसानगर, थानाध्यक्ष रूरा देवनारायण द्विवेदी को एसएसआई थाना रसूलाबाद, एसआई जितेंद्र तिवारी को कोतवाली भोगनीपुर से चौकी प्रभारी मैथा, चौकी प्रभारी दस्तमपुर शोभित कटियार को चौकी प्रभारी अमरौधा, चौकी प्रभारी अमरौधा कौशल कुमार को चौकी प्रभारी संदलपुर भेजा गया है। एसआई अनिलेश कुमार को शिवली कोतवाली से चौकी प्रभारी दस्तमपुर में तैनाती दी गई है।

- लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस महकमे में दौड़ी तबादला एक्सप्रेस

वहीं अनुज अवस्थी को एसएसआई थाना रसूलाबाद चौकी प्रभारी झींझक, प्रभारी आईजीआरएस/सीसीटीएनएस संजीव कुमार को एसएसआई थाना रूरा, श्रीराम पटेल को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी औनहां, एसआई श्रीराम को पुलिस लाइन से अकबरपुर कोतवाली, चौकी प्रभारी औनहां करवेंद्र सिंह को कोतवाली अकबरपुर व चौकी प्रभारी संदलपुर अवनीश वर्मा को कोतवाली भोगनीपुर में तैनात किया गया है। एसपी को सभी को तत्काल स्थानांतरित जगहों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रेमी के घर पर प्रेमिका ने किया हंगामा, खाया जहर

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** प्रेमी के दूसरी शादी करने की जानकारी पर पहुंची प्रेमिका ने घर में जमकर हंगामा काटा और जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उसे सिकंदरा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

कस्बा सिकंदरा निवासी एक युवक का करीब छह साल पहले कानपुर के किदवई नगर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के अनुसार एक वर्ष पूर्व उसने मंदिर में प्रेमी के साथ शादी रचाई थी। और दोनो अलग-अलग रहने लगे। इसी बीच प्रेमी ने चुपके से दूसरी शादी कर ली। जानकारी पर प्रेमिका ने थाने गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। बुधवार शाम सिकंदरा में प्रेमी के घर जा पहुंची। घर का दरवाजा खुला मिलने वह छत पर चढ़ गई और हंगामा काटा।

## विवाहिता व दो बेटियों की गुमशुदगी दर्ज

**राजपुर।** कस्बे के मुखर्जीनगर निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीती 3 फरवरी को उसकी पत्नी सविता अपने साथ दो जुड़वां बेटी सुष्मिता व अर्मिता के साथ मायके पुखरायां कह कर चली गई। वह अपने साथ कुछ रुपये व सोने-चांदी के आभूषण भी ले गई थी, लेकिन पत्नी व दोनों बेटियां घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया कि उसके घर राजपुर कस्बा में फफूंद व अमरौधा से तीन लोगों पर शक जताया है।

# चोरी गई ट्राली बरामद, पांच गिरफ्तार

संवाददाता रूरा


पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आयरन स्टोर पर बनने आई नगर पंचायत की ट्राली चोरी के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा है। साथ ही चोरी गई ट्राली भी भंवरपुर गांव से बरामद कर ली।

कस्बे में बीते बुधवार को एक आयरन स्टोर पर नगर पंचायत की ट्राली बनने के लिए आई थी। जिसे रात में चोरों ने पार कर दिया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को थाना पुलिस ने ट्राली समेत पांच चोरों को भंवरपुर गांव से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को अपना नाम हर्ष निषाद, आनंद सिंह तोमर, उदित नारायण निवासी भंवरपुर रूरा, प्रशांत त्रिपाठी व विकास कुमार निवासी गोसाईपुरवा भंवरपुर रूरा बताया है।

जान कीमती है | स्कूली बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली, दुर्घटना में मदद करने का दिलाया संकल्प

# ट्रैफिक नियम पालन कर दूसरों की भी बचाएं जान

संवाददाता राजपुर



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं एआरटीओ प्रवर्तन सोमलता यादव।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कस्बे के न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया और बाइक सवारों को हेलमेट वितरित किए गए।

गुरुवार को कस्बे के न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर इंग्लिश मीडियम स्कूल में मुख्य अतिथि एआरटीओ प्रवर्तन सोमलता यादव को सड़क सुरक्षा पट्टिका व आभार पत्र देकर प्रबंधक महादेव सिंह चौहान व संरक्षिका सोमवती सिंह चौहान ने सम्मानित किया। एआरटीओ ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रैली को रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर मुगल मार्ग होते हुए वापस आई। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में सड़क सुरक्षा संबंधित स्लोगन के साथ हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

इस मौके पर एआरटीओ ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

रैली में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प भी दिलाया गया। अधिकतर मार्ग दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के दौरान होती हैं। इस मौके पर बीईओ संजय कुमार गुप्ता, विद्यालय कार्यकारिणी अध्यक्ष एसके सिंह, प्रधानाचार्य अतुल तिवारी, प्रधानाचार्य अजय पाल सिंह, अनुशासन प्रमुख रामदास सिंह, बाबू अभिषेक कुमार, अमरदीप कुलश्रेष्ठ, शादाब खां, निशांत, दिव्यम सक्सेना, अंकिता यादव, भावना द्विवेदी, मानसी दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### यह बात जरूर रखें ध्यान

- दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए
- शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट बांधें
- वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल पर बातचीत न करें
- नाबालिग बच्चों को कभी कोई वाहन न दें, न चलाने को प्रेरित करें

## 'सही मायने में अधिवक्ता ही समाज के सच्चे सेवक'

**कानपुर देहात।** विधि व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे नए अधिवक्ताओं को कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता जहां एक ओर अपने सानिध्य में लेकर उनका स्वागत कर रहे हैं। वहीं वकालत पेशे से जुड़ी जिम्मेदारियों से उन्हें रूबरू करवा रहे हैं।

जनपद में कचहरी का निर्माण पूरा हो जाने के बाद अदालतों के संचालन की शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी। शुरुआती दौर में कचहरी में अधिवक्ताओं की संख्या कम थी। ज्यादातर अधिवक्ताओं का कानपुर नगर से आना जाना था। कुछ समय बाद तहसील में वकालत कर रहे अधिवक्ताओं के साथ ही क्षेत्रीय नवयुवकों का भी जिला अदालत में विधि व्यवसाय के प्रति रुझान बढ़ा। अब लगातार नए-नए चेहरे वकालत क्षेत्र में नजर आ रहे हैं। गुरुवार को वरिष्ठ अधिवक्ता सीपी शुक्ला के अधीन विधि व्यवसाय की शुरुआत करने आए थनवापुर निवासी नवागत अधिवक्ता विवेक त्रिपाठी को वरिष्ठ अधिवक्ता ने बैंड बांधकर वकालत क्षेत्र में कामयाब होने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वकालत एक ऐसा पेशा है, जो समाजसेवा से जुड़ा हुआ है। सही मायने में अधिवक्ता सच्चा समाजसेवी है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार बाजपेई, पवनेश कुमार शुक्ला, गोविंद, महेश कुमार यादव, विनोद यादव, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

हेलो डाक्टर
आँखो से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
आँखो से धुँधला दिखना, आँखो से पानी आना, आँखो का लाल हो जाना, आँखो में दर्द बने रहना और मोतियाबिंद जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नेत्र रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ0 सुजाता गुप्ता से करें सवाल।

दिनांक 15 मार्च दिन शुक्रवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा 20 से, कोई छात्र फेल नहीं होगा

## पहले 16 मार्च से शुरू होनी थी परीक्षाएं, दो दिन पहले विभाग ने टाइम-टेबल बदला

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**1925** परिषदीय विद्यालयों के पौने दो लाख बच्चे शामिल होंगे

**31** मार्च को परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाएगा



**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू होंगी। जिसमे जिले के 1925 परिषदीय विद्यालयों के करीब पौने दो लाख बच्चे शामिल होंगे। विभाग की ओर से परीक्षा आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। पहले यह परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होनी थी, लेकिन दो दिन पहले टाइम-टेबल बदल दिया गया।

परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक से आठ की वार्षिक परीक्षाएं 20 से 27 मार्च के बीच होंगी। पूरी परीक्षा 50 अंक की होगी। इसके लिए जिला स्तर पर डायट के माध्यम से पेपर तैयार किए गए हैं। पेपर में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। शासन ने इसके लिए पूर्व में मॉडल पेपर भी जारी कर दिए थे। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा सिर्फ मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 50-50 फीसदी होंगे। कक्षा चार-पांच में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 30-70 फीसदी होंगे। कक्षा छह से आठ की परीक्षा सिर्फ लिखित ही होगी। इसमें पूरे नंबर लिखित परीक्षा के ही दिए जाएंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बीएसए को निर्देश दिया है कि लिखित परीक्षा ढाई घंटे की होगी। मौखिक परीक्षा की अवधि प्रधानाध्यापक आवश्यकतानुसार तय करेंगे।

कक्षा सात तक की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन विद्यालय के ही शिक्षक करेंगे। जबकि कक्षा आठ की कापियों का मूल्यांकन विकासखंड स्तर पर अन्य संकुल के शिक्षकों से कराया जाएगा। मूल्यांकन कार्य परीक्षा के साथ ही शुरू कर दिया जाएगा और 31 मार्च को परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि कक्षा एक से आठ के किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाएगा। वार्षिक परीक्षाफल जारी करने के समय छात्र-अभिभावकों की बैठक होगी। इसमें उन्हें मूल्यांकन की गई कॉपियां दिखाई जाएंगी और इसके बाद उन्हें रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। शुचितापूर्ण वार्षिक परीक्षा के लिए प्रधानाध्यापक, बीईओ व बीएसए जिम्मेदार होंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में परीक्षा कराने की तैयारियां पूरी हैं।

### अभिभावकों को बच्चों की कॉपियां दिखाई जाएं

बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-24 में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के आधार पर प्रगति पत्र वितरित किया जाएगा। सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रिपोर्ट कार्ड वितरण के दिन अभिभावकों को भी स्कूल बुलाया जाए और उन्हें बच्चों की कॉपियां दिखाई जाएं। कक्षा एक से आठ तक के सभी बच्चों को पास कर दिया जाए। प्रत्येक बच्चे के रिपोर्ट कार्ड के लिए दो रुपये दिए गए हैं। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि विकास खंड स्तर पर प्रगति पत्र का मुद्रण एवं वितरण खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं।

# किशोरी और युवक ने फंदा लगा कर दी जान

संवाददाता संदलपुर/रसूलाबाद

- डेरापुर के बहिरी ऊमरी व रसूलाबाद के रसवल रावत गांव में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** डेरापुर व रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांवों में एक किशोरी व युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

डेरापुर थाना क्षेत्र के बहिरी ऊमरी गांव निवासी शिल्पी (16) ने बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर खड़े पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी पिर आस पड़ोस के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इसी तरह रसूलाबाद थाना क्षेत्र के रसवल रावत गांव निवासी पुत्ती लाल के बेटे गुड्डू (22) ने बुधवार रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के बरामदे के कुंडे में दुपट्टे का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी योगेश लता, मां ज्ञानवती, भाई प्रमोद समेत अन्य का रो-रोकर हाल बेहाल था।



गुड्डू।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



दिव्यांग महिला को ट्राईसाइकिल देने के बाद माला पहनातीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

### सीडीओ ने दिव्यांगों को बांटी ट्राईसाइकिल और बैशाखी

**कानपुर देहात।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजना अंतर्गत ट्राईसाइकिल का वितरण गुरुवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. ने विकास भवन परिसर में किया। इस दौरान मानिक चंद्र, शिव सिंह, रंजना, सीमा देवी, अंशू बाबू, राकेश कुमार सहित 45 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल व पांच दिव्यांगों को बैशाखी का वितरण किया गया। इस मौके पर डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीआईओ विकास गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बीआरसी में हुई जूनियर बच्चों की विज्ञान-गणित परीक्षा

**रसूलाबाद।** बीआरसी में विज्ञान-गणित परीक्षा व न्याय पंचायत वित्त का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर स्तर के 21 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसका उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकालकर सरकार के अभियान निपुण को प्राप्त करना है। खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह के निर्देश पर गुरुवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत स्तरीय इस परीक्षा में कक्षा छह के एक बच्चे, कक्षा सात के दो व कक्षा आठ के तीन बच्चों को चिंहित किया गया है। सभी को ब्लॉक स्तरीय परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा। जिसमे मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर नोडल शिक्षक अख्तर हुसैन, गुलजार जाफरी, सहायक अध्यापक वंदना मिश्रा, बालकिशन, राम बहादुर, हेमराज मिश्रा, अक्षय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



विज्ञान-गणित परीक्षा देते जूनियर स्कूल के बच्चे।

### फौजी के घर से तीन लाख रुपये का माल पार

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मोहा गांव से अज्ञात चोरों ने दो लाख रुपये के जेवरात व पचास हजार की नगदी पार कर दी। मोहा निवासी संग्राम सिंह ने बताया कि बुधवार रात घर के सभी लोग सो रहे थे। तभी रात में चोरों ने धावा बोल कर करीब तीन लाख रुपये की नगदी व जेवरात पार कर दिए। गुरुवार सुबह परिजनों को घर के अंदर कमरे का ताला टूटा मिला। जब अंदर जाकर देखा तो अलमारी और बक्से का ताला टूटा था। साथ ही दो बक्से गायब भी थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। थाना प्रभारी ने बताया कि दो बक्से कारी करवारी गांव के पास पड़े मिले थे। चोरों की तलाश की जा रही है।

### झगड़े के बाद युवक ने जहर खाकर दी जान

**रसूलाबाद।** उसरी निवासी युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मित्रसेनपुर कहिंजरी का मजरा उसरी निवासी सागर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता परमात्मा (40) शराब के आदी थे। किसी बात को लेकर उसका मां किरन से झगड़ा हो गया और नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उनकी मौत हो गई। उसने सूचना पुलिस को दी। मौत पर पत्नी किरन देवी, पुत्र सागर, शिवा, आयुष, पुत्री राधा का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संदलपुर।** डेरापुर थाना क्षेत्र के कांधी गांव में अधेड़ ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कांधी गांव में रहने वाले अवधेश उर्फ राजू (52) ने गुरुवार देर शाम गांव के ही बाबूराम के खेत पर खड़े आम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पत्नी सुनीता देवी व बेटी तनु व तान्या रोने बिलखने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अमरेंद्र ने शव को नीचे उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बीआरसी में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव मनाया

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** संदलपुर के बीआरसी सभागार में बेसिक शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम किया। उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने किया।

गुरुवार को कार्यक्रम में विकासखंड की न्याय पंचायतों से 5-5 निपुण छात्र, उनके अभिभावक, को-लोकेटेड आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता, नोडल शिक्षक, सुपरवाइजरों ने प्रतिभाग किया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राहुल तिवारी उर्फ मीनू तिवारी व खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने सभी अभिभावकों से नियमित बच्चों को विद्यालय भेजने की शपथ दिलाई। नोडल प्रभारी एआरपी गौरव राजपूत व समीम खान ने कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रगति के बारे में बताया। सभी निपुण बच्चों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। सीडीपीओ विनय कुमारी, संजीव शर्मा, प्रधानाचार्य रमजान शाह, वीरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, रामाकांती, रोली रहीं।



प्रशस्ति पत्र देते ब्लाक प्रमुख मीनू तिवारी।

# इरफान के खिलाफ आगजनी कांड में फैसला अब 19 को

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध आगजनी कांड मामले में फैसला गुरुवार को टल गया। अब 19 मार्च को फैसला सुनाया जा सकता है। फैसला टलने का कारण जमानत पर दो आरोपियों की ओर से जमानत बांड कोर्ट में दाखिल नहीं होना रहा। सुनवाई के दौरान इरफान के भाई रिजवान, शौकत अली, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ कोर्ट में पेश हुए, जबकि महाराजगंज जेल में बंद विधायक इरफान सोलंकी वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल हुए। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में अगली तिथि 19 मार्च को निर्धारित करते हुए इरफान को उस दिन कोर्ट में तलब किया है।

# जिनई में अमृत सरोवर बनकर तैयार

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बनीपारा जिनई ग्राम पंचायत में ब्लॉक झींझक का पहला अमृत सरोवर बनकर तैयार हो चुका है। जिसका लोकार्पण मुख्य विकास अधिकारी होली के बाद करेंगी।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लिए गए संकल्पों में प्रदेश के हर जिले में अमृत सरोवर बनाए जाने हैं। जिसके क्रम में झींझक विकासखंड के गांवों में 22 अमृत सरोवर बनाए जाने थे। जिसमे पहला अमृत सरोवर जिनई ग्राम पंचायत में बनकर तैयार हो चुका है।

प्रधान प्रनिधि शत्रुघ्न सेंगर ने बताया कि यह अमृत सरोवर करीब 16 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। सरोवर की सुंदरता आसपास के क्षेत्र में चार चांद लगा रही है। सरोवर के पास ही प्राचीन बाणेश्वर महादेव मंदिर भी स्थित है और इन दिनों वहां मेला भी चल रहा है। जहां आने वाले लोग मंदिर में दर्शन कर सरोवर का भ्रमण करते है।

उन्होंने बताया कि अब यह सरोवर ग्रामीण पर्यटन स्थल का केंद्र बन चुका है। अमृत सरोवर कार्य जनवरी में शुरू हुआ था। करीब 2 माह 10 दिन में इसे बनाकर तैयार किया गया है। क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत निधि से सरोवर की राइटिंग वाल, चाहर दिवारी, ग्राम एरिया, इंटर लॉकिंग एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ग्राम प्रधान चंद्रभान पाल ने बताया कि होली पर्व के बाद सीडीओ लक्ष्मी एन. सरोवर का लोकापर्ण करेंगी।




जिनई में बनाया गया झींझक ब्लाक का पहला अमृत सरोवर। अमृत विचार

- 16 लाख रुपये से बना अमृत सरोवर, होली बाद सीडीओ करेंगी लोकार्पण

# रसूलाबाद आगमन पर बसपा प्रत्याशी का किया गया स्वागत

संवाददाता रसूलाबाद

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी अकील अहमद पट्टा को बहुजन समाज पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। टिकट घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं ने उनका जगह-जगह स्वागत किया।

बुधवार की देर शाम कस्बा रसूलाबाद के आंबेडकर पार्क में बसपा नेता अकील अहमद पट्टा का कार्यकर्ताओं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। बसपा प्रत्याशी अकील अहमद पट्टा ने कहा कि पार्टी ने विश्वास जता कर उन्हें कन्नौज लोकसभा सीट से टिकट देने की घोषणा की है।

जिस पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सिंकू शंखबार, सोबरन दोहरे, मुश्ताक कुरैशी, हरिश्चंद्र दोहरे, श्याम लाल बौद्ध, भूला कुरैसी, रामपाल दोहरे, शिवसिंह, रविभद्र, रवि दोहरे सुड्डू, इदरीशी, दिलशाद खान, मारूफ खान, आनंद संखवार, अभय राज गौतम, कुलदीप संखवार, छोटे लल्ला, महमूद, यशीन सिद्दीकी समेत सैकड़ों बसपाई मौजूद रहे।



बसपा प्रत्याशी अकील अहमद का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# छोटी आंत की जांच में बहुत कारगर होती ब्लोन इंडोस्कोपी

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कालेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डाक्टरों ने पेट रोगियों के लिए एक जांच विधि और इंडोस्कोपी मशीन की इजात की है जो छोटी आंत में छुपे रोगों का पता लगा सकेगी। ब्लोन इंडोस्कोपी नामक इस आधुनिक मशीन से एक मरीज की सफल जांच और आपरेशन किया जा सकेगा। अब इस विधि से पेट के गंभीर रोगियों के इलाज में आसानी होगी।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की विशेष जांच, उपचार की सफलता और प्रयोग करने वाले गैस्ट्रो इंटरोलाजी डॉ. विनय कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी में यह पहली जांच विधि है, जिससे मरीज के इलाज में आसानी होगी।

# हवन में आहुति देने के बाद किया गया भंडारा



भंडारे में प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के ग्राम दशरौरा में चल रही भागवत कथा गुरुवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन मिश्रा परिवार की ओर से करवाया गया था। कथा व्यास आचार्य चन्द्रेश महाराज ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। चन्द्रेश महाराज ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। भगवान को लगे भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन पर विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया।

धर्म-अध्यात्म

वृंदावन से आई कथावाचिका साध्वी विशाखा सखी ने मंडी समिति में कथा सुनाई

# सच्चा मित्र वही है जो बुरे समय में साथ दे

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** गरीब को एक रोटी का टुकड़ा खिलाने से मानव को स्वर्ग के द्वार तक ले जाता है। मानव व हर इंसान को माता व गोमाता की सेवा करनी चाहिए। इससे कभी भी घर में दरिद्रता नहीं आती।



कथा सुनातीं साध्वी विशाखा सखी।

यह बात वृंदावन धाम से आई कथावाचिका साध्वी विशाखा सखी ने गुरुवार को मंडी समिति पुखरायां में श्रीकृष्ण-सुदामा कथा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण व सुदामा एक साथ पढ़ते थे। एक दिन सुदामा ने चोरी से श्रीकृष्ण के हक के चावल खा लिए। उन्होंने श्री कृष्ण से कपट किया था। इस कारण सुदामा के घर में दरिद्रता आ गई। जिसपर सुदामा की पत्नी सुशीला ने कहा कि श्रीकृष्णा द्वारकाधीश हैं। जाकर उनसे कुछ फरियाद करो। ताकि गरीबी दूर हो सके। लेकिन सुदामा धनवान थे और उनकी पत्नी निर्धन। साध्वी ने कहा कि पति-पत्नी जब एक साथ रहते तो धनवान-निर्धन का प्रश्न कहां से आ गया। सुदामा जी इसलिए धनवान थे क्योंकि उनके पास श्रीकृष्ण रूपी धन था। सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर द्वारकापुरी पहुंचे। जहां पर श्रीकृष्ण सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पैर द्वार पर आ गए और आंसुओं से चरण धोए। श्रीकृष्ण ने सुदामा को वह सब कुछ दिया, जिसकी सुदामा जी को कल्पना भी नहीं थी। इसलिए सच्चा मित्र वही होता है जो मित्र के बुरे समय में साथ दे। भगवान ने गरीब सुदामा को अपनी मित्रता निभाकर समाज को एक नई शिक्षा दी है। आकाश, करण अवस्थी, अजय सेंगर, सोनू यादव, आलोक श्रीवास्तव, कैलाश यादव, सुधा यादव, महावीर, मनीष रहे।



कथा सुनने के लिए महिला श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। अमृत विचार

# पशुपालन से भी दोगुनी हो सकती किसानों की आय

**कानपुर।** किसानों की आय खेती के अलावा पशुपालन से भी दोगुनी हो सकती है। इसी कारण लगातार प्रदेश के जिलों का भ्रमण व समीक्षा बैठक की जा रही है। देशी गाय का दूध अमृत के समान होता है, लेकिन यह गायें कम दूध देती हैं। यहीं वजह है कि नस्ल सुधार पर ज्यादा जोर है। इसी संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यह बात गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कही।

सर्किट हाउस सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि पशुपालन विभाग समाज से जुड़ाव रखने वाला विभाग है। पशुओं की सेवा हमारा धर्म भी है, लेकिन केवल निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने तक ही सीमित नहीं रहना है। किसानों को व्यापक स्तर पर पशुपालन से जोड़ा जाना है। इससे भी किसान की आय में वृद्धि होगी। किसानों की आय दोगुनी करने का हमारा प्रयास है। पशुपालन विभाग की योजनाओं का किसानों को लाभ दिलाएं। गोवंश शतप्रतिशत संरक्षित किया जाए। गोवंश का भरणपोषण व देखभाल ठीक से हो।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना
सूचित हो कि मेरे बड़े पुत्र निजामुद्दीन व उसकी पत्नी नाजरीन का चाल चलन ठीक नहीं है। आये दिन हमसे मारपीट कर परेशान करते हैं। वह शराबी व जुआरी है। इस के चलते वह पूरे परिवार को धमकी देता है। इसी के चलते मैने व मेरे परिवार ने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद कर लिया है। उन दोनों की ओर से किये गये किसी भी अच्छे या गलत कार्य के लिये वह खुद जिम्मेदार होगा। **कुतुबुद्दीन पुत्र अजिज मोहम्मद निवासी अनन्दीपुर्वा मौजा खुर्रमपुर थाना व जिला कन्नौज।**

### गुमशुदा
मेरा पुत्र प्रमोद कुमार दिनांक 21-12-2023 की शाम से घर मे बिना कुछ बताए लापता हो गया है। उसकी उम्र 30 वर्ष, रंग गोरा, कद 5 फीट है। काफी खोजने के बाद भी उसका कोई पता नही चला सका। उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। यदि किसी सज्जन को उसका कोई पता या जानकारी मिले तो कृपया सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को पांच हजार नकद इनाम दिया जाएगा। **नौमीलाल, निवासी- मोहल्ला गुठवनपुरवा वार्ड डड़ियामऊ. नगर पंचायत व तहसील फतेहपुर। जिला बाराबंकी, फोन नं0- 8090836042**



### सूचना
मैं तारा दत्त अपने पुत्र जगदीश चन्द्र के आर्मी नं.-4193644 X, ग्राम-बमोरा, पो.ओ. बौडा मेहता, जिला-चम्पावत, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम TARA DATT दर्ज है जबकि मेरा सही नाम TARA DUTT है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में TARA DUTT दर्ज किया जाये।

### सूचना
सूचित हो कि मैं **जोगा सिंह अपने पुत्र बिरेन्द्र सिंह मलडा के आर्मी नं. -4199072X ग्राम-मण्डलसेरा, पो. ओ. मण्डलसेरा, जिला-बागेश्वर, उत्तराखण्ड,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम जोगा सिंह मलडा दर्ज है जबकि मेरा सही नाम जोगा सिंह है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में जोगा सिंह दर्ज किया जाये।

### सूचना
सूचित हो कि मै **अनिल कुमार पुत्र चेतराम, निवासी- मोहल्ला- सुभाष नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील- छिबरामऊ, जनपद कन्नौज,** मौजा स्थित खेड़ा जगदीशपुर की गाटा संख्या 568 आराजी 121.5 वर्गमीटर मेरे नाम पर दर्ज है। मेरे विक्रेता चन्द्रकान्त पुत्र राधाचरण, निवासी- लोहिया नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज के नाम नगर पंचायत सिकन्दरपुर जिला कन्नौज में दर्ज है. उनका नाम पृथक करके मेरा नाम अंकित कर लिया जाये।

## कानपुर विकास प्राधिकरण
का0वि0प्रा0

### कानपुर विकास प्राधिकरण में निष्प्रयोज्य वाहनों की ई-नीलामी की सूचना
कानपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यालय परिसर में खड़े निष्प्रयोज्य हो चुके 08 वाहनों 1.यू0पी0 78 बी0एफ0 5555 एम्बेसडर, 2.यू0पी0 78 ए0जेड0 3333 एम्बेसडर, 3.यू0पी0 78 ए0जेड0 5555 एम्बेसडर, 4.यू0पी0 78 ए0ऐम0 1001 जीप फाग मशीन, 5.यू0पी0 78 बी0एफ0 0500 जिप्सी, 6.यू0पी0 78 के0 8658 जिप्सी, 7.यू0पी0 78 सी0जे0 1111 एम्बेसडर, 8.यू0पी0 78 बी0जेड0 5555 एम्बेसडर, की नीलामी ई-नीलामी के माध्यम से की जानी है। इस हेतु आवेदकों का प्राधिकरण की बेबसाइट www.kdaindia.co.in पर उपलब्ध ई-ऑक्शन के लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा रजिस्ट्रेशन करने तथा निर्धारित पंजीकरण धनराशि जमा कराने के पश्चात् आवेदक घर से अथवा अन्य कहीं से भी कम्प्यूटर अथवा मोबाइल से बोली लगा सकता है। प्राधिकरण द्वारा आवेदकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एक Kanpur development authority नाम से मोबाइल एप भी तैयार किया गया जिसे आवेदक Google play store से डाउनलोड कर ई-नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है।

नीलामी/बिडिंग प्रारम्भ दिनांक व समयः- 16.03.24 प्रातः 11:00
नीलामी/बिडिंग अन्तिम दिनांक व समयः- 31.03.24 अपरान्ह 05:00
नीलामी/बिडिंग घोषित दिनांक व समयः- 01.04.24 अपरान्ह 01:00

| कार्य का विवरण | जमानत धनराशि |
|---|---|
| कानपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यालय परिसर में खड़े निष्प्रयोज्य हो चुके 08 वाहनों की ई-नीलामी | रु0 10,000.00 |

**आवंटन के मुख्य नियम व शर्तेः-** 1.ई-नीलामी की मुख्य शर्तें कानपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2.ई-नीलामी की स्वीकृति/अस्वीकृति का सम्पूर्ण अधिकार उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

अमनदीप तिवारी
(केयर टेकर)

HELPLINE : 2556292, 2557853• Website: www.kdaindia.co.in

# दोआबा में नहीं थम रहा 'रफ्तार' का कहर

## ढाई महीने में हादसों ने लीली आधा सैकड़ा लोगों की जान, किसी की सूनी हो गई मांग तो कोई गोद

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पिछले कुछ माह से दोआबा की सड़कें खूनी हो गई हैं। लोगों की जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो रही है। इस साल जनवरी से मार्च में अब तक के आंकड़ों पर नजर डाले तो दोआबा में इन ढाई महीने में आधा सैकड़ा से अधिक लोग सड़क हादसों में दम तोड़ चुके हैं। अब ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास दों डंपरों की टक्कर के बाद आग लग गई। इसमें एक डंपर के चालक-क्लीनर बाराबंकी जनपद के थाना रामसनेही घाट के हथौड़ा निवासी दिलीप कश्यप पुत्र रामकुमार कश्यप और बाराबंकी के सांडा थाना के डिक्शनरी गांव निवासी इबरार अली पुत्र शमीन अली की मौत हो गई

इस लिहाज से हर दिन होने वाली मौतों का आंकड़ा लगभग एक से दो या उससे अधिक है यानी ढाई महीनों में मरने वालों का औसत कुछ ज्यादा ही है। इस वर्ष सड़क हादसों व उनमें मरने वालों की संख्या बेतहाशा बढ़ गई है।

### यातायात नियमों की अनदेखी पड़ रही भारी

सड़क हादसों के पीछे की असली वजह चालकों की लापरवाही है। जानकारों की मानें तो सड़क पर ड्राइविंग करने वालों में अप्रशिक्षितों की संख्या काफी अधिक है। सड़कें पहले से काफी बेहतर हुई हैं, ऐसे में बहुत तेज गति से गाड़ी चलाना भी हादसों की बड़ी वजह है। तमाम दोपहिया वाहन हेलमेट का प्रयोग और ट्रैफिक सिग्नल का पालन भी नहीं करते। वहीं सड़क हादसों में तमाम मौतें ऐसी भी हैं, जिन्हें समय से इलाज मुहैया नहीं हो सका।


इबरार।


दिलीप।

- हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती
- जमकोइली मोड़ के पास देर रात हुआ हादसा

### कार की टक्कर से बाइक सवार ने दम तोड़ा

**किशनपुर।** बाइक सवार तीन साथियों को बुधवार की रात तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो साथियों को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खखरेरू थाना क्षेत्र के बैरी गांव निवासी विनय सोनकर कौशांबी जनपद के दो साथियों के साथ एक ही बाइक में सवार होकर किसी काम से विजयीपुर जा रहे थे। जमकोइली मोड़ के पास पहुंचे तभी सामने से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार युवकों में विनय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में वीरू निवासी थोन और अंकुश निवासी मोहब्बतपुर थाना पइसा जिला कौशांबी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। जहां दोनों को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। हादसे क जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे चेक कराए जा रहे हैं।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**थरियांव।** कस्बे से वापस गांव लौट रहे बाइक सवार एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। हाईवे में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा। थरियांव थाना क्षेत्र के टेक्सारी बुजुर्ग गांव निवासी गौरी शंकर लोधी का पुत्र जितेन्द्र लोधी बिजली मैकेनिक था। परिजनों ने बताया कि गुरूवार को वह बाइक से किसी काम से थरियांव कस्बा गया था। जहां से वापस लौटते समय वह हाईवे में भारतपुर मोड़ के पास ही पहुंचा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही जितेन्द्र बाइक से गिर गया। हादसा देख लोग मदद के लिए दौड़े लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं ट्रक को छोड़कर चालक व खलासी मौके से भाग निकले। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# युवती सहित दो ने लगाई फांसी

संवाददाता फतेहपुर

- बिंदकी और सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं परिजनों में मचा कोहराम
- शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामलों की जांच-पड़ताल में जुटी इलाकाई पुलिस

**अमृत विचार।** बिंदकी और सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में युवती समेत दो के शव फंदे पर लटकते मिले। जिससे दोनों के परिजनों में कोहराम मचा रहा।पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मुरकुटा निवासी अजय कुशवाहा की पुत्री निहारिका (19) का कमरे में पंखे के कुंड पर रस्सी के फंदे से शव लटकता परिजनों ने देखा। परिजनों ने बताया कि मोबाइल फोन को लेकर भाई और बहन के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद निहारिका कमरे में चली गई थी। जहां वह फंदे से लटक गई।

वहीं, सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के लंगरपुर निवासी श्यामू पासवान के पुत्र अनुज कुमार (19) कमरे में रस्सी के फंदे से लटक गया। भनक लगने पर परिजनों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और जिंदा होने की आशंका पर नर्सिंग होम ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि एक शादी समारोह में गया था। जहां किसी से विवाद के बाद घर लौटकर फंदे से लटका है। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कक्षा नौ की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** एक किशोरी ने बुधवार की रात फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह हुई घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के बहेरा सादात गांव निवासी राम प्रकाश की पुत्री सोनी देवी कक्षा नौ की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि बुधवार देर रात वह खाना खाकर लेटने चली गई थी। सुबह जब देर तक वह कमरे से नहीं निकली तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया और आवाज लगाई लेकिन जवाब नहीं मिला और न ही दरवाजा खुला। किसी तरह दरवाजा परिजनों ने खोला तो अन्दर का नजारा देख परिजन स्तब्ध रह गए। कमरे में छात्रा का शव फंदे से लटक रहा था। यह देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि सोनी ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया नहीं समझ आ रहा।

# पुलिस के सामने राजस्व टीम पर हमला

संवाददाता फतेहपुर


हंगामा करते ग्रामीण। अमृत विचार

- लेखपाल की तहरीर पर 13 नामजद सहित 23 पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** खाद के गड्ढे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराने के सूचना पर राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची। जहां जेसीबी के चलते ही नाराज भीड़ ने राजस्व विभाग के लेखपाल पर हमला कर दिया। जब मौके पर मौजूद अधिकारी और पुलिस टीम ने बीच बचाव किया तो भीड़ ने ईंट पत्थर से पथराव शुरू कर दिया। पथराव में सरकारी गाड़ी को भी निशाना बनाया गया है। लेखपाल के तहरीर पर 13 नामजद और 10 अज्ञात लोगों परपुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

बकेवर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में खाद के गद्दा के जमीन पर गांव के ही रहने वाले जगतपाल ने टीन शेड डालकर अवैध कब्जा कर रखा था। इसको हटाने क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप कुमार नायब तहसीदार और पुलिस टीम के साथ पहुंचे तो जेसीबी को देखकर नाराज भीड़ ने लेखपाल को पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। जब अधिकारी और पुलिस टीम ने बीच बचाओ शुरू किया तो जगतपाल ने अन्य लोगों के साथ मिलकर ईंट पथराव करने लगे। पुलिस बल ने किसी तरह स्थिति को काबू में किया। ईंट पथराव और मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

लेखपाल कुलदीप कुमार पुत्र हरीश निवासी मुरारपुर ने बकेवर थाना प्रभारी को प्रार्थना दिया। इसमें बताया कि वह लेखपाल के पद पर बिंदकी में तैनात है और उसका क्षेत्र जोगापुर आता है। जोगापुर के अंतर्गत रामपुर बकेवर में खाद के गद्दा में गांव के जगतपाल ने टीन शेड डालकर अवैध कब्जा कर रखा था। जिसको हटाने के लिए 12 मार्च के दिन मौखिक रूप से कहा गया था।

13 मार्च को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीदार और पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर कब्जा हटाया जा रहा था। तभी गांव के राहुल पुत्र रामकिशोर, माया देवी, राम किशोर, रवि शंकर, पप्पू, अमर सिंह, विक्रम सिंह, हरी केशन, लाल बहुदार, नितिन कुमार, संतलाल, आत्माराम, रामबाबू गुप्ता, शिवराम, ननकी, प्रियंका सहित 10 अज्ञात लोगों ने एक साथ ईंट पथराव शुरू कर दिया। सभी लोगों ने पथराव किया। इसी बीच गांव का राहुल ग्राइंडर मशीन लेकर आया और हमला कर दिया। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने जान बचाई है। थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया लेखपाल के तहरीर पर 13 नामजद सहित 10 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ढाबे में खाना खा रहे युवक पर हमला

**धाता।** खागा रोड पर स्थित एक ढाबा में खाना खा रहे व्यक्ति पर कुछ अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया और हमले मे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

महोबा निवासी नीरज सैनी पुत्र राजकुमार सैनी अपने चाचा रामविलास निवासी पहाड़ी जिला चित्रकूट के साथ कस्बे के रिश्तेदारी में आया था। बुधवार की रात वह दोनों सोनू शर्मा नगर पंचायत धाता निवासी के साथ कस्बे के खागा रोड स्थित ढाबा में खाना खाने गया था। इसी दौरान नीरज किसी से फोन पर बात करने लगा। तभी ढाबा में खाना खा रहे पांच लोगों में से एक व्यक्ति ने नीरज सैनी से मोबाइल में धीरे बात करने के लिए कहा। इसी बात पर कहासुनी होते हुए मामला मारपीट में तब्दील हो गया। जिससे नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उससे पहले ही मारपीट करने वाले लोग वहां से भाग निकले। थानाध्यक्ष वृंदावन ने बताया की घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# खुलेआम बेचा जा रहा गांजा, वीडियो वायरल

संवाददाता फतेहपुर

- होली पर गांजा और शराब की अवैध बिक्री बढ़ी
- तस्करी रोकने को डीएम ने गठित की टीम

**अमृत विचार।** अवैध रूप से गांजा बिक्री और तस्करी का मामला बढ़ता जा रहा है। एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें गांजा की बिक्री खुलेआम की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने सख्त रूप से अधिकारियों को गांजा और शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए तीन टीमों का गठन किया है।

जनपद में होली पर्व नजदीक आते ही बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गांजा और शराब की बिक्री और तस्करी शुरू हो जाती है। मौजूदा समय में जिले में बड़े पैमाने पर गांजा की बिक्री दुकानों से कराई जा रही है। खागा तहसील क्षेत्र में एक दुकान से गांजा की बिक्री करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी सी इंदुमती ने तीनों तहसील में तीन टीमों का गठन किया है।

सदर तहसील में एसडीएम सदर प्रभाकर त्रिपाठी, डीएसपी वीर सिंह और आबकारी विभाग के अधिकारी, खागा तहसील में एसडीएम, डीएसपी व आबकारी विभाग, बिंदकी तहसील में भी इसी तरह अधिकारी टीम के साथ अवैध शराब और गांजा की बिक्री करने वाले लोगों पर कार्रवाई करेंगे। डीएम ने सख्त चेतावनी दी है कि किसी भी क्षेत्र में गांजा और शराब की बिक्री करते हुए वीडियो या सूचना मिली तो उस क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि जिले में अवैध रूप से गांजा और शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक दिन पूर्व राधा नगर थाना पुलिस ने 35 किलो गांजा पकड़ा था। कार्रवाई में दो तस्करों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

## सार-संक्षेप

### चौकीदार को कुचलने वाला डंपर पकड़ा गया

**फतेहपुर।** लखनऊ राजमार्ग पर बेरागढ़ीवा गांव के पास रोड पार कर रहे पीडब्ल्यूडी के चौकीदार बाइक सवार मंसूरपुर मोधनपुर निवासी मान सिंह को डंपर ने टक्कर मार दी थी और चालक मौके से भाग निकला था। बाइक के परखच्चे उड़ गए थे और बाइक सवार की मौत हो गई थी। बताया कि हादसा 11 जनवरी को हुआ था। पुलिस ने बेरागढ़ीवा बैंक से लेकर टोल प्लाजा तक सीसी फुटेज खंगाला। इसके बाद डंपर को पकड़ लिया गया। डंपर डीपीएस कंस्ट्रक्शन सिविल लाइन रायबरेली का था।

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइकें चोरी

**औंग।** उन्नाव जनपद के बेहटा थाना क्षेत्र के गरियन खेड़ा निवासी रागिनी पाल पत्नी रजनीश पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात किराए के कमरे के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। वहीं बकेवर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी जयेश सिंह ने बताया कि वह कल्यानपुर के गोपालगंज में किराए में रहता है। कमरे के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बकेवर पुलिस ने दुंदपुर मजरे रूसी गांव निवासी राजाराम पासवान के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया।

### 55 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों से 15 सौ रुपये का शमन शुल्क वसूला। इसी दौरान पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में किया पेश

**फतेहपुर।** औंग पुलिस ने कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार गांव निवासी देवनारायण बाजपेई के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद से आरोपित फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### महिला के साथ ननद और देवर ने की मारपीट

**असोथर।** थाना क्षेत्र के छेदीपुर मजरे कंधिया की नीतू पत्नी परमोद ने थाने में तहरीर दी कि उसकी बेटी प्रियंका दुकान सामान लेने जा रही थी। तभी उसे डांट दिया तो ननद श्यामा, सुधा, उमा और देवर दिनेश पुत्र राम किशुन पासवान गाली गलौज करने लगे। विरोध किया लाठी और डंड से मारपीट की। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया एनसीआर दर्ज कर मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

**फतेहपुर।** दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही नौ हजार के अर्थ दंड से भी दंडित किया है। अभियोजक अनिल दुबे व शिव किशोर ने बताया कि कौशांबी जनपद के सिवा हब्बू नगर निवासी नंदलाल रैदास ने अपनी बेटी रचना देवी की शादी बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बसंती खेड़ा निवासी अभिमन्यु रैदास से 2015 में की थी। शादी के बाद से पति दहेज को लेकर बेटी को प्रताड़ित करता था। आठ दिसंबर 2020 की रात को आरोपी अभिमन्यु रैदास ने दहेज की मांग को रचना को मारा पीटा। घायल रचना देवी की 10 दिसंबर 2020 को मौत हो गई। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को जिला जज रणजय कुमार वर्मा की कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। जिला जज ने आरोपी पति अभिमन्यु को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### बिंदकी में न्यायिक एसडीएम की तैनाती

**फतेहपुर।** लंबित मुकदमें की सुनवाई के लिए जिलाधिकारी ने बिंदकी तहसील के न्यायिक कोर्ट में एसडीएम शुभेंद्र गोपाल की तैनाती की है। अभी तक प्रशासनिक एसडीएम को न्यायिक कोर्ट में मुकदमें की सुनवाई करनी पड़ती थी। न्यायिक एसडीएम के तैनात किए जाने से वादों का निस्तारण जल्द हो सकेंगे। सूत्रों की माने तो 70 प्रतिशत केस की सुनवाई एसडीएम न्यायिक कोर्ट में होगी जबकि शेष मुकदमें एसडीएम प्रशासन की कोर्ट में चलेंगे।

# रोजा रख बच्चे भी कर रहे खुदा की इबादत

संवाददाता, धाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में रमजान का रोजा बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चे भी रख रहे हैं। जहां एक ओर सूरज की तपिस से दिन भर गला सूख जाता है, पानी पीने के बाद भी प्यास की सिद्दत बनी रहती है वहीं दूसरी ओर अल्लाह को राजी करने के लिए छोटे बच्चे भी रमजान का रोजा रख रहे हैं।

कुछ बच्चों ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा है। उन्ही में से कस्बे के अब्दुल कलाम नगर वार्ड की रहने वाली मो. अली की 7 वर्षीय पुत्री रेदा बानो और रियासत अली की 8 वर्षीय पुत्री फिजा बानो ने धूप और गर्मी से बेपरवाह प्यास की सिद्दत को सब्र करते हुए रोजा रखा। दोनों बच्चों ने अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत को बर्दाश्त कर रोजा रखा और देश में अमन चैन की दुआ मांगी। बच्चियों ने कहा की रमजान में रोजा रखकर इबादत करने का सवाब बहुत ज्यादा है। इसलिए माह-ए-रमजान की कद्र करती हूं।


रमजान में रोजा रखतीं बच्चियां।

## मधुमक्खियों के हमले से सात घायल

**फतेहपुर।** बिंदकी क्षेत्र के सेलावन गांव में गुरुवार को सुबह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम अपने खेत में खरबूजे की बेल लगवा रहे थे, तभी अचानक पास के एक पेड़ में छत्ता लगाए मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। हमले में अशोक उत्तम (65), अंकुश (13), अंकित (23), शीला देवी (35) पत्नी अनीश, शिवांशी (6) पुत्री पप्पू, रथपाल (46) व गोलू (2) पुत्र सोनू घायल हो गए। अन्य लोगों ने किसी तरह से अपने आप को बचाया और मौके से भाग निकले। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान सभी घायलों के हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# गर्मी से बढ़ने लगे अस्पतालों में मरीज

संवाददाता फतेहपुर

- लूज मोशन के मरीजों की संख्या में इजाफा
- गुरुवार को ओपीडी पहुंची 900 के पार

**अमृत विचार।** गर्मी बढ़ने के साथ अस्पतालों के वार्डों में भर्ती मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा लूज मोशन और कमजोरी के मरीज बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल में गुरुवार को पुराने पर्चे सहित करीब 900 मरीज पहुंचे। लूज मोशन व कमजोरी के करीब चार मरीज वार्ड में भर्ती कराए गए।

तापमान में बढ़ोतरी का असर बीमारियों पर भी दिखाई पड़ने लगा है। पिछले कई दिनों से जहां सर्दी, जुकाम व बुखार से लोग परेशान थे। वहीं गर्मी बढ़ते ही लूज मोशन व कमजोरी के मरीज अस्पतालों में पहुंचने लगे। गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने व दवा लेने में मरीजों व तीमारदारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ओपीडी में पुराने पर्चे सहित करीब 900 मरीज पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा शादी का सीजन भी चल रहा है। इसके चलते कुछ मरीजों में लूज मोशन की समस्या आ रही है। बुखार के कुछ मरीज में प्लेटलेट्स कम हो रही हैं। सामान्य मरीजों को दवाई दी जा रही है। अधिक कमजोर मरीज वार्ड में भर्ती कराई गए हैं। वार्ड में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी के अनुसार करीब आधा दर्जन मरीज भर्ती हुए हैं। जिनमें कुछ लूज मोशन के हैं। जबकि गुरुवार को दो मरीज कमजोरी के भर्ती हुए हैं।


जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज।

ग्लूकोमा सप्ताह | गलत खान-पान और लाइफ स्टाइल से लोग हो रहे आंखों की बीमारियों का शिकार

# आंखों की नियमित जांच से कंट्रोल होगा ग्लूकोमा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अनियमित खानपान, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी से लोग ग्लूकोमा की चपेट में आ रहे हैं। लोगों को ग्लूकोमा के प्रति सचेत करने के लिए हर साल ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाता है। इस साल की थीम ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुटता पर आधारित है। इसके तहत जिले में 16 मार्च तक ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग चिकित्सकीय परामर्श व नेत्र जागरुकता शिविरों के जरिए ग्लूकोमा से रोकथाम के तरीकों की जानकारी दे रहा है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आदर्श ने बताया कि मोतियाबिंद के बाद दृष्टिहीनता का सबसे बड़ा कारण ग्लूकोमा भी है। स्वस्थ्य आंख तरल से भरी होती है जो सही आकार में बने रहने में मदद करता है। स्वस्थ आंख का इंट्राऑकुलर प्रेशर 17.6 माना गया है। वही ग्लूकोमा रोगियों में आंख में तरल की मात्रा बढ़ने पर (इंट्राऑकुलर प्रेशर) आंख के भीतरी हिस्से पर दबाव बढ़ जाता है। इससे धीरे-धीरे दृष्टि कमजोर होती जाती है। समय रहते ग्लूकोमा का इलाज न होने से स्थायी दृष्टि हानि का कारण बनता है। बचने के लिए नियमित समय पर आंखों की जांच करानी चाहिए।


आंखो की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

### बीमारी के लक्षण

ग्लूकोमा रोगियों में दृष्टि का पॉवर लगातार बदलते रहने के साथ, धुंधला दिखना, आंख और सिर में तेज दर्द, जी मिचलाना, उल्टी आना, आंख लाल होना, रोशनी के ईद-गिर्द हैलोज दिखाई देते हैं। एक या दोनों आंख में अंध बिंदुओं (कुछ क्षेत्रों में दिखाई न देना) का बनना है।

### इस वजह से बीमारी

- मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप से ग्रसित होना
- 60 वर्ष से अधिक उम्र
- निकट या दूर दृष्टि दोष की अधिक स्थिति होना
- आंख में चोट या सर्जरी
- लंबे समय तक कॉर्टिकोस्टेरॉइड दवाओं का सेवन

### इस तरह रोकथाम

ग्लूकोमा पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता पर नियंत्रित हो सकता है। ग्लूकोमा से बचाव के लिए नियमित तौर पर नेत्र परीक्षण कराएं। इस दौरान इंट्राऑकुलर प्रेशर अधिक होने पर चिकित्सक प्रेशर कम करने वाली आई ड्राप डालने की सलाह देते हैं। ग्लूकोमा की रोकथाम में मदद मिलती है।

# नंबर छिपा कर सड़क पर दौड़ रहे भारी वाहन

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- ओवरलोड होने पर छिपाते हैं वाहनों का नंबर
- बांदा-टांडा मार्ग पर दिन-रात भरते हैं फर्राटा

**अमृत विचार।** सरकार सभी वाहनों पर जहां हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की कवायद कर रही है वहीं बांदा- टांडा मार्ग पर नंबर छिपा कर बड़े वाहन नजर आ रहे हैं। इससे परिवहन विभाग की पोल खुलती नजर आ रही है।

सरकार ने सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए हैं इसके लिए समय निर्धारित किया गया था। वहीं बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के अब कोई वाहन खरीदे बेचे नहीं जा सकते हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना पकड़े जाने पर जुर्माना भी किया जा रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग चेकिंग करता नजर आता है। इसके बाद भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को तो छोड़ दो, साधारण नंबर प्लेट में भी नंबरों को छिपा कर भारी वाहन चलते नजर आ रहे हैं।

ओवरलोडिंग करने वाले डंपर और ट्रक नंबरों को खुरच कर या उस पर कालिख पोत देते हैं। या फिर नंबर न दिखने का जतन कर लेते हैं। शहर के राधानगर से नउवाबाग के बीच में ऐसे वाहनों को देखे जा सकते हैं। जिसमें कई ट्रकों में इसमें आगे और पीछे दोनों ही प्लेटों पर एक जैसी कालिख लगी नजर आती है। जिससे नंबर पढ़ने में न आ सके। ऐसे वाहनों से किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर इन्हें पहचाना जाना मुश्किल हो जाएगा। इस तरह के चल रहे वाहन परिवहन विभाग द्वारा चलाई जा रही चेकिंग व्यवस्था की भी पोल खोल रही है। दिन-रात दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# होली का त्योहार नजदीक आते ही गरमाने लगा मिलावट का बाजार

## सबसे ज्यादा नकली सरसों के तेल की हो रही बिक्री, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- पर्व पर सामान खरीदते समय सावधानी बरतने की जरूरत

**अमृत विचार।** रंगों का पर्व होली की आहट शुरू होते ही मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। मिलावटी खाद्य तेलों की बिक्री में इजाफा होता जा रहा है। वैसे तो यह मिलावटी खेल पूरे साल चलता है लेकिन त्योहारों पर मांग बढ़ जाती है। इसलिए मिलावट खोरी भी बढ़ जाती है। सामान खरीदते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अन्यथा आपकी सेहत में बुरा असर पड़ सकता है। चिकित्सकों की राय है कि केमिकल युक्त रंगों से बचें।

प्रमुख पर्व होली, दीपावली आदि पर रिफाइंड एवं लाही, सरसों के तेल की मांग आम दिनों के मुकाबले कई गुना बढ जाती है। महंगाई की वजह से सरसों के तेल में मिलावट की जड़ें भी दिन-प्रतिदिन फैलती जा रही हैं। शहर के अलावा जहानाबाद व बिंदकी कस्बा सहित क्षेत्र में खुली परचून की दुकानों में बड़े पैमाने पर मिलावटी सरसों का तेल धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

### ऐसे तैयार होता नकली सरसों का तेल

इस व्यवसाय से जुड़े जानकार बताते हैं कि नाम मात्र लाही का तेल, 40 से 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलने वाला पाम आयल, सिंथेटिक कलर, राइस ब्रान तथा तेल में झार पैदा करने के लिए लहसुन एसेन्स का मिश्रण कर नकली तेल तैयार किया जाता है। जिसे 70 से 80 रुपये प्रति लीटर की लागत से तैयार मिलावटी सरसों का तेल 160 से 170 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक्री कर रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग सब कुछ जानने के बावजूद भी अंजान बना हुआ है।

### ऐसे करें असली और नकली की पहचान



मिलावटी तेल की जांच के लिए सबसे पहले 5 मिली सरसों के तेल को टेस्ट ट्यूब में डालें। फिर उसमें उतना ही नाइट्रिक एसिड मिलाएं। इसके बाद ट्यूब को धीरे से हिलाएं, यदि मिक्सचर मिलावटी नहीं होगा तो उसका रंग भी वैसा ही रहेगा। यदि तेल मिलावटी होगा तो उसका रंग नारंगी-पीले से लाल में परिवर्तित हो जाएगा। इसके अलावा दूसरा तरीका यह भी है कि तेल को कढ़ाई में गरम करते समय यदि उसमें झाग आए या काला पड़ जाए और बदबू भी हो तो समझ जाएं कि तेल मिलावटी है।

### मिलावटी तेल सेहत को करता खराब

डॉ. रघुनाथ सिंह का कहना है कि मलावटी सरसों के तेल का सेवन लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। फल स्वरूप लीवर, किडनी की खराबी के साथ-साथ पेट की तमाम बीमारियां, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी भी हो सकती हैं। इसलिए विश्वसनीय दुकान से ही सामग्री की खरीदारी करें।

# गांवों में तैयार होने लगीं फाग गायकों की टोलियां

**फतेहपुर।** रंगोत्सव के नजदीक आते ही गांवों में फाग का माहौल भी बनने लगा है। होलिका दहन 24 मार्च को होना है, इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। फाग के लिए गांवों में फाग की जमातें सजने लगी हैं। इसके साथ ही अभी से मंदिरों व आश्रमों में ढोलक की थाप, हारमोनियम व झींके की धुनों के बीच फाग गायकों की टोलियां अभ्यास करने में जुट गई हैं।

होली के त्योहार में अभी 10 दिन का समय शेष है, लेकिन होली नजदीक आते ही गांवों में फाग की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि बुजुर्ग लोग ही इस परंपरा को जीवंत किए हुए हैं। युवाओं में इस विद्या में रुचि नहीं दिख रही है। बुजुर्गों की टोली फाग गायन का अभयास में जुटे हुए हैं। गायक ढोलक, मजीरे व झींके की साज पर फगुना तोरी अजब बहार गोरी मचल रही नैहर मा समेत अन्य गायनों पर अभ्यास किया जा रहा है।

# सौहार्दपूर्वक मनाएं पर्व : जिलाधिकारी

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर



पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते विभिन्न समुदाय के लोग। अमृत विचार

- त्योहारों को लेकर डीएम ने कलेक्ट्रेट में बुलाई पीस कमेटी की बैठक
- विभिन्न समुदाय के लोगों की मौजूदगी में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा

**अमृत विचार।** त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाने के लिए गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें होली, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर (ईद) पर्व को लेकर आपसी भाईचारा, सौहार्दपूर्ण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर डीएम ने चर्चा की।

कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त में बैठक हुई। डीएम ने तहसील और थाना क्षेत्रों से आए शांति समिति के सदस्यों एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों को त्योहारों की शुभकामानाएं देते हुए कहा कि दोआबा में विभिन्न समुदाय के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए मिलजुल कर मनाये जाने की परंपरा रही है, उसी का निर्वहन करते हुए हम सब इस बार भी सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखाकर मनाएं।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे बिजली, पानी, साफ सफाई आदि की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत त्योहारों के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा कि त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, सभी उप जिलाधिकारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद बीरेंद्र पाण्डेय, शहर काजी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल शिवचन्द्र शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

# परिषद की अध्यक्ष बनीं ज्योति प्रवीण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



भारत विकास परिषद की जिलाध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

- कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री भी हुए शामिल

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को किया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष की बागडोर ज्योति प्रवीण को सौंपी गई। इसके अलावा अन्य पदों पर भी नियुक्ति की गई।

परिषद के कार्यालय संजीव अग्रवाल के आवास पर शाखा के चुनाव के लिए प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश अवस्थी तथा प्रांतीय महामंत्री राकेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। चुनाव के लिए अध्यक्ष, महामंत्री तथा वित्त सचिव के लिए नामांकन फॉर्म भरे गए। जिसमें चुनाव अधिकारी के समक्ष सर्वसम्मति से ज्योति प्रवीण को परिषद का अध्यक्ष चुना गया तथा बद्री विशाल गुप्ता को सचिव, लालचंद गुप्ता को वित्त सचिव चुना गया।

वहीं जिला समन्वयक पद पर अजय गुप्ता को चुना गया। नई कमेटी के चयन पर प्रांतीय अध्यक्ष तथा महामंत्री ने परिषद के सभी सदस्यों को बधाई दी। शाखा अध्यक्ष केशव राम त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। शाखा में काफी दिनों बाद किसी महिला को अध्यक्ष का पद मिला। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष केशव राम त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष महेश कांत त्रिपाठी, संरक्षक हरिओम रस्तोगी, सचिव चंद्र प्रकाश गुप्ता, गुरु शरण गुप्ता, महेंद्र कुमार गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सूर्यकांत मिश्रा, सौरभ साहू, रघुवीर लोधी, प्रदीप रस्तोगी समेत महिला संयोजिका रीता सिंह तोमर, कविता रस्तोगी, साधना चौरसिया, सुनीता गुप्ता, गुंजन अग्रवाल, सुनिधि तिवारी आदि मौजूद रहे।

# टोल प्लाजा संचालक पर पांच लाख जुर्माना

संवाददाता फतेहपुर

- जिंदपुर टोल प्लाजा पर बिना पर्ची के ओवरलोड ट्रक पास कराने का मामला

**अमृत विचार।** फर्जीवाड़े में जिंदपुर टोल प्लाजा संचालक पर एनएचएआई ने पांच लाख का जुर्माना लगाया है। टोल कर्मचारी पिछले लंबे समय से रुपये लेकर ओवरलोड वाहनों को बिना पर्ची पास करा रहे थे। एनएचएआई के संज्ञान में मामला पहुंचने पर टोल प्लाजा संचालक के खिलाफ कार्रवाई हुई।

बांदा-टांडा नेशनल हाईवे पर बहुआ ब्लॉक के जिंदपुर गांव में वाहनों से राजस्व वसूलने के लिए टोल प्लाजा बनाया गया है। पिछले करीब दो साल से टोल प्लाजा का संचालन कोरल इंफोटेक कंपनी कर रही है। पिछले कई महीनों से कर्मचारियों पर एनएचएआई की ओर से जारी शुल्क पर्ची न देकर ओवरलोड वाहनों से रुपये वसूलने का आरोप लग रहा था।

मामला संज्ञान में आने पर एनएचएआई के अधिकारियों ने जांच की। इस दौरान कई ट्रक बिना पर्ची के पास होते मिले। एनएचएआई ने कंपनी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। टोल प्लाजा में सर्वर डाउन होने पर राजस्व जमा करने वाली एनएचएआई की मशीन बंद हो जाती है। उस दौरान कंपनी अतिरिक्त तौर पर रखी अपनी हैंडबिलिंग मशीन से शुल्क जमा करती है। हालांकि, बाद में इसका विवरण एनएचएआई की मशीन में चढ़ाना होता है। लेकिन टोल कर्मचारी लगातार हैंडबिलिंग मशीन के माध्यम से टोल शुल्क जमा कर चालकों को फर्जी पर्ची पकड़ा देते हैं। बाद में एनएचएआई की मशीन में विवरण भी नहीं दर्ज करते हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर हुआ फ्लैग मार्च

**जहानाबाद।** थाना जहानाबाद क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्र सहित अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र के आसपास व ग्रामीण क्षेत्रों सहित कस्बे के विभिन्न वार्डों में थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी के साथ सीमा सशस्त्र बल थर्ड बटालियन प्लाटून कमांडर की टीम ने गुरुवार को फ्लैग मार्च किया।

भारी भरकम पुलिस बल व सीमा सशस्त्र बल जवानों को देख लोग सशंकित हो उठे जैसे ही उन्हें जानकारी हुई लोकसभा चुनाव के पूर्व प्रशासन की तैयारी का जायजा है जिसके फल स्वरुप फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में वोट डालने को कहा। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, कस्बा प्रभारी प्रशांत कटियार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव सहित पुलिस वालों के जवान व सीमा सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे।

## सार-संक्षेप



शत प्रतिशत मतदान के लिए कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

### मतदान कर देश को बनाएं क्षमतावान

**फतेहपुर।** आगामी लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए जागरुकता अभियान जारी हैं। गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें माध्यमिक विद्यालयों में गठित मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्यों को अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक करने की नसीहत दी गई। शहर के मुस्लिम इंटर कॉलेज में लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीव कार्यक्रम के तहत माध्यमिक विद्यालयों के स्वीप नोडल शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बताया गया कि सभी माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया है। जो जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कार्यशाला में डीआईओएस द्वारा नामित सह जिला नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. अरुण कुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्राकनक ने कार्यशाला में बताया कि विद्यालयों में गठित क्लबों द्वारा मतदाता पंजीकरण समेत भाषण, गीत, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिताओं और नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए।

### जिला आबकारी अधिकारी पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** भ्रष्टाचार के आरोप और किसी काम में रिश्वत लेने के आरोप में मामला सही मिलने पर जिलाधिकारी सी इंदुमती ने जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा को एक दिन पूर्व निलंबित कर दिया था। वहीं डीएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आबकारी अधिकारी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जिलाधिकारी ने निलंबित करने के साथ कोतवाली पुलिस को भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश भी दिया था। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को डाक के माध्यम से प्रार्थना और एक वीडियो जिला आबकारी अधिकारी का किसी मामले में रिश्वत लेते देते हुए भेजा था। जिलाधिकारी ने मामला सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की है। शासन ने वाराणसी जोन के संयुक्त आबकारी अधिकारी को नामित किया है। जिलाधिकारी के तरफ जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार एक वीडियो के आधार पर छह मार्च को आबकारी आयुक्त प्रयागराज की रिपोर्ट पर डीएम ने 11 मार्च को प्रदेश सरकार को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। सदर कोतवाली पुलिस को भ्रष्टाचार अधि. के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश भी दिया था। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अंजू बनीं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति पार्टी की मासिक बैठक नहर कॉलोनी में हुई। जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल की अध्यक्षता और महासचिव पुष्पेंद्र यादव के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सूरजभान पाल ने किसान यूनियन के पदाधिकारी को संबोधित किया। उनकी देखरेख में पदाधिकारी को निर्वाचित किया गया। अंजू प्रजापति को जिला महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया और सुनीता यादव को जिला महिला मोर्चा की जिला प्रभारी नियुक्त किया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन

**चौडगरा।** मलवां विकास खंड के साई गांव में शनि देव मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर निर्माण स्वर्गीय राम स्वरूप की स्मृति में गायत्री देवी के कर कमल द्वारा कराया गया। विगत 5 दिनों से धार्मिक कार्यक्रम चल रहे थे। उसके बाद भंडारे का आयोजन एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्याम किशोर अवस्थी, राजेश अवस्थी, अमित अवस्थी, कपिल अवस्थी, राजकुमार तिवारी, डॉक्टर केके साहू समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# हर घर नल योजना में ठेकेदार लगा रहे पलीता

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- हादसों को दावत दे रहे बड़े-बड़े गड्ढे
- गड्ढा खोदकर ठेकेदार हो रहे गायब, ग्रामीण परेशान

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के दो विकास खंड धाता व विजयीपुर में हर घर नल योजना को लेकर बीते एक वर्ष से पाइप लाइन डालने का संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है। पाइपलाइन को ज़मीन में डालने के लिए संस्था के ठेकेदार ने बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर छोड़ दिए, जहां अब इन दोनों ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत के लोग परेशान हैं।

धाता विकास खंड के सलेमपुर गांव समेत जल जीवन मिशन के तहत चल रही हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत कई ग्राम पंचायतों में पानीं टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदारों के द्वारा रास्ते को खोदकर पाइपलाइन डलवाई जा रही है। वहीं जब ठेकेदारों का काम पूरा हो जाता है तो कब्रिस्तान नुमा बड़े गड्ढे व उसमें से निकलने वाला कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना ग्रामीणों को भारी पड़ रहा है। ठेकेदारों की इस मनमानी से लगभग क्षेत्र के सैकड़ों गांव निवासी नाराज हैं।



कब्रनुमा गड्ढा छोड़कर ठेकेदार गायब।

### कई जगह पैदा हुई जलभराव की समस्या

अब कई जगह पर जलभराव की भी समस्या होने लगी है। वहीं क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में ठेकेदारों की मनमानी के चलते रास्ते बाधित हो गए। जबकि शासन द्वारा रास्ते में पाइपलाइन डालने के बाद रास्ते को दुरुस्त कराने का निर्देश हैं। लेकिन लगातार ठेकेदार कार्य में मनमानी कर रहे हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### ग्राम प्रधान बोले

ग्राम प्रधान सलेमपुर गुलाब कुमार ने बताया कि कार्य कर रही संस्था के ठेकेदार राजस्थानी हैं। यह लोग कई जगह कार्य कर रहें हैं, इसलिए कार्य में देरी हो रही है। अब इन्हे सख्ती के साथ कार्य को निपटाने के लिए बोला गया है।

गांव निवासी शिवभूषण सिंह, अवध विहारी सिंह, मोहन सिंह, प्रदीप सिंह, सौरभ सिंह, जितेंद्र कुमार, पृथ्वी राज, सुंदर लाल, कृष्णा कुमार, अर्पित सिंह, दिनेश सिंह, पुष्पराज सिंह आदि ने बताया कि हमारे घर के सामने बड़े गड्ढे ठेकेदार द्वारा कर दिए गए हैं। जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डलवाई गई थी। इसके बाद ठेकेदार उस रास्ते को उसी हाल में छोड़कर भाग खड़े हुए हैं।

# गैर प्रांत जा रहे युवक पर पड़ोसियों ने किया हमला

संवाददाता फतेहपुर

- रेलवे स्टेशन के बाहर लोहे की राड और तमंचे की बट से पीटा
- पांच नामजद समेत 13 आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कमाने के लिए गैर प्रांत जा रहे एक युवक पर पड़ोसियों ने तमंचे की बट और लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी हालत में रिश्तेदार ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर पांच नामजद समेत 13 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

असोथर निवासी अजय तिवारी ने बताया कि 15 फरवरी की रात वह रोजी-रोटी के सिलसिले में गैर प्रांत जाने के लिए फतेहपुर रेलवे स्टेशन आया था। वह स्टेशन के बाहर पहुंचा तो गांव के प्रशांत शुक्ला अपने भाई प्रतीक शुक्ला, साथी तुषार शुक्ला, मयंक त्रिपाठी, शिवम व आठ अज्ञात लोगों के साथ रेलवे स्टेशन के बाहर पहले से मौजूद था।

आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए लोहे की राड और तमंचे की बट से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। राहगीरों की सूचना पर युवक के मौसा मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हालत ठीक होने पर युवक ने मामले की शिकायत एसपी से की। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा, मारपीट, गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मांग पूरी न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

**बिंदकी।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। चौथे दिन धरना प्रदर्शन में यूनियन के तहसील प्रचार मंत्री सूखी राम ने कहा कि यदि उनकी सभी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो भूख हड़ताल शुरू कर देंगे।

विभिन्न मांगों को लेकर नगर के ललौली रोड फरीदपुर मोड़ स्थित समिति परिसर के पास भारती किसान यूनियन अराजनैतिक गुट द्वारा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी है। चौथे दिन यूनियन के तहसील प्रचार मंत्री सूखी राम ने चेतावनी दी कि यदि उनकी सभी मांगे जल्द पूरी नहीं हुई तो वह लोग भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। तहसील प्रचार मंत्री सुखीराम, जाफराबाद ग्राम प्रधान पति मिठाई लाल कुशवाहा, राजू सिंह, संतोष कुमार, जंग बहादुर कुशवाहा, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

**बेसिक शिक्षा** 20 मार्च से शुरू होंगी परीक्षाएं, बजट आया, परीक्षा को लेकर विभाग तैयारियों में जुटा

# दो लाख से अधिक बच्चे देंगे वार्षिक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू हो रहीं है। इस बार परिषदीय स्कूलों के 2.5 लाख से अधिक बच्चे वार्षिक परीक्षा में शामिल होंगे। वार्षिक परीक्षा की लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

जिले के 2126 परिषदीय स्कूलों में 2 लाख 76 हजार 469 बच्चे पंजीकृत हैं। वार्षिक परीक्षा को लेकर बजट उपलब्ध करा दिया गया है। इसलिए वार्षिक परीक्षा को लेकर प्रश्न पत्र छपवाए जा रहे हैं और उत्तर पुस्तिकाओं के भी इंतजाम कराए जा रहे हैं। वार्षिक परीक्षा को लेकर खंड शिक्षा अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इसके अलावा जिला समन्वयक की भी वार्षिक परीक्षा सकुशल और नकलविहीन कराने को ड्यूटी लगाई गई है।

वार्षिक परीक्षा संपन्न कराने को लेकर शासन से बजट भेजा गया है। इसमें प्रश्न पत्र सहित उत्तर पुस्तिका आदि का इंतजाम किया जाएगा। जिम्मेदारों की मानें तो वार्षिक परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र छपवाए जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर पुस्तिका आदि के भी इंतजाम हो रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारियां की गई हैं। प्रश्न पत्र छपवाए गए हैं। सभी स्कूलों में सकुशल और सुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों के अलावा समन्वयकों को जिम्मेदारी दी गई है।

### इस बार परीक्षा में मिलेंगे प्रश्नपत्र

बेसिक शिक्षा परिषद की 20 मार्च से शुरू हो रही परीक्षाओं में इस बार प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा किया गया है, लेकिन अब तक प्रश्न पत्र निर्माण के लिए समिति ही नहीं बनी। इससे प्रश्नपत्र मिलने पर संकट है। वहीं कॉपियों की व्यवस्था प्रधानाध्यापकों को विद्यालय फंड से खुद ही करना है। परीक्षा शुरू होने में महज दो दिन बचे हैं। कक्षा 1 से लेकर आठ तक की परीक्षाओं में कक्षा एक में कोई लिखित परीक्षा न कराने का प्रावधान है। कक्षा 2 में गणित, विज्ञान व अंग्रेजी की ही लिखित परीक्षा होनी है। इसके अलावा अन्य सभी विषयों की परीक्षा लिखित ही होगी। पिछले सत्र में परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र न उपलब्ध कराये जाने पर खूब हंगामा कटा था। ब्लैक बोर्ड पर ही प्रश्न लिखकर शिक्षक परीक्षा करा रहे थे। इससे विभाग की खूब किरकिरी हुई थी। हालांकि बीते सालों में शिक्षकों की एक समिति बनाकर उनसे बीएसए कार्यालय में ही प्रश्नपत्रों के दो सेट तैयार कराए जाते थे, लेकिन इस बार बीएसए स्तर पर समिति नहीं बनी है। बताया गया कि प्रश्नपत्र निर्माण की व्यवस्था डायट से तय हुई है।

### रिपोर्ट कार्ड का बजट मिला

परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा के बाद बच्चों को रिपोर्ट कार्ड दिए जाएंगे। पिछले वर्ष रिपोर्ट कार्ड का बजट देर से पहुंचा था इसलिए बजट वापस हो गया था। लेकिन शिक्षकों ने बच्चों को रिपोर्ट कार्ड जैसे तैसे वितरित किए थे। लेकिन इस बार रिपोर्ट कार्ड के लिए पहले से बजट आ चुका है।

> प्रश्नपत्र प्रिंट होकर ब्लाक मुख्यालयों में भेज दिए गए हैं। परीक्षा के दिन तक सभी विद्यालयों में पहुंच जाएंगे। प्रश्नपत्र एवं रिपोर्ट कार्ड के लिए शासन से बजट प्राप्त हो चुका है। निर्धारित समय पर परीक्षाएं कराते हुए रिपोर्ट कार्ड वितरित कर दिए जाएंगे।
>
> -पंकज यादव, बीएसए

# चार केंद्रों पर जांची जाएंगी यूपी बोर्ड की 4.39 लाख कॉपियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 1904 परीक्षकों के साथ 197 उपप्रधान परीक्षक तैनात
- सभी केंद्रों पर तैनात रहेंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 9 मार्च को संपन्न हो चुकी हैं। जिले में बोर्ड की कॉपियां जांचने के लिए चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 4.39 लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए 1904 परीक्षकों के साथ 197 उपप्रधान परीक्षक तैनात कर दिए गए हैं।

इन मूल्यांकन केंद्रों पर कॉपियां पहुंच चुकी हैं। जिले के राजकीय इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन कराया जाएगा। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भी इंटर की कॉपियां चेक होंगी। इसी तरह से सदाशिव इंटर कॉलेज और एएस इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल की कॉपियां जांची जाएंगी। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों को जांचने का कार्य चारों मूल्यांकन केंद्रों पर 16 से 31 मार्च तक होगा। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्वेक्षक भी मुस्तैद रहेंगे।

### मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित

सभी मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षकों को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सिर्फ प्रधान एवं उप प्रधान परीक्षक को ही मोबाइल ले जाने की अनुमति रहेगी। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि केंद्र वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं। जिन परीक्षकों की ड्यूटी लगी है उन्हें समय के अंदर संबंधित केंद्र भेजें। यदि कोई भी परीक्षक बहाना बनाते हुए अनुपस्थित होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> जीआईसी, जीजीआईसी, एएस इंटर कॉलेज और सदाशिव इंटर कॉलेज में कॉपियों के मूल्यांकन की तैयारी पूरी हो गई हैं। गैरजनपदों के मूल्यांकन के लिए कॉपियां पहुंच रही हैं।
>
> -शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस

## एक नजर

### सपा ने तीन विधानसभा क्षेत्र प्रभारी किये मनोनीत

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की स्वीकृति से जिला अध्यक्ष कलीम खान नें समाजवादी पार्टी जिला कमेटी का विस्तार किया है। इसमें हारुन खान निवासी मझपुर्वा को विधानसभा क्षेत्र प्रभारी छिबरामऊ, राजू राजपूत निवासी मझरेटा को विधानसभा क्षेत्र प्रभारी तिर्वा, नेम सिंह यादव निवासी बछुइया को विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कन्नौज, इमरान खान निवासी लोहिया नगर सौरिख को नगर अध्यक्ष सौरिख, शानू सिद्दीकी निवासी सुभाष नगर तिर्वा को नगर अध्यक्ष तिर्वा बनाया गया है।

### भाकियू का जिले में विस्तार

**कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने संगठन का विस्तार किया है। तिर्वा नगर अध्यक्ष मोहल्ला कालिकानगर निवासी मयंन वर्मा को बनाया है। इसी मोहल्ले के अनुज कुमार को जिला महासचिव और तिर्वा रोड गोल कुआं निकट के निवासी शशिकांत शुक्ल को कन्नौज नगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

**सौरिख।** गांधीनगर नादेमऊ रोड निवासी शिवकुमार चौरसिया ने बुधवार रात ज्ञानोदय नगर निवासी सुमित के यहां अपनी दुकान के पैसे लेने गए थे। सुमित के दरवाजे पर बाइक खड़ी करने के बाद अंदर चले गए। ।लौटकर देखा तो बाइक गायब थी। खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने थाने पहुंच कार्रवाई की मांग की है।

केंद्रीय कानून राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में सपा और कांग्रेस पर किया प्रहार

# मुलायम धरती पुत्र तो अखिलेश यादव ट्विटर पुत्र : एसपी सिंह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव जमीनी नेता थे, इसीलिए उनको धरती पुत्र कहा जाता है। उनके बेटे अखिलेश यादव ट्विटर पुत्र हैं जो केवल ट्विटर (अब एक्स) पर पोस्ट डालते हैं, जबकि मौके पर जाकर उसकी वास्तविकता को पता नहीं करते हैं। यह बात भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कही। उन्होंने विपक्षी इंडी एलायंस समेत सपा व कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए।

गुरुवार को शहर के नसरापुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, लेकिन उसके शासन में गरीबी और भी बढ़ती चली गई। यह नारा देने वाली इंदिरा गांधी झूठी पीएम थीं। यदि उन्होंने वास्तव में गरीबी हटाई होती तो मोदी सरकार को देश में 80 करोड़ गरीब नहीं मिलते। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोद का बच्चा हैं तो राहुल गांधी पेट का बच्चा हैं। ऐसे में देश की जनता मोदी जी को दुलार कर रही है।



भाजपा कार्यालय में मीडिया से मुखातिब केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल। अमृत विचार

- इंदिरा गांधी को झूठी तो राहुल को बताया पेट का बच्चा
- विचारधारा न मिलने पर भी मोदी के खिलाफ गठबंधन

2047 में जब देश विकसित होकर महाशक्ति बनकर उभरेगा तो पूरे विश्व के बच्चे मोदी को जानेंगे। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को लेकर कहा कि जिन लोगों की आपस में विचारधारा नहीं मिलती है, वह मोदी के खिलाफ गठबंधन कर रहे हैं। विपक्ष में भय, भगदड़ और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। गठबंधन में ऐसे दल शामिल हो गए हैं, जिनके चुनाव चिह्न देश की जनता जानती तक नहीं है।

उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था, फिर भी कन्नौज से भाजपा जीती थी। इस बार भी सपा का यही हश्र होगा। इस दौरान सांसद सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, लोकसभा क्षेत्र संयोजक नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्र, जिला महामंत्री सौरभ कटियार उपस्थित थे।

### बिरयानी में चावल भी मोदी जी के

- केंद्रीय मंत्री ने विपक्षियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रहे हैं, उन्होंने इस कानून को पढ़ा नहीं है। देश की एकता, अखंडता और भाईचारा को तोड़ने के लिए भ्रांतियां फैलाईं जा रहीं है। इसका एक कारण मुस्लिम तुष्टीकरण भी है। जो लोग मोदी को कोस रहे हैं, उनको यह नहीं मालूम कि जो बिरयानी खा रहे हैं, उसमें चावल मोदी जी के हैं और बोटी भले ही किसी की हो।

### एक देश-एक चुनाव के पक्ष में भाजपा

- कानून एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि भाजपा एक देश-एक चुनाव के पक्ष में हैं। बार-बार आचार संहिता नहीं लगेगी और केंद्र व राज्यों में एक साथ सरकार का गठन होने से भरपूर विकास कार्य होंगे और नई योजनाएं बनेगीं। जब देश में एक विधान-एक संविधान, एक देश-एक टैक्स हो सकता है तो एक देश-एक चुनाव भी होना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि सभी जनकल्याणकारी योजनाएं मोदी जी की आत्मा से निकलीं हैं, क्योंकि उन्होंने जिन अभावों को जिया है, उनसे देशवासियों को बाहर निकालना चाहते हैं।



जिला कमेटी का गठन होने के बाद माला पहने खड़े पदाधिकारी व मौजूद चुनाव अधिकारी। अमृत विचार

# प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ के जिलाध्यक्ष बने सुनील पाठक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ के द्विवर्षीय चुनाव अधिवेशन में जिला अस्पताल के लैब टेक्नीशियन सुनील पाठक को फिर से जिलाध्यक्ष चुना गया है। वहीं अन्य कमेटी का भी गठन किया गया।

जिला अस्पताल में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश प्रयोग शाला प्राविधिज्ञ संघ के द्विवर्षीय चुनाव अधिवेशन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नामित चुनाव अधिकारी जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. जेएस रंधावा व पर्यवेक्षक डा. मान सिंह प्रजापति मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद और डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ.जितेंद्र कटियार की मौजूदगी में चुनाव कराया गया। इस मौके पर संरक्षक की जिम्मेदारी सीएचसी तालग्राम के लैब टेक्नीशियन वीर सिंह को बनाया गया है। इसी तरह जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के अलावा मंत्री पद की जिम्मेदारी तिर्वा सीएचसी के महेंद्र सिंह को दी गई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सीएचसी छिबरामऊ के सूर्यकांत मिश्रा को चुना गया है।

उपाध्यक्ष पद पर महिला चिकित्सालय तिर्वा के शोभित कुमार को चुना गया है। इस के अलावा संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सीएचसी सौरिख के संतोष कुमार को दी गई है। कोषाध्यक्ष के पद पर महिला चिकित्सालय कन्नौज के सर्वेश कुमार वर्मा को सौपा गया है।

सम्प्रेक्षक की जिम्मेदारी जिला अस्पताल के कमलेश कुमार को दी गई है। इस कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। लैब टेक्नीशियन ने चुने गये पदाधिकारियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि वह कर्मचारियों के हित को लेकर सदैव उनके साथरहेंगे। हर समस्या का डट कर निदान करायेंगे। इस मौके पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, डॉ. विभांशु चतुर्वेदी, गोविंद मिश्रा, प्रतीक मिश्रा तपन, विमल पटेल समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते ईओ अनिल पंडित। अमृत विचार

# सड़क पर मिली निर्माण सामग्री तो होगा जुर्माना

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार लगेगा 50 हजार रुपये तक जुर्माना
- रोड पर न रखी जाए किसी तरह की सामग्री, अधिशासी अधिकारी ने दी चेतावनी

**अमृत विचार।** गुरुवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने पालिका टीम के साथ नगर के मोहल्ला अफसरी के वार्ड नं. सात अम्बेडकर नगर में रोस्टर के अनुसार स्थलीय निरीक्षण किया, जिसमें उन्होने 13 मार्च को जिला स्तर पर आयोजित जिला पर्यावरण समिति में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सड़क पर रखी निर्माण एवं विध्वंस सामग्री का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मोहल्ला अफसरी के तीन स्थलों पर निर्माण विध्वंस वेस्ट सामग्री पाई गई, जिस पर ईओ ने सम्बन्धित भवन स्वामी को एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार 50 हजार रुपये तक का जुर्माना व सामग्री जब्त किए जाने की चेतावनी दी। ईओ ने बताया कि पालिका द्वारा सी एंड डी वेस्ट संग्रहण वाहन चलाया गया है जबकि मोहल्ला रामकृष्ण नगर में सी एंड डी (कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिमोलिशन वेस्ट) संग्रहण सेंटर भी बनाया गया है। इसका प्रयोग पालिका द्वारा बनाई जा रही सड़कों के निर्माण एवं गड्ढामुक्ति में किया जाता है। कहा कि कार्रवाई व जुर्माना से बचने के लिए नागरिक सड़क पर निर्माध व विध्वंस सामग्री को न लगाएं। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जर्नादन मिश्रा, संजीव सिंह, मनोज तिवारी, गौरव मिश्रा, राजन बाबू, अशोक कुमार, शिवशंकर तिवारी, जीशान आलम, पूरन सिंह, आकाश सक्सेना उपस्थित रहे।

## 35 मछली पालकों को मिलेगी नाव

**कन्नौज।** मत्स्य विभाग की ओर से जिले के 35 मछली पालकों को अनुदान पर नाव दिलवाई जाएंगी। विभाग के कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि निषादराज नाव अनुदान योजना के तहत ऑनलाइन 38 आवेदन हुए थे। शासन से 35 लोगों का चयन कर सूची जारी हो गई है। जल्द ही बजट आने को है। उसका लाभ चयनितों को दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एक नाव की लागत 70,350 रुपये है और इस पर 28,140 रुपये अनुदान मिलेगा। शेष धनराशि लाभार्थी को देनी होगी। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि .4 हेक्टेयर क्षेत्रफल से अधिक का तालाब लाभार्थी के पास होना चाहिए। वह मछली का शिकार करता हो।

# बुराइयों को दूर कर सुंदर समाज का करें निर्माण

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्थित लक्ष्मी नारायन की बगिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को समापन हुआ। कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद्भागवत महापुराण की व्याख्या आचार्य आदित्य मनोहर पाठक के द्वारा भक्तों को सुनाई गई। कथा में श्री कृष्ण के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। कथा में वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

कथा व्यास आचार्य आदित्य मनोहर पाठक ने अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरि लीला श्री रासलीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुब्जा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर श्रोताओं को श्रवण कराया। उन्होने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश दिए और उसके अनुरूप आचरण करने को कहा। कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह आदि ने कथा व्यास का माल्यार्पण कर सम्मान किया। उधर बुधवार की देर रात आयोजकों के द्वारा विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। आयोजक गगन मनीष गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कथा में डॉ. सुधीर दीक्षित, अतुल गुप्ता, रचित गुप्ता, विकास गुप्ता, तरुण गुप्ता, वरुण गुप्ता, प्रीति, किरण आदि रहीं।



कथा व्यास का माल्यार्पण करते कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र।



दुर्गा जागरण के दौरान राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे कलाकार।

## शव आते ही गांव में मच गया कोहराम

**तिर्वा, कन्नौज।** फर्रुखाबाद के कमालगंज में सड़क हादसे के शिकार दो दोस्तों के शव गुरुवार को गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के मढ़पुरा गांव निवासी कुबेर मिश्रा ( 25 ) क्षेत्र के ही कचाटीपुर गांव निवासी दोस्त प्रदीप कटियार की आंख में दिक्कत थी। दवा लेने के लिए बुधवार को दोनों लोग बाइक से फर्रुखाबाद गए थे। देर रात दवा लेकर वापस आने के दौरान कमालगंज में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगो ने घायलों को पास के ही स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कुबेर घर का इकलौता चिराग था।

# मंदिर की जमीन पर कब्जा, डीएम से शिकायत

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव के बाहर सड़क किनारे मां काली देवी का मंदिर है। मंदिर की जमीन पर कब्जा कर लिया गया। इसको लेकर ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर पैमाइश कराने की गुहार लगाई थी। डीएम के आदेश पर राजस्व टीम ने मौके पर जाकर पैमाइश कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

कोतवाली क्षेत्र के महतेपुर्वा गांव के बाहर खैरनगर तिर्वा मार्ग के किनारे मां काली देवी का पुराना मंदिर स्थित है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही निवासी की जमीन मंदिर के पीछे है। कब्जाधारियों ने मंदिर की जमीन सड़क निर्माण में चली जाने का हवाला देकर कब्जा करना चाहते है। ग्रामीणों ने डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल से मंदिर की जमीन की पैमाइश करवाने की गुहार लगाई। गुरुवार को डीएम के आदेश पर राजस्व टीम कानूनगो ओपी दुबे की अगुवाई में लेखपाल हृदेश पांडेय व पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर मंदिर की जमीन की पैमाइश की।



मंदिर की जमीन की पैमाइश करते राजस्व विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

टीम ने पैमाइश कर मंदिर की जमीन को चिन्हित कर दिया और कब्जा करने की फिराक में घूम रहे गांव के अन्य लोगों की जमीन का भी सीमांकन कर समस्या का निस्तारण कर दिया। कानूनगो ओपी दुबे ने बताया कि मंदिर की कुछ जमीन सड़क निर्माण में चली गई थी। आपसी सहमति से मंदिर के पीछे स्थित जमीन मालिकों ने अपनी जमीन का कुछ भाग दे दिया है। मौके पर वादी व प्रतिवादी दोनो लोगों में आपसी सहमति से समस्या का निस्तारण किया गया है। इस मौके पर प्रधान पुष्पा देवी, सतेंद्र कुमार, फूल सिंह, टिल्लू, रेशमा देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को मिले खेल उपकरण

**जसोदा, कन्नौज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल उपकरण वितरित किए गए। उनको अब इन उपकरणों से नियमित खेलने का मौका मिलेगा।विद्यालय के शारीरिक शिक्षक आकाश गुप्ता तथा दीपक कुमार ने बताया कि बच्चों के खेल में दक्षता के लिए सभी जरूरी सामान सरकार के द्वारा दिया गया है। इससे उनका खेल कौशल बढ़ेगा और बच्चों का स्वास्थ्य संवर्धन होगा। प्रधानाचार्य शिवमोहन सिंह कुशवाहा ने बताया कि इतनी मात्रा में खेल उपकरण आ जाने से सभी छात्र छात्राओं को खेल प्रशिक्षण देना आसान हो जाएगा।

## सार-संक्षेप



सरायमीरा जीटी रोड पर भंडारे में पूड़ी-सब्जी खाते भक्त। अमृत विचार

### श्रीमद्भागवत कथा समापन पर हुआ भंडारा

**कन्नौज।** सरायमीरा के डाक बंगला रोड मोहल्ले में श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर भक्तों ने भंडारे में पूड़ी सब्जी प्रसाद के रूप में ली। सरायमीरा के डाकबंगला मोहल्ला कचहरी रोड पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को समापन हो गया। इस मौके पर मां भगवती जगरण हुआ। कलाकारों ने भक्ति गीत सुना कर पूरी रात समा बांधी। शुक्रवार को जीटी रोड सरायमीरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया। भक्तों ने जीटी रोड से निकलने वाले यात्रियों को बुला-बुला कर पूड़ी सब्जी खिलाई। सुबह से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर आयोजक अभय सैनी, अनुज कुमार सैनी एडवोकेट, सुघर लाल सैनी, सुधा सैनी, के अलावा रोहित भदौरिया, मोनू शुक्ला, पंकज शुक्ला, नन्दू तिवारी, कुलदीप ठाकुर गूरा मौजूद रहे।

सुविधाएं मिलीं

प्रत्येक विद्यालय के लिए 16-16 लाख का बजट, मंत्री असीम अरुण ने विधायक निधि से की पहल

# 2 .56 करोड़ रुपये से संवारे जाएंगे 16 परिषदीय स्कूल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर विधानसभा क्षेत्र के 16 परिषदीय स्कूलों को 2.56 करोड़ रुपये के बजट से संवारा जाएगा। यहां छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए कई इंतजाम किए जाएंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विधायक निधि से 16-16 लाख रुपये का बजट दिया है।

समाज कल्याण राज्य मंत्री का कहना है कि परिषदीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र के 15 कंपोजिट विद्यालय और एक प्राथमिक स्कूल में डायनिंग शेड का निर्माण, कंप्यूटर, वाटर कूलर, आरओ, सीसीटीवी कैमरा, फर्नीचर आदि कार्य करवाया जाएगा। सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के कराए जाएंगे। बताया गया है कि इससे पहले 21 परिषदीय स्कूलों में विधायक निधि से सोलर पैनल, खेलकूद की सामग्री आदि से उनको संवारा गया है।





ब्लॉक सदर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नाहरघाटी में प्रमाणपत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

**इन विद्यालयों को मिलेगा लाभः** कंपोजिट विद्यालय सलेमपुर ताराबांगर, नजरापुर, खजुहा, बिलंदापुर नालाहार, भिदासिन, आंटी, बंसरापमऊ, बलारपुर, मलिकापुर, उदैतापुर, मधुपुर, मियांगंज, नाहरघाटी, खुर्रमपुर व सिपाही ठाकुर और प्राथमिक स्कूल सरायमीरा देहात को 16-16 लाख रुपये के विकास कार्य कराने के लिए चयनित किया गया है।

### बोर्डिंग ग्राउंड में 15.44 लाख रुपये से लगेंगी फ्लड लाइटें

- शहर स्थित कान्ह कुंवर (केके) इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड पर रात में अब अंधेरा नहीं रहेगा। ग्राउंड में फ्लड लाइट लगाने के लिए सदर विधायक असीम अरुण ने विधायक निधि से 15 .44 लाख रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। यूपी सिडको को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। बताया गया है कि एक-एक हजार वाट की लाइटें लगाने का कार्य जल्द शुरू होगा। फ्लड लाइट की ऊंचाई 10 मीटर रखी गई है जिससे लाइट की रोशनी से पूरा मैदान साफ-साफ दिखे।

# होली के त्योहार पर शिवनगरी से मायानगरी तक सफर होगा आसान

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- होली पर रेलवे ने शुरू की मुंबई सेंट्रल-बनारस एक्सप्रेस ट्रेन, कन्नौज में होगा ठहराव
- 20 और 22 मार्च को एक फेरे के लिए होगा संचालन, त्योहार पर घर आ सकेंगे परदेशी

**अमृत विचार।** भगवान शिव की नगरी काशी और मायानगरी मुंबई तक का सफर होली पर आसान हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे ने भीड़ को देखते हुए त्योहार स्पेशल मुंबई सेंट्रल-बनारस एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जिसे 20 व 22 मार्च को एक फेरे के लिए चलाया जाएगा। होली के त्योहार पर घर लौटने वाले परदेशी आसानी से घर आ सकेंगे। इस ट्रेन का कन्नौज स्टेशन पर भी ठहराव होगा।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली के जनसंपर्क अधिकारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 09183 मुम्बई सेंट्रल-बनारस वातानुकूलित होली विशेष गाड़ी 20 मार्च, 2024 बुधवार को मुम्बई सेंट्रल से 22.50 बजे प्रस्थान कर फर्रुखाबाद से 23.15 बजे, तीसरे दिन कन्नौज से 00.15 बजे, कानपुर सेंट्रल से 02.25 बजे, लखनऊ से 04.25 बजे, बनारस 10.30 बजे पहुंचेगी। इसी तरह 09184 बनारस-मुम्बई सेंट्रल वातानुकूलित होली विशेष गाड़ी 22 मार्च, 2024 शुक्रवार को बनारस से 14.30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ से 21.25 बजे, कानपुर सेंट्रल से 22.20 बजे, दूसरे दिन कन्नौज से 01.00 बजे, फर्रुखाबाद से 03.00 बजे छूटकर मुम्बई सेंट्रल 04.20 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का एक, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के तीन, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के छह, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी के चार, एलएसएलआरडी का एक तथा जनरेटर सह लगेज यान के एक कोच सहित 16 कोच लगाये जाएंगे।



मुंबई-बनारस एक्सप्रेस ट्रेन (प्रतीकात्मक फोटो)।

# जन औषधि संचालक से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार किए गए

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● जिला अस्पताल में 16 फरवरी को की थी मारपीट

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में रेबीज वैक्सीन पुत्र को लगवाने गये जन औषधि संचालक से मारपीट की गई। मामले में पांच नामजद समेत 25 पर रिपोर्ट दर्जकराई गई थी। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जब कि नामजद तीन आरोपी फरार हैं। इनकी तलाश पुलिस कर रही है।

जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र का संचालन करने वाले अजीत पांडेय अपनी ग्राम प्रधान मां व पुत्र को लेकर जिला अस्पताल रेबीज वैक्सीन लगवाने आये थे। इसी दौरान जिला अस्पताल में अप्रेंटिस कर रहे फार्मासिस्ट सूफियान से कहासुनी के बाद अजीत से मारपीट की थी। यही नहीं अस्पताल के बाहर निकलने पर गेट के निकट सूफियान ने करीब 25 साथियों के साथ अजीत की कार रोक कर जमकर मारपीट की थी। इस दौरान अजीत के सिर में गंभीर चोट लगी थी, मां भी घायल हो गई थी। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही थी। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने जलालपुर सरवन निवासी सूफियान व उसके भाई इस्तिकार उर्फ भोला पुत्रगण अतीक को गिरफ्तार कर लिया। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों भाइयों को जेल भेजा गया। मामले में नामजद रजा वारिस, एपीशान व मसरूफ फरार चल रहे हैं।

# नहर में डूब गया घर का एकलौता चिराग

**तिर्वा।** पिता के पास गुजरात गया युवक नहर में डूब गया था। तीसरे दिन उसका शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उसका अंतिम संस्कार कर घर लौट आये। तिर्वा कोतवाली के हरीपुर्वा गांव निवासी दिनेश का पुत्र 19 वर्षीय प्राशू व राजेश का पुत्र 21 वर्षीय पुत्र पिता के पास तीन मार्च को घूमने गए थे। दस मार्च रविवार की दोपहर दोनो चचेरे भाई माडवी के पास नहाने गए थे। नहर के पास मौजूद ग्रामीणो ने डूबे अभिषेक को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन प्राशू का पता नहीं चला था। तीन दिन बाद नहर में शव उतराता मिला। रेसक्यू टीम ने उसे बाहर निकाला। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। प्राशू एकलौता पुत्र था। उसकी तीन बहनें हैं। पुत्र की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया।

# गोपाल के लगेंगे इलेक्ट्रानिक हाथ, 9.33 लाख स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जनवरी में गोपाल के घर जाकर मिले थे समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण।



जलालाबाद में लगे हैंडपंप से पानी पीता गोपाल दीक्षित। अमृत विचार

● 13 साल पहले करंट से गवां दिए थे दोनों हाथ, पैरों से करता काम

**अमृत विचार।** गोपाल दीक्षित के अंदर पढ़ाई का जज्बा है। आगे चलकर वह देश सेवा के लिए सिविल सर्विस सेवा की तैयारी करना चाहता है, लेकिन उसके दोनों हाथ नहीं हैं। सभी काम पैरों से कर रहा है। अब यह दिक्कत भी दूर हो जाएगी। हालांकि प्राकृतिक हाथ तो नहीं मिल सकेंगे, लेकिन इलेक्ट्रानिक (कत्रिम) हाथ लगवाने के लिए 9.33 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है।

बात हो रही है तहसील सदर कन्नौज क्षेत्र के जलालाबाद निवासी 18 वर्षीय गोपाल दीक्षित की। जब वह पांच साल का था तो बिजली ट्रांसफार्मर के निकट एक दुर्घटना में उसने अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे। गोपाल दीक्षित बताते हैं कि हादसे से पहले व बाद की जानकारी तो है, लेकिन हादसे के वक्त क्या हुआ उसे नहीं पता। उसने बताया कि जब उसे होश आया तो उसके पिता एंबुलेंस से कानपुर जिले के बिल्हौर अस्पताल में ले गए थे। वहां से उसे रीजेंसी हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। यहां इलाज में खर्चा अधिक आया और उसका मकान बिक गया था। इस दौरान दोनों हाथ चले गए। उसके बाद से वह पैरों से सभी काम करता है। पैरों से ही पढ़ता-लिखता है। उसी से नहाना, खाना समेत दैनिक के काम करता है। अब उसे पैरों से काम करने की आदत पढ़ गई है। गोपाल का कहना है कि उसे गणित विषय अच्छा लगता है। गांव में ही शिक्षक प्रशांत पाठक के पास पढ़ने जाता है।

हाईस्कूल की परीक्षा दे चुका है आगे गणित से इंटरमीडिएट पास करेगा। उसने बताया कि निजी अस्पताल में हाथ लगने में काफी खर्च बताया गया था, जिसे उसका परिवार वहन नहीं कर सकता है। इस वजह से उसने इलेक्ट्रानिक हाथ नहीं लगवाए हैं। स्नातक के बाद वह सिविल सेवा की तैयारी करना चाहता है।

**घर पहुंचकर ली थी मंत्री ने जानकारी**

दिव्यांग गोपाल दीक्षित प्रकरण की जब किसी तरह समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को हुई तो जनवरी में वह गोपाल से घर जाकर मिले थे। उन्होंने पढ़ाई व कत्रिम अंग लगवाने में मदद का पूरा भरोसा दिया था। उस दौरान गोपाल ने बताया था कि सरकारी अस्पतालों में कृत्रिम अंग लगाने की सुविधा नहीं हैं और निजी अस्पतालों में खर्च करने के लिए उसके पास बजट नहीं है। मंत्री ने बताया कि कृत्रिम अंग के लिए 9.33 लाख रुपये विधायक निधि से स्वीकृत किए गए हैं। अब गोपाल को राहत मिल सकेगी।

# अब कल से नहीं, 20 से होंगे परिषदीय स्कूलों में इम्तिहान

## बीआरसी में कक्षा और स्कूल के नाम से तैयार किए जा रहे प्रश्नपत्रों का होगा वितरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बीआरसी कन्नौज से वार्षिक गृह परीक्षाओं के प्रश्न पत्र वितरित करते शिक्षक।

**अमृत विचार।** कल यानि 16 मार्च से शुरू होने वाली परिषदीय स्कूलों की वार्षिक गृह परीक्षाएं आगे बढ़ा दी गईं हैं। अब 20 मार्च से 27 तारीख तक इम्तिहान चलेंगे। इसको लेकर संशोधित आदेश जारी हो गया है। दूसरी ओर बीआरसी से प्रश्न पत्रों का वितरण भी शुरू हो गया है। खास बात यह है कि अबकी स्कूल के नाम, कक्षा व विषयवार पेपर छपने के बाद पैक होकर आए हैं। इससे उनको खोलकर गिनना नहीं पड़ रहा है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में 16 मार्च से 21 तारीख तक होने वाली परीक्षाओं को आगे बढ़ाकर संशोधित आदेश जारी किया है। नई परीक्षा सारिणी में अब 20 मार्च, 21, 22, 23 व 27 मार्च को पेपर होंगे। बीएसए ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह सवा नौ से पौने 11 बजे तक और दूसरी पाली की सवा 12 बजे से पौने तीन बजे तक होगी। दूसरी ओर गुरुवार को बीआरसी में पेपरों का वितरण शुरू हो गया। बीईओ मुख्यालय/सदर विपिन कुमार ने बताया कि खाकी रंग के पैकेट में पैक होकर प्रश्न पत्र आ गए हैं। पहली बार छोटे-छोटे पैकेट आए हैं। इससे वितरण में काफी सहूलियत है। साथ ही पेपर खोलकर उनको गिनने व वितरण करने की समस्या भी राहत मिल गई है। सभी पैकेट स्कूलों, विषय, कक्षा व बच्चों की संख्या के हिसाब से बनकर आए हैं। नई व्यवस्था से गोपनीयता भी बनी रहेगी। पहले दिन कई विद्यालयों के लिए वितरण हो गया है। इस मौके पर उपेंद्र यादव, मानवेंद्र सिंह व विजय कटियार मौजूद रहे।

# शांति-सौहार्द से मनाएं होली व रमजान पर्व

**गुरसहायगंज।** गुरुवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाल ने जुमा, रमजान व होली पर्व को लेकर लोगों से चर्चा की। कहा कि शांति व कानून व्यवस्था को कायम रखते हुए पर्वों को मनाने की अपील की। कहा कि नगर के 16 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। मांस व मछली की ब्रिकी खुले में न की जाए। होलिका स्थल के पास रखी दुकानों को दुकानदार हटा लें। होलिका स्थलों को लेकर विवाद करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, राजेश प्रताप, विनय शर्मा, रावेन्द्र सिंह, चन्द्रभान सिंह, आनंद मिश्रा, आशीष कुमार सहित महंत राकेश चन्द्र दुबे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, रामकुमार पाठक, शिवमराज वर्मा, नीरज मिश्रा, आरपी सिंह, सुगम दुबे, विजय दुबे, शमशाद खां, मुनीर कुरैशी आदि रहे।

# मतदान करने को आगे आएं लोग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● निर्वाचन साक्षरता क्लब की कार्यशाला में साझा की गईं कई जानकारियां

● मतदाता गीत गाया, नुक्कड़ नाटक से दिया गया मतदान का संदेश

**अमृत विचार।** तिर्वा के डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में मतदाता साक्षरता कार्यशाला हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने वोटर बनने और मतदान जरूर करने को लेकर कार्यक्रम पेश किए। वक्ताओं ने स्वीप के तहत जनजागरुकता के जरिए आने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने की बात कही।

गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र की छात्राओं कीर्ति, नेहा, सोनम, बेबी, सपना व शशि ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। जीआईसी उमर्दा की छात्राओं आंशी व सलोनी ने मतदाता गीत सुनाया। इसी कॉलेज के छात्र अर्पित द्विवेदी ने मतदाता जागरुकता को लेकर बात रखी। प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी की छात्राओं ने मतदाता नृत्य प्रस्तुत किया। बीए के छात्र रजत मिश्र ने मतदाता जागरुकता पर भाषण दिया।

सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज कॉलेज से छात्रा श्रुति त्रिपाठी, आख्या मिश्रा, चाहत राठौर, सोनम राठौर, तनु पटेल, आकाशी, तनिष्का पाठक व कनक ने नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। इस मौके पर डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, बीएसए उपासना रानी वर्मा, प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, डायट प्रवक्ता डॉ. सुनील चतुर्वेदी, सहायक प्रोफेसर डॉ. हेमेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक शिवमोहन कुशवाहा, दिव्या शर्मा, रीना कनौजिया मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने किया।





चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# विधायक ने किया तीन संपर्क मार्गों का शिलान्यास

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

● क्षेत्र के लोगों को आवागमन में होगी सुगमता

**अमृत विचार।** भाजपा विधायक अर्चना पाण्डेय ने नावार्ड वित्तपोषित आरआईडीएफ-29 योजना के अंतर्गत तीन संपर्क मार्गों का हवन पूजन कर शिलापट का अनावरण किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। इन संपर्क मार्गों का निर्माण हो जाने पर क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुगमता हो जाएगी। उन्होंने हवन पूजन एवं शिलापट का अनावरण करके 161.80 लाख से बनने वाले 2 किलोमीटर लंबे महमूदपुर खास नादनपुर पुलिया से शंकरपुर लोकपुर संपर्क मार्ग, 144.97 लाख से बनने वाले 1.7 किलोमीटर लंबे कसावा से पलिया बूंचपुर टिकुरियन संपर्क मार्ग एवं 127.38 लाख से बनने वाले 1.5 किलोमीटर लंबे बेहटा खास से खानपुर कसावा संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इन तीनों संपर्क मार्गों का निर्माण कार्य निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार, सहायक अभियंता मंजरी वर्मा, आशुतोष गौड़, रमाकांत शर्मा, राजेश कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, ओमजी दीक्षित, दलगंजन सिंह यादव, राजेश भदौरिया, हिमांशु त्रिपाठी मौजूद रहे।



शिलान्यास करतीं विधायक अर्चना पांडे।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर बनाएं सशक्त

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज





महासम्मेलन में जनता को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल।

● नेहरू महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** नगर के पूर्वी बाईपास पर स्थित नेहरू महाविद्यालय के मैदान में आयोजित हुए भाजपा के राजमाता अहिल्याबाई होल्कर स्वाभिमान महासम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून एवं न्यायमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने बच्चों की अच्छी शिक्षा दिए जाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि सुब्रत पाठक ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव को हराकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के शासन की प्रशंसा करते हुए कहा 12,776 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और गरीब कल्याण की तमाम योजनाएं चलाईं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना किसी भेदभाव के जन कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। उन्होंने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल पाल के भाषण की तारीफ करते हुए कहा इसमें लीडरशिप की क्षमता है।

सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान देने का काम करने के साथ बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ दिया है। विधायक अर्चना पांडेय ने कहा किसी जमाने में यहां पर सपा का गढ़ माना जाता था लेकिन अब सभी ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं। इससे पहले प्रो. एसपी सिंह बघेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम पाल के गांव तिलोकापुर पहुंचकर वहां राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा लगाने के लिए शिलान्यास किया।

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष व एक दर्जन पदाधिकारी चुने गए निर्विरोध

**छिबरामऊ।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ के चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी रामचन्द्र यादव की देखरेख में अध्यक्ष सहित सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच के दौरान वैध पाए गए थे। गुरूवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बादाम सिंह कुशवाहा उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए कृष्ण चंद्र चतुर्वेदी, कुलदीप सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन रवि मिश्रा तथा संयुक्त सचिव पुस्तकालय सुमनलता शाक्य और संयुक्त सचिव प्रसारण के लिए अभिषेक दुबे तथा प्रशासनिक सदस्य वरिष्ठ पद पर निखिलेश कुमार द्विवेदी, अरूण शेखर तिवारी, मुकेश चन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र फगुहा में 80 फीसदी बच्चे नदारद मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्राथमिक स्कूल में भी छात्रों की संख्या कम मिली

**अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ब्लाक सदर क्षेत्र के फगुहा प्राथमिक स्कूल और आंगनबाड़ी के दो केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्र पर 80 फीसदी बच्चे नदारद मिले। दूसरी ओर विद्यालय में भी 68 छात्र-छात्राएं नहीं थे। अन्य कई कमियां मिलीं हैं।

गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि प्राथमिक स्कूल फगुहा में 236 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, उसके सापेक्ष 168 मौजूद मिले। यहां छह शिक्षक तैनात हैं, इसमें दो मेडिकल अवकाश पर बताए गए। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर में दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। फगुहा प्रथम में कार्यकत्री उमा देवी व राजित्री देवी मौजूद थीं। यहां 56 में से 10 बच्चे ही मिले। फगुहा द्वितीय में पंजीकृत 48 नौनिहालों में 11 मौजूद थे।

बताया गया है कि इस केंद्र पर 12 मार्च से उपस्थिति पंजिका नहीं भरी गई थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी का मानना है कि इससे प्रतीत होता है कि मनमाने ढंग से बाद में संख्या दर्ज की जाती है। साथ ही केंद्र पर हॉट कुक्ड अभिलेख, गेहूं, चावल, पोषाहार स्टॉक वितरण किसी प्रकार की कोई पंजिका नहीं मिली। ब्लाक मुख्यालय से समीप का केंद्र होने के बाद भी कई महीनों से ब्लाक के अधिकारी ने निरीक्षण नहीं किया।

**आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति ने लगाया वसूली का आरोप**

**कन्नौज।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति ने केंद्रों से वसूली करने का आरोप लगाया है। साथ ही नौनिहालों के लिए आने वाला राशन बिक्री करने की शिकायत डीएम से की है। तिर्वा तहसील क्षेत्र के औसेर निवासी योगेंद्र तिवारी ने कलक्ट्रेट में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल को पत्र देकर आरोप लगाया है कि आंगनबाड़ी केंद्र जुर्रापुर्वा व औसेर में कुपोषित बच्चों को राशन नहीं दिया जा रहा है। उनका हक बाजार में बिक्री किया जा रहा है। साथ ही तीन हजार रुपये प्रति केंद्र से वसूली कराई जा रही है। उसने बताया कि पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। विभागीय अधिकारी व सुपरवाइजर कुछ दलालों के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों से वसूली कराते हैं। वसूली करने वालों में कुछ कार्यकत्रियों के पति भी शामिल हैं। उनके माध्यम से ही बच्चों का राशन बिक्री कर दिया जाता है। डर की वजह से कई लोग शिकायत नहीं कर पा रहे हैं।

**हकीकत देखी** — जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

# बुजुर्गों के कमरे में मिले बीड़ी के अधजले टुकड़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिलाओं से जानकारी लेतीं एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जब कमरों में जाकर देखा तो वहां बीड़ी के अधजले टुकड़े पड़े मिले। इस पर उन्होंने प्रबंधक को ऐसे बुजुर्गों को निष्कासित करने के निर्देश दिए। वहीं, रसोईघर के पास वाले कमरे में बुजुर्ग महिलाओं ने तेल-मसाले के धुएं की शिकायत की।

गुरुवार को अपर जिला जज लवली जायसवाल ने पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। प्रबंधक अंकित शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वृद्ध की उपस्थिति प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ली जा रही है। निरीक्षण के दौरान सस्था के कक्ष संख्या एक में जली हुई बीड़ी के कई अधजले टुकड़े पाये गये।

पूछने पर बताया गया कि कुछ वृद्धजन संस्था प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा बार-बार मना करने के बाद भी नशे का सेवन नही छोड़ रहे है। इस सबंध में प्रबन्धक को निर्देशित किया कि जो भी वृद्धजन नशे के आदी हैं, उनका नाम व विवरण ऐसे वृद्धजन की संस्था से निष्कासित कराये जाने के लिए संबंधित अधिकारी को अनुरोध पत्र प्रेषित करें। रसोई कक्ष के साथ लगे हुए कमरों में रहने वाली महिला वृद्धजनों में रसोई की गैस व तेल-मसालों की झार आने से खांसी होने की समस्या बताई गई। उन्होंने प्रबंधक को निर्देश किए कि नीचे कमरों में रह रहे स्वस्थ बुजुर्गों को ऊपरी तल पर बने कमरों में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने बुजुर्गों को बताया कि यदि कोई निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करना चाहता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर सकता है। पराविधिक स्वयंसेवक जगदीश को बुजुर्गों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बुजुर्गों को भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर स्टाफ नर्स ललिता, प्रबंधक अंकित शुक्ला व लिपिक बसंतराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप





अभिभावकों को बच्चों के साथ किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### बच्चों और अभिभावकों को किया सम्मानित

**सौरिख-कन्नौज।** ब्लाक स्तर पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री और बच्चों अभिभावकों को सम्मानित किया गया। ब्लाक स्तर पर ब्लाक सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश बाथम ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, बीडीओ निरंजन त्रिवेदी खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री उनके दो-दो बच्चे तीन-तीन अध्यापकों और निपुण छात्रों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी हिमांशु प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर दुष्यंत सिंह, संजय वर्मा, नैमिष द्विवेदी, गिरजेश सिंह वैस, आशुतोष गुप्ता, अखिलेश शुक्ला, मयंक त्रिपाठी मौजूद रहे।



रूट मार्च मार्च करते पुलिस व बीएसएफ के जवान। अमृत विचार

### पुलिस, बीएसएफ ने रूट मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**सौरिख-कन्नौज।** आगामी लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस बीएसएफ ने रूट मार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और बताया हुड़दंग करने वालों को नहीं छोड़ा नहीं जाएगा। गुरुवार को थाना सौरिख पुलिस ने बीएसएफ फोर्स के साथ महत्वपूर्ण नादेमऊ चौराहा, बिधूना रोड, सकरावा रोड, कुम्हर मंडी, सब्जी मंडी, ऋषि भूमि चौराहा, सदर बाजार तिराहे व चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। जनमानस से वार्ता की व उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया। शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया।

### प्रेमी की तलाश में दिल्ली से कोतवाली पहुंची प्रेमिका

**तिर्वा, कन्नौज।** करीब चार वर्ष से एक साथ रहे रहे प्रेमी युगल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। नाराजगी दिखाते हुए प्रेमी गांव भाग आया। कोई सुराग न मिलने पर प्रेमिका कोतवाली पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए प्रेमी को कोतवाली बुलाया, जहां प्रेमी प्रेमिका व परिजनों के बीच आपसी सहमति से मामले का निस्तारण हो गया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि पांच साल से दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में वह नौकरी करती है। तिर्वा कस्बा के एक मोहल्ला निवासी युवक भी दिल्ली में वाहन चलाता था। करीब चार साल पहले उस युवक से दोस्ती हो गई और साथ में रहने लगे। कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गुस्साया प्रेमी अपने घर भाग आया। उसने बातचीत करना भी बंद कर दिया। प्रेमी के घर गई तो परिजनों ने उससे अभद्रता कर दी। मामला बिगड़ता देख प्रेमिका कोतवाली पहुंच गई। उसने कोतवाली में युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म समेत अन्य आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से महिला सहित चार लोग घायल

**शमसाबाद, फर्रुखाबाद।** बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी, इससे बाइक चालक सहित चार घायल हो गए। महिला को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद बदायूं के कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवतीपुर निवासी बाइक चालक हरि ओम अपने रिश्तेदार अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा निवासी महेश कुमार और निलेश कुमार के साथ मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़ नगरिया में दावत खाने बुधवार शाम को गए थे। गुरुवार को वापस आते समय ढाई घाट रोड पर भूसा मंडी के पास रोड पर अचानक महिला आ गई। इससे तेज रफ्तार बाइक से महिला की टक्कर हो गई। टक्कर से गीता पत्नी रामबाबू निवासी चौखण्डा गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक चालक सहित दोनों बाइक सवार भी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर लाई। यहां से महिला को लोहिया के लिए रेफर किया गया।

### गृह कलह से तंग युवक ने जहर खाया, रेफर

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में गृह कलह से तंग युवक ने जहर खा लिया ।गम्भीर यवस्था में उसे सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ग्राम च्युलारा निवासी हरबान के पुत्र प्रवेश राजपूत( 27 ) ने कीटनाशक का सेवन कर लिया ।जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे आनन फानन कायमगंज के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### एसपी ने बदले चार थानेदार

**फर्रुखाबाद।** कानून व्यवस्था को चुस्त एवं दुरुस्त बनाने के लिए एसपी ने चार थानेदारों को इधर से उधर कर दिया है। थाना कादरी गेट के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को न्यायालय सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया। न्यायालय सुरक्षा प्रभारी अवध नरायन पांडे को थाना कादरीगेट का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया। कोतवाली फर्रुखाबाद के प्रभारी निरीक्षक भोलेंद्र चतुर्वेदी को थाना जहानगंज का प्रभारी बनाया गया। थानाध्यक्ष जहानगंज उप निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा की कोतवाली फर्रुखाबाद में थानाध्यक्ष पद पर तैनाती की गई।

### बंद पड़े मकान का ताला तोड़ चोरों ने की लाखों की चोरी

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में बंद पड़े मकान में बक्से का ताला तोड़ चोर लाखों की चोरी कर ले गए। घटना की सूचना परपुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के गांव चकर पट्टी निवासी अवनीश शाक्य पेशे से किसान हैं। बीती रात वह अपने मकान को बंद करके पड़ोस के मकान में सोने चले गए। रात में चोरों ने पीछे की दीवार से चढ़कर कमरे में रखा बक्से का ताला तोड़ दिय्या। चोर बक्से में रखी सोने की जंजीर, कान की झुमकी, तोड़िया और पायल चोरी कर ले गए। सुबह जब घर का ताला खोला तो बक्सा का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाने पहुंचकर अवनीश ने पुलिस को तहरीर दी है।

### बाइक फिसलने से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव जिजपुरा निवासी भीम प्रकाश कायमगंज से घर वापस जा रहा था ।तभी उसकी बाइक गांव के पास ही फिसल गई। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। घायल अबस्था में उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की चली गई जान, पसरा मातम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● आंख का ऑपरेशन कराकर लौटते समय कमालगंज क्षेत्र में हुआ हादसा


लोहिया अस्पताल में रोते-बिलखते कुबेर के परिजन।


बिलख रही प्रदीप की पत्नी व भाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना कमालगंज क्षेत्र में बुधवार को देर रात ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार मरीज और डाक्टर दोनों की मौत हो गई। मरने वाले जिला कन्नौज के रहने वाले हैं। कन्नौज के थाना इंदरगढ़ के गांव कचासीपुर निवासी प्रदीप कुमार (40) पुत्र वीरेंद्र कुमार व गांव मढपुर निवासी डॉक्टर कुबेर मिश्रा (27) पुत्र डॉक्टर वीके मिश्रा के साथ आंख का आपरेशन कराने फर्रुखाबाद में डॉक्टर नितेश भट्ट के यहां आए थे। बुधवार रात दोनों बाइक से अपने गांव वापस जा रहे थे। वह थाना कमालगंज के गांव कतरौली पट्टी क्रासिंग के पास पहुंचे उसी समय ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां तैनात डॉक्टर ने प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल डाक्टर कुबेर मिश्रा की हालत गम्भीर देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर वैभव यादव ने डाक्टर कुबेर मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। उनके शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

हादसे का शिकार हुए प्रदीप कुमार के तीन बच्चें है काजल (16 ), पायल (15) व पुत्र आर्यन (11) है। पत्नी रीना, मां सत्तो देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। डॉक्टर कुबेर मिश्रा की शादी 19 फरवरी 2022 को आकांक्षा उर्फ आंसू के साथ इटावा जिले से हुई थी। डॉक्टर कुबेर मिश्रा की मां अखिलेशा अपने डॉक्टर पुत्र की मौत पर विक्षिप्त सी हो गई हैं। गुरुवार को पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। कमालगंज के थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया दुर्घटना कर भागे ट्रैक्टर चालक का पता लगाया जा रहा है। किसी ने अभीतक मामले की तहरीर नहीं दी है, तहरीर मिलते ही मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

### दो साल पहले हुई थी शादी

**फर्रुखाबाद।** शादी के दो साल बाद ही आशू की दुनिया उजड़ गई। पति की मार्ग दुर्घटना में मौत की खबर पाकर लोहिया अस्पताल पहुंची डाक्टर कुबेर की मां अखिलेशा और पत्नी आकांक्षा का रो-रो कर बुरा हाल है। आकांक्षा अपने पति की बातों को याद करके तड़फ रही है। वह बताती की कुबेर इसबार होली की विशेष तैयारी कर रहा था। दुर्घटना होने के आधा घण्टा पहले कुबेर ने फोन पर उससे बात की थी।

# अनाधिकृत स्थान से नहीं लें शराब, हो सकती है मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** होली के त्यौहार पर अनाधिकृत रूप से बेची जा रही मदिरा का सेवन न करें। यह मदिरा जानलेवा साबित हो सकती है। यह चेनावनी जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता ने जारी की है। बताया कि त्यौहारों पर अधिकांश लोग अधिकृत दुकानों से शराब न खरीद कर अन्य जगहों से खरीद कर पीने लगते हैं। यह शराब जहर हो सकती है ।यह मिथाइल अल्कोहल हो सकता है। आबकारी अधिकारी गुप्ता ने बताया कि इसका जरा सा भी सेवन करने से पीने वाला व्यक्ति अंधा हो सकता है। या फिर उसकी मौत हो सकती है। उन्होंने कहा कि जरूर है कि यह लोग सस्ती कीमत पर मिठाई स्प्रिट बेचते हैं और त्योहार पर लोग गांव में भी इस तरह की शराब आपूर्ति करते हैं ।जिला आबकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि किसी भी जगह अनाधिकृत रूप से शराब बिकती नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल उनके फोन नंबर पर दी जाए। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। आबकारी अधिकारी गुप्ता ने कहा कि अनहोनी रोकने के लिए लोगों को सक्रिय होना चाहिए और लोगों को जागृत करना चाहिए। मिथाइल अल्कोहल का सेवन करना जान जोखिम में डालना है। यह मदिरा बहुत नशीली होती है बताते चले की 2 साल पहले नवाबगंज क्षेत्र में मिठाई स्पीड पीने से चार लोगों की मौत हो गई थी और 10 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए थे, नवाबगंज में भी ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं।

# हंगामे के बीच 99 करोड़ का बजट प्रस्ताव किया पास

## भाजपा समर्थित सभासदों ने किया बोर्ड की बैठक का बहिष्कार

पालिका बोर्ड की बैठक

संवाददाता फर्रुखाबाद


बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद सदर बोर्ड की बैठक में भारी हंगामे के बीच करीब 99 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया। सदन के पटल पर सभी प्रस्ताव कोरम पूरा होने पर पास कर दिए गए। 50 करोड़ रुपए से सेलरी दी जानी है। बाकी बजट से पेंशन भत्ता आदि दिया जाएगा। बचे हुए बजट से विकास कार्य कराए जाएंगे।

इस मौके पर भाजपा समर्थित सभासदों ने नगर पालिका बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा काटा और बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया। तीन सभासद अतुल शंकर दुबे, सुदामा नगर नन्हे पंडित शिवाजी नगर, विश्वनाथ पटेल नगर मौके से चले गए। भाजपा सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल पर मनमाने तरीके से बजट पास करने का आरोप लगाया है। सभासदों का कहना है कि उनसे कोई राय नहीं ली गई।

पत्रकारों से बात करते हुए पालिका अध्यक्ष वत्सलता अग्रवाल ने बताया कि 99 करोड़ रुपए का बजट पास हुआ है। 50 करोड से सैलरी दी जाती है। बाकी बजट में से पेंशन भत्ता आदि दिया जाएगा। बचे बजट से विकास कार्य कराए जाएंगे। काफी समय से अधर में लटके रेलवे रोड के निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने कहा कि रेलवे रोड का 196 करोड़ का बजट पीडब्ल्यूडी ने बनाकर दिया है। पीडब्ल्यूडी ने पोल शिफ्टिंग व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का बजट दिया है। यह कार्य टेंडर होने के बाद शुरू हो जाएगा।

### वकील सहित पांच लोगों के घर होंगे कुर्क

**फर्रुखाबाद।** हत्या के मुकदमे में फरार चल रहे वकील सहित पांच के खिलाफ कोर्ट ने कुर्की की कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। तीन वर्ष पहले उधारी के रुपये मांगने पर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला रकाबगंज निवासी शरदा उर्फ सरस्वती ने मोहल्ले के वकील अजय गिहार, सुशील, सुरेश गिहार, प्रदीप, शनि, अनुज, सोनू, गांव आमिलपुर निवासी अनिल यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि 27 सितंबर 2021 को पुत्र शिवा उधारी के रुपये मांगने गया था। उसी दौरान इन लोगों ने रास्ते में घेरकर शिवा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। फरार चल रहे अजय गिहार, सुशील, अनिल यादव, प्रदीप व अनुज के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। उसके बाद भी वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने कुर्की चस्पा की कार्रवाई कर आदेश भी तामील करवा दिए।


सामूहिक विवाह समारोह के पंडाल में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

# सात जोड़ों ने थामा एक- दूजे का हाथ

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● सावित्रीबाई फुले सेवा समिति की ओर से आयोजित हुआ सामूहिक विवाह समारोह

**अमृत विचार।** सावित्रीबाई फुले सेवा समिति की ओर से सर्वधर्म सामूहिक विवाह का आयोजन सिटी लाइट हाल में किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में सात जोड़ो का हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया। सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समिति के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार एवं समिति के समस्त सदस्यों द्वारा सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य तथा अन्य अतिथियों का माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया । कार्क्रम के संयोजक योगेश कुमार ने बताया गया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से विभिन्न जातियों के साथ जोडे सम्मिलित हुए। सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने माता सावित्रीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को बताया कि यह हमारे देश की प्रथम महिला शिक्षिका थीं ।

जिन्होंने समाज में महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया। डॉ. साहब द्वारा सम्मिलित हुए सभी नव जोड़ों को आशीर्वाद व उपहार प्रदान किया गया। समिति की कोषाध्यक्ष ज्योति व समिति के अध्यक्ष संजय कुमार ने वर कन्याओं को उपहार व आशीर्वाद प्रदान किया। इसी क्रम में समिति के संयोजक योगेश कुमार के माता-पिता द्वारा भी सभी नव जोड़ों को उपहार वह आशीर्वाद प्रदान किया गया।

समिति के सभी सदस्यों द्वारा नव जोड़ो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. विपिन कुमार जादौन, सरनाम सिंह, हेमलता देवी, राजेंद्र कुमार, श्रीमती राम दर्शनी, विनीता जादौन, अरुण कुमार, सौरभ राठौर, राजेश कुमार,सोनू राठौर तरुण कुमार शुक्ला, विधिक सलाहकार बृजेश कुमार एडवोकेटसंयुक्त सचिव, अभिषेक कुमार त्रिपाठी वकील भारतीय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आकर दिव्यांग वृद्ध की मौत

संवाददाता, कमालगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी में तेरहवीं संस्कार में शामिल होने की बात कहकर घर से निकले दिव्यांग वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वृद्ध का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के पास मिली डायरी से नंबर लेकर रिश्तेदारों को जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव न्यामतपुर सरैया निवासी वीरे सिंह यादव (65) पैर से दिव्यांग हैं। बुधवार शाम वह घर से क्षेत्र के गांव धारा नगला निवासी रामसरन की तेरहवीं संस्कार में शामिल होने जाने की बात कहकर निकले थे। कानपुर- फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित फूलमती मंदिर के सामने बीतीरात किसी समय ट्रेन की चपेट में आने से वीरे की मौत हो गई। गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने वृद्ध का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। इस पर थानाध्यक्ष राजेश राय टीम के साथ पहुंचे। आरपीएफ दरोगा महिपाल सिंह ने पहुंचकर जांच की। पुलिस ने आस- पास गांव के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। इसके बाद वृद्ध की जेब में मिली डायरी में लिखे नंबरों पर कॉल किया तो उमराव नगला निवासी जवाहर सिंह ने पहुंचकर शव की शिनाख्त साडू वीरे के रूप में की। वीरे के चार पुत्र सतीश, अशोक, सतेंद्र, गोविंद व दो पुत्री सुमन, सुखदेवी हैं।

# एसपी और जवानों ने किया रूट मार्च

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


रूट मार्च करते पुलिस एवं अर्ध सैनिक बल के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से करने के लिए एसपी विकास कुमार ने पूरी तरह से कमर कस ली है ।जिसके तहत पुलिस और अर्धसैनिक बल जगह जगह रूट मार्च करके मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने की जानकारी दे रहे हैं ।इसी के चलते फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्राधिकार नगर प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बल के साथ पुलिस ने मुख्य मार्ग से लेकर गली कूचा तक रूट मार्च करके लोगों को निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करने की बात कही ।सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि मतदान प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है ।इसका हनन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष मतदान कराया जाएगा, चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वालों पर पुलिस नजर रखे हुए हैं। समय आते ही उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। इसी क्रम में थाना मीरापुर में पुलिस और अर्धसैनिक बल नेएक साथ रूट मार्च करके मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने मतदाताओं से कहा कि वह किसी के दबाव में आकर मतदान न करें। उन्होंने कहा कि एसपी विकास कुमार के सख्त निर्देश है की चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से कराया जाए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी मतदाता को धमकाता है तो वह इस संबंध में सीधी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस एवम अर्ध सैनिक बल के जवान और अधिकारी गांव गांव पहुंच कर सुरक्षा का भरोसा दिला रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### रैली निकालकर मतदान का दिया संदेश

**फर्रुखाबाद।** कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुंदरलाल के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाली तथा मतदान जागरुकता अभियान चलाया। गांव निनौआ में घर-घर जाकर सभी ग्राम वासियों को मतदान का महत्व एवं ग्रामवासियों की जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा एवं समाज व राष्ट्रहित में उनकी भूमिका के विषय में विचार विमर्श भी किए। डॉ. शिल्पी सिंह ने कहा कि मतदान को महोत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। डा. सुंदर लाल ने भी सभी स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को लोकतंत्र का महत्व समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक डॉ महेश कुमार, डा सतेन्द्र कुमार, डॉ अमित कुमार, डा प्रियांशु गुप्ता आदि के साथ छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, भूलन देवी, पूजा, शिवानी, अमृता सिंह, रोशनी, आकांक्षा, खुशी, अर्चना, खुशबू, शिवी सक्सेना, प्रतिमा, शिल्पी, प्रियांशी वर्मा, काजल, आर्तिका, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत आदि उपस्थित रहे।


डीएम वीके सिंह को ज्ञापन देते सपा नेता। अमृत विचार

### अग्निवीर योजना को वापस लेने की मांग

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ ने जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि अग्निवीर योजना को वापस लिया जाए। समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित भारत सरकार की सेना में भर्ती अग्निवीर योजना को वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव के साथ जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के समक्ष ज्ञापन में उठाई गई मांगों को पढ़कर सुनाया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि इस अग्निवीर योजना से मात्र 4 वर्ष की नौकरी होने के कारण युवाओं का भविष्य अंधकार में हो गया है। इस मौके पर बेचेंलाल यादव प्रदेश सदस्य सैनिक प्रकोष्ठ, बृजेश सिंह राव सदस्य सैनिक प्रकोष्ठ, अमित कुमार जिला महासचिव सैनिक प्रकोष्ठ, दीप सिंह यादव, प्रमोद कुमार यादव, आदि लोग ज्ञापन देने के समय मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर गांव में छत से गिरकर युवक घायल

**शमशाबाद फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी नितेश छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

### प्रेमिका ने प्रेमी के घर पहुंचकर किया हंगामा

**कंपिल फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के घर आई प्रेमिका ने जमकर हंगामा काटा। युवक की शादी 10 मार्च को जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी युवती से हुई है, बुधवार दिल्ली के नांगलोई थाने के अंतर्गत एक युवती युवक के घर पहुंची और जमकर हंगामा काटा, युवक पिछले 15 सालों से दिल्ली में ही रह रहा था। युवती को उसने प्रेम जाल में फसा लिया था। युवती का कहना है कि युवक ने शादी का झांसा देकर पिछले तीन सालों तक उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाये। अब वह युवक के साथ ही रहना चाहती है। बात बनती न देख युवती ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म की तहरीर दी। पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले आयी और मामले की जांच की जा रही है।

किसानों का दर्द

भाकियू भानू गुट की पंचायत में बोले किसान- सरकार ने यहां आलू आधारित उद्योग की स्थापना नहीं होने दी

# योगी, मोदी सरकार में किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


पंचायत में मौजूद किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में मुन्नालाल सक्सेना के आवास पर सम्पन्न हुई।

मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में हुई पंचायत का संचालन विनीत कुमार ने किया। पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि योगी, मोदी सरकार में किसानों की समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। भाकियू भानू ने हरिहरपुर मढ़ी, अमृतपुर में 12 दिन तक अनिश्चितकालीन पंचायत की।

स्थानीय विधायक सुशील शाक्य ने आश्वासन दिया कि धरना समाप्त कर दो मुख्यमंत्री से तीन दिन में वार्ता करा दी जाएगी ।समय व्यतीत होने के बाद भी बात नहीं कराई गयी। मुख्यमंत्री जी का फर्रुखाबाद आगमन हुआ तो सांसद विधायकों ने घर पर पुलिस का पहरा बैठा दिया। भारतीय किसान यूनियन भानू इन सांसद विधायकों के कृत्य की निंदा करता है। मोदी सरकार देश का लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। जिस तरह से नगर पालिका का चुनाव मोदी सरकार को जीतने नहीं दिया। इस तरह यदि ईवीएम से चुनाव नहीं हुआ और बैलेट से होता है तो मोदी सरकार का सांसद फर्रुखाबाद से जीतने नहीं देंगे ।हमारी समस्याओं को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इनमें से कुछ मुख्य मांगे यह है की गंगा के दोनों किनारो पर बांध बनाकर गंगा को गहरा किया जाए। जिला मुख्यालय तहसील खंड विकास कार्यालय में बगैर रिश्वत के काम किसानों आम जनमानस के नहीं हो रहे हैं। देवरामपुर में ओवरब्रिज बनवाया जाए। आवारा जानवरों से निजात दिलाई जाए। मोहम्मदाबाद में हवाई पट्टी को हवाई अड्डा बनाया जाए। भू माफियाओं पर कार्रवाई की जाए। इंतखाब में छेड़छाड़ न की जाए। अलग-अलग नंबरों के इंतखाब निकलवाने पर किसानों को धनहानि होती है। वर्तमान में भारती कृषक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे पुत्र शम्भू दयाल निवासी गुरऊ शादी नगर पखना व 10अन्य पदाधिकारियों पर थाना मेरापुर पुलिस द्वारा 107-16 की कार्रवाई की। जिसे तत्काल समाप्त किया जाए। जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना ने कहा आगामी चुनाव 2024 संसदीय क्षेत्र के होने हैं पर जनप्रतिनिधियों ने चीनी मिल कायमगंज की पेराई क्षमता का विस्तार नहीं होने दिया। आलू आधारित उद्योगों की स्थापना नहीं होने दी। सहारा का पैसा किसानो को नहीं मिल रहा है।

सरकारी स्कूलों में शिक्षा नहीं अध्यापक नहीं ।आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिकंदरपुर में अक्टूबर 2023 से सरकार दवा नहीं भेज रही। क्षेत्र के मरीज परेशान हैं। मरीजों को चूरन देकर टरका दिया जाता है। पुलिस विभाग किसानों की समस्याओं को संज्ञान में नहीं लेते हैं। आगामी चुनाव में भारतीय किसान यूनियन भानू मोदी सरकार को हराने का काम करेगी। भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह के किसान क्रांति दल से आने वाले प्रत्याशियों को वोट करेगा और लोकसभा चुनाव में किसान क्रांति दल को जिताएंगे। सरकार बैलेट पेपर से चुनाव कराए। जनप्रतिनिधि अवैध वसूली में लगे हैं। वर्णित समस्याओं के जिम्मेदार यहां के जनप्रतिनिधि हैं। समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाए। पंचायत में जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन और प्रचार मंत्री अमरीश शुक्ला,नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी विनीत कुमार तहसील महासचिव श्योराज शाक्य तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, जिला सचिव रामवीर, राजेश शर्मा, रक्षपाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार

संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है। लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया। यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन करके उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# शोधकार्य में भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे।

शोध चिंतन नए ज्ञान के सृजन से पहले का एक फलसफा होता है। विषय से संबद्ध टॉपिक के बारे में चिंतन की प्रक्रिया का एक क्रमिक इतिहास भी होता है। भारत में शोध चिंतन और पद्धतियों के बारे में ज्ञान मौजूद रहा, लेकिन 'एक्सपेरिमेंटल फ्लेवर' गायब हो गया जिसके लिए राज्याश्रय और सहयोगियों की जरूरत रहती है।

देश में शोध के लिए क्षेत्रीय चिंतकों का अभाव हुआ तो मौलिक चिंतन की अधिकांश धाराएं सूखती रहीं और ब्रिटिश आधिपत्य का असर सन् 1763 के बाद से हम पर बढ़ने लगा। पीछे लौटने का कोई अवसर नहीं बचा। ब्रिटिश लोगों ने हमारे अधिकांश 'मटेरियल कल्चर' को बदल दिया जिसकी जड़ में थी। हमारी शिक्षा पद्धति और शैक्षिक टूल्स जैसे कि भाषा और व्याकरण, खगोलीय गणनाएं और गणित, केमिस्ट्री और एस्ट्रोनॉमी एवं आयुर्विज्ञान। अपने रंग में क्रमशः रेंज जाने के लिए ब्रिटिश लोगों ने देश में जिस तरह से यूरोपियन पद्धति में गवेषणा और अन्वेषण के लिए अनेक अर्द्ध और पूर्णतः वैज्ञानिक संस्थान स्थापित किए उनके कार्यकलापों के चलते आने वाले समय में परिवेशी भारतीय सांस्कृतिक चिंतन से जुड़ी हुई वैज्ञानिक पद्धति में बदलाव होने लगे। इससे भारतीय शोध चिंतन के दर्शन का भी ब्रिटिश पद्धति से 'इंस्टिट्यूशनलाइजेशन' होने हुआ।

ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद भारत में जिन अनेक वैज्ञानिक, तकनीकी, इंजीनियरिंग और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की झड़ी लगी तब इन्हें भी मजबूरन उसी लीक पर चलाया गया, ऐसा तो नहीं कहेंगे, परंतु इनका अधिकांश रंग-ढंग आधुनिक और यूरोपियन ही रहा। भारतीय वैज्ञानिक दर्शन से उपजने वाला चिंतन अब सिर्फ पृष्ठभूमि के रूप में एक कुलबुलाते हुए जीवाश्म के रूप में बचा है। पीछे लौट जाना नामुमकिन ही है, क्योंकि रास्ते में ऐसे पावरफुल फिजिकल बैरियर्स उठ खड़े हुए हैं, जिन्हें ध्वस्त करना बस की बात नहीं। शोध चिंतन की मुख्य धारा अब एक प्रकार से 'यूनिवर्सल' हो गई है जिसे न तो आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवादी चिंतन से मुकाबला करके हम बदल सकते हैं और न ही प्राचीन सभ्यताओं का शक्तिशाली माना जाने वाला वह जैविक सांस्कृतिक परिवेश (कल्चरल इकोलॉजी) जिस पर हरेक मातृदेश खासतौर से भारत नित गर्व करता है, इसके आवेग को रोक सकता है, उलटा प्रतिक्रिया स्वरुप इसे गौरवान्वित करते रहने के लिए नित नए आयोजन करता है।

> शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते।

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे। शोध चिंतकों और विज्ञान की अनेक शाखाओं में पश्चिम के फलस्फाकारों की संख्या अत्यधिक है। विज्ञान से संबंधित अभिलेखागारों को देखें तो करोड़ों की संख्या में अपने प्रकाशनों के जरिए से इन्होंने इसे इतना ताकतवर बना दिया है कि अब सभी प्राचीन सभ्यताओं में स्वतंत्र चिंतन की गुंजाईश नहीं बची है। चाहे यह मिस्र देश हो, भारत या चीन हो या मेसोपोटामिया के अवशेषों को छिपाए हुए ईराक और ईरान।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते। कुछ रोज पहले महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में प्रोफेसर, कृपाशंकर चौबे ने इस बारे में एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख के जरिए से यह मुद्दा उठाया है कि हम विशुद्ध भारतीय दार्शनिक चिंतन से अपने शोधकार्यों की धारा क्यों नहीं मोड़ लेते? उन्होंने इसमें एक स्थान पर शोधकार्य के चिंतन में 'व्यावहारिक पक्ष' शब्दयुग्म का प्रयोग किया है। मेरा मानना है कि खालिस तौर से भारतीय शोध चिंतन की विरासत के बल पर हम दुनिया में कहीं और क्या हो रहा है उसका मुकाबला नहीं कर सकते। दुनिया में शोध चिंतन और इसका व्यवहार अत्यंत कम्पीटीटिव हो चुका है। शोध के नतीजे को साझा करने के लिए इंटरनेट के जरिए तीव्रता से इसके प्रसार, थ्योरेटिकल रूप से इसका उपयोग करने जैसे कि नैदानिकी और उपचार में और टेक्नोलॉजी कंवर्जन के जरिए से गैजेट्स में बदलने के लिए अब दशकों और सदियों का विलंब नहीं होता। कमर्शियल रूप से इसका फायदा ही नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजीकल बढ़त मिलने से राष्ट्र ताकतवर बनते हैं। जैसा कि मिलिट्री हार्डवेयर और विनाशक अस्त्र और संचार के साधनों के विकास और इनका कंट्रोल किस के हाथ में है, इससे प्रतीत होता है।

शोध चिंतन अब यूनिवर्सल कैरेक्टर अख्तियार कर चुका है और आपसी सहयोग या कोलैबोरेशन और कूटनैतिक आश्रय के बिना एक भी देश अकेला पावरफुल नहीं बना रह सकता। व्यक्ति में समाई हुई एकल शोध वृत्ति या एक ही व्यक्ति के चिंतन से चलने वाले शोध चिंतन की पारंपरिक भारतीय पद्धति से हम किस नाते सुपर-पॉवर बनने का स्वप्न देख सकते हैं? इसीलिए शोध चिंतन की अपनी विरासत की सीमा पर एक बार फिर से दृष्टि डालें तो मालूम होता है कि अंग्रेज या अन्य यूरोपियन कॉलोनियल पावर्स ने टेक्नोलॉजी के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व शोध चिंतन के उदय का पूरा फायदा उठाया और साहसिक कदम उठाए। यह माना जाता है कि चिंतन एक 'एबस्ट्रेक्ट' एंटिटी है और इसकी फॉर्म इनटेंजीबल। आधुनिक यूनिवर्सल पद्धति से शोध चिंतन में भारतीयता का पुट कैसे डाला जा सकता है और इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए यह तो वैज्ञानिक-दर्शन चिंतन से उपजे नतीजे, इसके इस्तेमाल से बनाए जाने वाले उत्पाद और टेक्निक्स और टेक्नोलॉजी के सामाजिक और आर्थिक तजुर्बों को महसूस करने वाले हमारे वरिष्ठ वैज्ञानिक ही बता सकते हैं। आचार्य चंद्रशेखर वेंकट रमण ने भारतीय वाद्ययंत्र वीणा के तारों को एक पद्धति और क्रम से अंगुलियों की ताकत लगाकर हिलाने से पैदा हुई झंकार (फ्रीक्वेंसी एंड रेजोनेंस) पर शोध करके यह बताया कि इसकी ध्वन्यात्मक प्रॉपर्टीज क्या और क्यों हैं? भारतीय तंत्रीवाद्यों में वीणा प्राचीनतम वाद्य यंत्र हैं और इसकी फॉर्म भी अनेक हैं, जैसे कि नारदीय वीणा। दूसरा उदाहरण है आचार्य जगदीश चन्द्र बसु द्वारा यह कहना कि वनस्पति में भी जीवन है, अहसास और भावनाएं होती हैं। यह बात तो हमारे प्राचीन मनीषी एक अरसे से कहते रहे थे, लेकिन इसका फिजिकल प्रूफ उस तरीके से वे प्रोड्यूस न कर पाए जैसा कि आचार्य बसु ने किया।

अब तो हालात ऐसे हैं कि आयुर्वेद के अंतर्गत काया-चिकित्सा, भेषजगुण विज्ञान, रसायन, शल्य और नैदानिकी में भी विशुद्ध तौर से भारतीय शोध-चिंतन आधुनिक पद्धतियों की तरफ झुक गया है, मजबूरी में नहीं, बल्कि जरूरत के लिए। आधुनिक आयुर्वेज्ञानिक चिंतन में 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन' नामक एक नई शाखा का उदय हुआ जिसमें मौलिक चिंतन यह है कि शरीर की जिन व्याधियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति (मॉडर्न सिस्टम ऑफ मेडिसिन) में नहीं है उनके इलाज के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों (यूनानी एवं तिब्बिया, आयुर्वेद एंड सिद्ध) को अपनाया जाना चाहिए। देश में शोध की एक नहीं अनेक ऐसी परियोजनाएं चालू हैं जिनमें भारतीय चिंतन और आधुनिक शोध एवं कार्यविधियों को आपस में समवेत किया गया है।

मसलन अयोध्या में बनाए गए रामलला मंदिर के निर्माण से पहले और निर्माण कार्य के दौरान मॉडर्न साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिन तकनीकों का इस्तेमाल सीएसआईआर की मार्फत किया गया। इनमें हैं इमारत की नींव और सुपर-स्ट्रक्चर की स्थिरता का रिक्टर स्केल पर अधिकतम आठ डिग्री तक की भूकंप सह्यता का मापन और देवमूर्ति को सूर्य तिलक देने के लिए ऑप्टो-मैकेनिकल डिवाइस की स्थापना। गंगा नदी के प्रवाह के मैदानी क्षेत्र लिए कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा अयोध्या क्षेत्र की भू-गर्भीय संरचना की जांच की गई और विश्वासपूर्वक कहा गया कि वर्तमान मंदिर 10000 वर्ष तक स्थिर रहेगा।

## प्रसंगवश

# वासांसि जीर्णानि यथा विहाय

राजनीतिक दलों में हाई कमान संस्कृति काफी प्रबल होती दिख रही है जिसकी शुरुआत कांग्रेस में इंदिरा गॉधी के कार्यकाल से हुई। हालांकि अब इसमें भाजपा सबसे आगे है जिसमें केंद्रस्थ मोदी-शाह युग्म ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। आंतरिक लोकतंत्र न के बराबर है। प्रदेशों के चुनाव भी मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं, जहां उनके मुख्यमंत्री बनने की कोई संभावना नहीं होती है। राज्यों के मुख्यमंत्री ऊपर से नामांकित होते हैं और निर्वाचित विधायकों को उसी नाम पर मोहर लगानी होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ मास पहले हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, जहां जननायक तो क्रमशः शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया तथा डा. रमनसिंह थे, किंतु उच्च कमान ने इन सबको किनारे लगाकर अपनी च्वाइस के मुख्यमंत्री बनाए। राजस्थान में वसुंधरा कुछ अड़ रही थीं तो केंद्र ने भारी भरकम नेता राजनाथ सिंह को यह टास्क सौंप दिया। उन्होंने बखूबी राजे को किनारे लगाने का कार्य संपन्न कर दिया, हालांकि चुनावी सभाओं में खुद वसुंधरा के मुख्यमंत्रित्व काल के कार्यों और उपलब्धियों की प्रशंसा करते थे। यही नहीं जो लगभग 20 विधायक वसुंधरा के समर्थक होकर तत्समय उनके पक्ष में मुखर थे, उन्हें अलग कमरे में बैठाकर आदेशित किया कि विधायक दल की नेता चयन बैठक में जो नाम प्रस्तावित किया जाएगा, उस पर 'आप लोग ताली बजाएंगे'। पश्चात् भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा से ही प्रस्तावित कराया गया, जिस पर निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ऊपर संदर्भित समर्थकों ने तालियां बजाईं। अब स्पष्ट है कि जन तंत्र में 'जन' के द्वारा चयनित प्रतिनिधियों का काम ताली बजाना ही रह गया है। इधर हरियाणा में साढ़े नौ साल से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत मनोहरलाल खट्टर को हटाकर हाई कमान ने नायब सैनी को बिठा दिया, जो पीएम मोदी के चहेते भले हों, किंतु शासन का कोई खास अनुभव नहीं रखते हैं। बहरहाल भाजपा आत्मा द्वारा शरीर बदलने की गीता वाली उपमा 'पुराने कपड़े त्यागकर नव परिधान ग्रहण करने को अब बहुशः प्रयुक्त कर रही है। (वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि) अब इससे सफलता कितनी मिलेगी, यह समय बताएगा।

# ओपनहाइमर फिल्म से मिला आलोचकों को जवाब

गत सप्ताह परमाणु के जनक महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर पर बनी फिल्म ओपरहाइमर को सात प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से हॉलीवुड में नवाजा गया। सात दशकों बाद 16 दिसंबर 2022 को सरकारी तौर पर बाइडेन प्रशासन ने महान भौतिक वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर को गद्दारी के लांछन से मुक्त किया, निर्दोष पाया तथा देशप्रेमी माना। उन्होंने अमेरिका के लिए परमाणु बम बनाया था। इसे हिरोशिमा और नागासाकी पर फोड़ा गया था। बाद में उन्हें सोवियत (कम्युनिस्ट) रूस का गुप्तचर बताकर हर किस्म के अपमान, अवमानना, अनादर करके अवसादग्रस्त बनाया गया, जब तक (1967) वे मरे नहीं।

ओपनहाइमर के सत्कर्मों ने ही उनकी मान मर्यादा लौटाई। वे अब दूसरे लोकवासी हो गए। ओपनहाइमर अपने उन शब्दों को याद कर रहे होंगे, जो उन्होंने जापान पर बम फोड़ने के वक्त पर कहा था। वे पंक्तियां ओपनहाइमर ने अपने प्रिय संस्कृत कवि भर्तृहरि के शतकत्रयम से लिया था : उज्जैन नरेश भर्तृहरि का विचार था कि "उनके हाथों युद्ध में, जंगल में, पहाड़ों की चट्टान पर, गहरे समुद्र में, भाले और बाणों के बीच में, नींद में, भ्रम में, शर्म की गहराई में, मनुष्य ने जो अच्छे कर्म किए हैं, वे उसकी रक्षा करते हैं।" हीरोशिमा और नागासाकी पर बम विस्फोट पर ओपनहाइमर ने याद किए गीता के श्लोक को : "दिवि सूर्यसहस्त्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता। यदि भाः सदृशी सा स्याध्दासस्तस्य महात्मन": ।।12।। (आकाश में हजार सूर्यों की एक साथ उदय होने से उत्पन्न जो प्रकाश हो, वह भी उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकार के सदृश कदाचित ही हो। अर्थात् इस विषादग्रस्त भौतिकशास्त्री को ख्याल हो गया था कि उनके हाथों कितना भयंकर, त्रासदपूर्ण



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा।

कृत्य हुआ है। प्रारब्ध तो होना ही था। भोगा भी। ओपनहाइमर प्रारंभ से ही ऐसे अपार नरसंहार वाले शस्त्र के निर्माण का विरोध करते रहें। अंततः हिटलर और टोजों (जापानी प्रधानमंत्री) के विश्व साम्राज्य वाले सपने को नष्ट करने हेतु बम बनाने के लिए तैयार हुए। भगवत गीता के निष्णात ओपनहाइमर ने बम बनाने के बाद और जापान पर उसे फोड़ने के वक्त गीता के ग्यारहवें अध्याय के 32 वें श्लोक को सुनाया था कि : "मैं (भगवान कृष्ण) लोकों का नाश करने वाला बढ़ा हुआ काल हूं।" अर्जुन का उनसे प्रश्न था : "आप कौन हैं"?

शायद ओपनहाइमर पर श्राप था, दो ध्वस्त जापानी शहरों की जनता का। त्रासदी की अनुभूति स्वयं उन्हें भी हो रही थी। अतः वे प्रारब्ध भुगतने हेतु विवश थे। इसीलिए वे जमकर सक्रिय विरोध करते रहे, जब राष्ट्रपति हैरी ट्रूमन ने परमाणु बम बनाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को खौफ था कि विश्वयुद्ध जीतकर सोवियत रूस अधिक विनाशकारी बम बनाएगा। विश्वव्यापी वर्चस्व बना लेगा, मगर विनाश की विभीषिका के आतंक से भयभीत ओपनहाइमर ने सरकार से सहयोग नहीं किया। तभी सिनेटर जोसेफ मैकार्थी का आविर्भाव हुआ। वे इतिहास में कम्युनिस्टों के उग्रतम विरोधी और सोवियत रूस के घोरतम शत्रु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ओपनहाइमर को सोवियत कम्युनिस्टों का यार करार दिया। तभी से इस भयातुर वैज्ञानिक की दुखगाथा शुरू हुई।

विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद, ओपेनहाइमर नवनिर्मित संयुक्त राज्य अमेरिका परमाणु ऊर्जा आयोग की प्रभावशाली जनरल एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बने। उन्होंने परमाणु प्रसार को बाधित करने और सोवियत संघ के साथ परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने के लिए परमाणु ऊर्जा के अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के लिए अपने पद का उपयोग किया। उनके स्पष्ट विचारों के लिए कई नेताओं की आलोचना के बाद, ओपनहाइमर की 1954 में एक फरेबी सुनवाई में शासकीय सुरक्षा गारंटी रद्द कर दी गई। आरोपी बनाया। प्रभावी रूप से उनकी प्रत्यक्ष राजनीतिक शक्ति को क्षीण कर दिया गया। तब भी उन्होंने भौतिकी में व्याख्यान, लेखन और काम करना जारी ही रखा।

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा। ओपनहाइमर सदैव हाइड्रोजन बम के निर्माण के खिलाफ थे। उन्हें वर्षों तक सरकार द्वारा यातना पहुंचाने के बाद, समूचे अमेरिकी राष्ट्र ने उनके साथ सिनेटर मैकार्थी द्वारा किए अत्याचार का विरोध किया गया। जब उनके रूसी जासूस होने का कोई प्रमाण नहीं मिला, तो उन्हें दोषमुक्त किया गया, मगर तब तक ओपनहाइमर का निधन हो चुका था। ओपनहाइमर का दृष्टांत केरल के अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण को पाकिस्तानी जासूस बताकर उत्पीड़ित करने के समान था। उच्चतम न्यायालय ने नारायण को निर्दोष करार दिया, मगर तब तक तीन दशक बीत चुके थे।

## सोशल फोरम

# रमादान या रमजान

> बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

परंपरा से भारतीय रमजान बोलते आये हैं। रमजान हमारे देश में ईरान से आया। मूल अरबी शब्द का उच्चारण "रमादान" से मिलता जुलता है। दोनों के प्रयोग सही हैं।

कुछ वर्ष पहले एक समाचार पत्र में 'सोशियो लिंग्विस्टिक्स' के एक प्राध्यापक रिजवान अहमद साहब का इस पर एक लेख आया था जिसमें उन्होंने कहा कि अपना नाम वे दो तरह से बोलते हैं, अरब देशों में "रिदवान" और भारत में "रिजवान"। उन्होंने यह भी लिखा है कि चाहे लिखने में हम लोग रमादान लिख लें, बोलने में हम रमजान ही बोलते हैं। शायद ही कोई कहते हों कि "अगले रमादान के पहले मैं आपसे मिलूंगा", वे प्रायः हमेशा कहते हैं, "अगले रमजान के पहले मैं आपसे मिलूंगा।"



सचिदानंद सिंह
मुंबई

क्या रमादान का वहहाबीवाद से कोई संबंध है? बिल्कुल नहीं, सिवा इसके कि मुहम्मद इब्न अब्द अल-वहाब अरब में पैदा हुआ था जहां रमादान बोला जाता है। पिछली सदी के सत्तर के दशक में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और अरब देशों की बढ़ी समृद्धि के चलते भारत से लाखों श्रमिक वहां गए और उनके मुंह से रमादान सुनते भारत आए।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य

नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में एक ऐसी भारतीय शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की गई है, जो भारतीय परंपराओं, मूल्यों, लोकाचारों, संस्कारों का संरक्षण, तथा वर्तमान एवं भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति-2020 छात्रों का सर्वांगीण विकास कर उनको वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने एवं विकसित होने का समान अवसर प्रदान करती है। एनईपी भारत की मिडिल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक ग्रामीण एवं शहरी दोनों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए ऐसी रूपरेखा तैयार की गई है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

एनईपी में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के लिए प्रारंभ से लेकर शिक्षा के अंतिम छोर तक नवीन प्रणाली का विकास किया गया है। जिसमें फाउंडेशनल एवं प्रीपेटरी स्तर पर बच्चों को इस तरह की शिक्षा और संस्कार देने का प्रावधान किया गया है जिससे उनके बचपन की नींव मजबूत हो सके। मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर पर ऐसे विषयों का समावेश तथा चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है जिससे छात्र तनावमुक्त रहें। उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है।

को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषयों का चुनाव एवं आजीविका हेतु व्यावसायिक विषयों एवं प्रशिक्षण का चुनाव करने की व्यवस्था की गई है, जो छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं आजीविका अर्जन हेतु सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगी। वर्तमान में नई शिक्षा नीति का मसौदा इस तरह से तैयार किया गया है कि पूर्व शिक्षा नीतियों में जो खामियां रह गई थीं उनमें संशोधन करके वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नवीन और आशावादी दृष्टिकोण से संचालित एवं क्रियान्वित किए जाए, जो छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी। एनईपी 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है, जो 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का स्थान ग्रहण करती है। यह नीति सामान्य पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित है। एनईपी शिक्षा के सतत विकास के 2030 एजेंडा के अनुरूप स्कूल एवं कॉलेज स्तर की शिक्षा को अधिक समृद्ध, लचीला, बहुउद्देशीय तथा आवश्यक बनाती है। शिक्षा को 21 वीं सदी की जरूरत के अनुकूल बनाना और छात्रों की अद्वितीय क्षमता को निखार कर सामने लाना एक जीवंत उदाहरण है।

भारत में नई शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक ज्ञान एवं महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति 2020 का समाज पर भी सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए परिवर्तनों से विद्यार्थियों का पुनः समाजीकरण होगा जो उन्हें समाज में समायोजित करने में सहायक होगा। छात्रों में अपनी संस्कृति, सभ्यता, प्रथाओं परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने तथा उनके अनुरूप व्यवहार करने का गुण विकसित होगा और वह सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे जिससे सांस्कृतिक हस्तांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों का समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने में सहायक होगी जिससे उनमें सामाजिक गुणों का विकास होगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनईपी का प्रमुख उद्देश्य सभी वर्गों के छात्रों में दक्षता, वैज्ञानिक स्वभाव, सौंदर्यबोध, नैतिक तर्क, डिजिटल साक्षरता, भारतबोध और चेतना का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की प्रमुख भारतीय भाषाओं को महत्व, पाठ्यक्रम को और अधिक गुणवत्ता युक्त, लचीला और मूल्यांकन परक करने की बात कही गई है। नई शिक्षा नीति भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित होने के साथ ही भारतीय परंपराओं, संस्कृति एवं भाषाओं को प्रोत्साहन, पुनर्स्थापना एवं प्रचार-प्रसार पर बल देती है और यह आने वाले समय में भारत को समर्थ, गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने की प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसमें शिक्षा व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम विद्यार्थी, अध्यापक, पाठ्यक्रम और ढांचागत सुविधाओं को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एनईपी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन की बात पर विशेष बल दिया गया है। इसमें बहु विषयक विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अंतर्विषयक शोध प्रमुख रूप से होंगे जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का भविष्य सुनहरा, सुखमय और आशावादी होने की उम्मीद की जा सकती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। जब देश में आर्थिक समृद्धि अधिक होगी तभी हमारी विधि, कृषि, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में क्रांति लाई जा सकती है।

# बहुजनों के चमत्कारिक नेता कांशीराम

कांशीराम को बहुजन नायक तक के सफर में जो धुरी बनी, वो थी 1964 में तथागत बुद्ध व बाबा साहब अम्बेडकर की छुट्टियों को रद्द किया जाना। वे डी के खापर्डे और दीनाभाना छुट्टियों की बहाली के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

इन्होंने बाबा साहब की लिखी पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' पढ़ने को दी जिसे पढ़कर कांशीराम नाम की चिंगारी सुलगी और बहुजन राजनीति की नींव पड़ी। अगर वो घटना न घटी होती तो कांशीराम डीआरडीएल में अनुसंधान अधिकारी पद पर नियुक्त हुए रहते और पदोन्नति प्राप्त करते हुए सरकारी सेवा से मुक्त होकर, अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को जरूर मजबूत कर लेते, लेकिन भारत में उनके बहुजन राजनीतिक आंदोलन से जो परिवर्तन आया वो नहीं आया होता। वर्तमान में मान्यवर साहब जैसे करिश्माई नेताओं की कमी है। कांशीराम ने फुले, आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महराज के विचारों को आगे कर राजनीति की जमीन हरी की और ऐसे लोग, जो हमेशा वोट बने रहे उनमें जनता के नेतृत्व करने की ललक पैदा की।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक स्थिति को राजनीति में उपकरण की तरह उपयोग किया जिनमें कुछ खोज कमाल के हैं। उन्होंने सचल आंबेडकर मेला, पूना समझौते की निंदा, दो पैरों और दो पहियों का कमाल सरीखे कार्यक्रम कर स्लोगन से वंचित तबकों तक अपना संदेश पहुंचाने में कामयाब रहे। आज भी कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर राजनीति में बड़ा मुकाम बनाकर सत्ता तक पहुंचा जा सकता है।

# त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद करें : जिलाधिकारी

## होली व रमजान को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक, मातहतों को दिये गए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा जिलाधिकारी अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आगामी त्योहार होली व रमजान को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सभी धर्म के गुरुओं, महन्तो एवं मौलवियों तथा नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

उन्होंने त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों से कड़ाई से निपटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ सफाई, बिजली एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसएसपील संजय कुमार वर्मा ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की घटना होने की आशंका को लेकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी क्राइम सुबोध गौतम,सभी उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।



रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष संचालन समिति की बैठक करते डीएम अवनीश राय। अमृत विचार

## 90 पीड़िताओं की क्षतिपूर्ति की धनराशि स्वीकृत हुई

कार्यालय संवाददाता इटावा

● महिला सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक

**अमृत विचार।** उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक डीएम अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में 90 पीड़िताओं की क्षतिपूर्ति की धनराशि स्वीकृत किए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया।

उक्त बैठक में समिति ने सर्व सम्मति से 22 पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति की धनराशि स्वीकृत की गयी वहीं 06 पीड़िताओं के संबंध में पुनः स्पष्ट आख्या प्राप्त होने पर निर्णय लिया जायेगा। शेष पीड़िताओं का आवेदन मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से समय से रिपोर्ट लगाई जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम ने कहा कि पीड़ितों को योजनाओं का लाभ समय से दिया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी क्राइम सुबोध गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, रविंद्र कुमार शशि ,जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## तमंचा, कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**इटावा।** पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

थाना भरथना के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे वह कृष्णानगर ओवरब्रिज चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति तुरैया बंबे पर नगला गनू की पुलिया के पास खड़ा है, जिसके पास अवैध असलहा है इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये उन्होंने घेराबंदी की एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। उसने अपना नाम गुलशन बताया। इसी क्रम मे थाना सैफई पुलिस ने गस्त के दौरान बरौली खुर्द तिराहे के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुए। उसने नाम लवकुश बताया।

# श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लें

संवाददाता वैदपुरा इटावा

**अमृत विचार।** प्राचीन शिव मंदिर वैदपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन गोरे दाऊजी आश्रम वृंदावन से पधारे आचार्य राम जी द्विवेदी जी महाराज ने सभी भक्तों को कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा हमें राम के आदर्श से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कथावाचक द्विवेदी ने कहा कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम है राम हमारे आराध्य हैं। राम से बड़ा राम का नाम है। उसके बाद उन्होंने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई बधाइयां भी गई नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल पर भक्तों ने बधाई डाली उन्होंने कहा हमें भगवान कृष्ण की लीलाओं से बहुत कुछ सीखने को मिलता है । आज मनुष्य थोडी सी विपत्ति आने पर विचलित होने लगता है जबकि आपत्ति विपत्ति आने पर ही अपना पराया समझ में आता है मनुष्य तभी ईश्वर को याद करता है। सहायक आचार्य कुलदीप पाठक व शैलेंद्र द्विवेदी ने मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया। आयोजन भोले शंकर सेवा समिति करती है ।

15 मार्च की शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा जिसमें शैलेंद्र द्विवेदी व गायिका राखी अंजान कार्यक्रम पेश करेंगी। समिति ने लोगों से भारी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।



भागवत कथा में लीला करते कलाकार। अमृत विचार



कथा स्थल पर मौजूद भक्तजन। अमृत विचार

## ट्रेन की चपेट में आने से पूर्व सैनिक की मौत

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेरा फाटक के पास किसी ट्रेन की चपेट में आने से पूर्व सैनिक की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे । शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मोहल्ला विनीत विहार निवासी पूर्व सैनिक अरविंद्र सिंह तोमर गुरुवार की सुबह मार्निक वॉक के लिए निकले थे। जब वह महेरा फाटक के पास पहुंचे तभी किसी तरह से वह ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को देखकर उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सीएम डैशबोर्ड में ई डिस्ट्रिक्ट इटावा को मिला ए प्लस ग्रेड

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आय, जाति व निवास प्रमाणपत्रों के समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण में जनपद इटावा को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में ए प्लस ग्रेड मिला है। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनीष कुमार ने बताया है कि जिलाधिकारी अवनीश राय व अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में इटावा ने बाजी मारी है। ऑनलाइन प्रमाणपत्रों के समय से जारी करने के लिए शासन में मुख्यमंत्री कार्यालय से लगातार निगरानी एवं समीक्षा की जाती है।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनीष कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आवेदनों में 100 फीसद निस्तारण के साथ पिछले छह माह से लगातार जनपद इटावा को मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 10 में से 10 अंक के साथ ए-प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनीष कुमार ने बताया कि जनपद में आय जाति और निवास के सभी आवेदन समय सीमा के अंतर्गत जारी किये जाते है कोई भी आवेदन निर्धारित समय सीमा के बाद लंबित नहीं रहता है इसी कारण से मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में इटावा को ए-प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है।



जानकारी देते ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनीष कुमार। अमृत विचार

### कुछ ऐसे बनाए गए प्रमाण पत्र

| माह | आय प्रमाण पत्र | जाति प्रमाण पत्र | निवास प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|
| दिसंबर 2023 | 21930 | 28057 | 27083 |
| जनवरी 2024 | 18139 | 25648 | 25760 |
| फरवरी 2024 | 6166 | 4639 | 3402 |

## एक नजर

### रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**इटावा।** शहर में थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र में शांति कालोनी भगवान अड्डा में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में विकास ने पड़ोसी अनुरुद्ध यादव, उसकी पत्नी ऊषा, बेटा रंजीत व अन्य अरविंद के खिलाफ रिर्पोट दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर से अनुरुद्ध ने भी जयवीर सिंह, उसकी पत्नी किरण, बेटे विकास व आकाश के खिलाफ गालीगलौज करते हुए मारपीट करके घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जेल में बिताई अवधि की दी गई सजा

**इटावा।** न्यायालय एसीजेएम चतुर्थ ने छह साल पुराने अवैध रूप से असलाह रखने के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर ढाई हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। चौबिया थाना पुलिस ने वर्ष 2017 को नगला मर्दान निवासी अखिलेश कुमार पुत्र रामौतार को अवैध रूप से असलाह रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने छानबीन के बाद उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट मे पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई एसीजेएम चतुर्थ की कोर्ट में हुई। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाते हुए जेल में बिताई अवधि की सजा दी व ढाई हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

### उपचार के दौरान मौत

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव कुडरिया निवासी अनिल कुमार 40 वर्ष पुत्र राम कुमार एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए पीजीआई भेजा गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# मेडिकल छात्रा का शव मिला, कॉलेज में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में जड़ा ताला

**अमृत विचार।** वैदपुरा इलाके में सोनई नदी के पास गुरुवार देर शाम सैफई मेडिकल कॉलेज की छात्रा का शव मिलने से हड़कंप मच गया। छात्रा का शव मिलने की सूचना पर मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारियों समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा।



प्रिया।

मूलरूप से औरैया जिले के कुदरकोट गांव निवासी अनिल कुमार की बेटी प्रिया (22) मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार देर शाम छात्रा का शव सोनई नदी में उतराता मिला। आसपास के ग्रामीणों ने शव उतराता देख वैदपुरा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। छात्रा की मौत की सूचना पर मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्रों ने यूनिवर्सिटी में हंगामा शुरू कर दिया। छात्र-छात्राओं ने हत्या का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करते हुए इमरजेंसी ट्रामा सेंटर बंद कर दिया। हंगामें की सूचना पर इटावा एसपी समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। विद्यार्थियों ने छात्रा की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक छात्रा के शरीर से खून के निशान मिले हैं। हत्या की आंशका पर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। बताया कि छात्रा महिला मित्र के पास मोबाइल छोड़ कर गई थी।



पीजीआई में प्रदर्शन करते पैरामेडिकल के छात्र। अमृत विचार

## मार्ग हादसे में बाइक सवार की मौत

**बसरेहर।** इटावा फर्रुखाबाद मार्ग पर थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई । मनोज कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र बृजेंद्र सिंह राठौर निवासी थुलरई अपने दोस्त के यहां ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव समथर गया हुआ था। शाम करीब 8 बजे के समय वह वापस लौटकर अपने घर जा रहा था तभी जैसे ही वह चौपला बंबा पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक मजदूरी का कार्य करता था उसके तीन बेटियां व एक बेटा है।

## दहेज हत्या के मामले में पति को दस साल का कारावास

**इटावा।** अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम दिलीप कुमार सचान ने दहेज हत्या के एक छह साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए पति, सास व ससुर को दोषी पाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया बलरई थाना क्षेत्र के गांव घुरहा जाखन थाना बलरई गांव निवासी मोहन लाल की पत्नी संजू कुमारी 20 मार्च 2017 की रात को जलने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी 21 मार्च 2017 को मौत हो गई थी। उसने अपने मृत्यु पूर्व बयान में पति सास ससुर व एक अन्य पर जलाने का आरोप लगाया था। इस सम्बंध में मृतका के चाचा विनोद कुमार रिपोर्ट दर्ज कराई थी । तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति मोहन लाल, सास माता देवी, ससुर कुअर सैन व अतर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर पति सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में हुई। अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरूण कुमार शुक्ला ने पैरवी की। गवाह व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने तीनों को दोषी पाया और पति मोहन लाल को दस साल व ससुर कुंअर सैन व सास माता देवी को सात सात साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने सभी पर सोलह हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया है।

# अनिद्रा आज की बड़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● विश्व निद्रा दिवस पर ग्लोबल पीस फाउंडेशन ने महिलाओं को किया जागरूक

**अमृत विचार।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व निद्रा दिवस के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अच्छी नींद लेने के महत्व और अच्छी नींद न लेने से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। पीएनबी के किसान प्रशिक्षण केंद्र सैंफई पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक विपिन कुमार यादव ने महिलाओं को नियमित रूप से संतुलित आहार लेने की बात कही। डॉ. नन्दकिशोर साह जिला मिशन प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने कहा कि आधुनिक परिवेश में मोबाइल हमारे समय को चुराती है और अच्छी नींद नहीं लेने के कारण हम लोग कई बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। हमें सही समय पर सोने और जागने की आदत डालनी चाहिए। आज अनिंद्रा भी बड़ी समस्या है।

फाउंडेशन के अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि हम लोग महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य और स्वरोजगार के लिए लगातार संस्थाओं से समन्वय करने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, राधारानी, डॉली चौहान, प्रशिक्षक मांडवी पंकज मिश्रा, ग्लोबल पीस फाउंडेशन के पदाधिकारी गरिमा दुबे एवं सोनल दुबे सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।




गोष्ठी में मौजूद फाउंडेशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बागपत से सफारी आए तेंदुए की हालत गंभीर

**इटावा।** सफारी में बागपत से रेस्क्यू करके लाया गया तेंदुआ बीमार है और उसने दो दिन से भोजन करना भी बंद कर दिया है। बताया गया है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, बागपत के बड़ोत रेंज के शाहपुर बाणगंगा स्थित वन ब्लॉक से रेस्क्यू कर एक तेंदुआ घायलावस्था में इटावा सफारी पार्क लाया गया था। जिसका उपचार इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों डॉ. सीएन भुवा एवं डॉ आरके सिंह के दिए गए परामर्श के अनुसार लगातार किया जा रहा है। नर तेंदुए द्वारा पिछले दो दिनों से भोजन ग्रहण नहीं किया जा रहा है, हालांकि उसका स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है।

### खंभे में उतरा करंट, चपेट में आने से किशोर की मौत

**सैफई।** थाना क्षेत्र के गांव टिमरुआ में बुधवार शाम एक नाबालिग किशोर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में आ रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बेहोश हो गया। उपचार के लिए उसे सैफई मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव टिमरुआ निवासी सोनू उम्र 15 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जय सिंह बुधवार शाम आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के पास अपने घर से खेत पर जा रहा था। उसी दौरान कर्री छिमारा रोड के किनारे लगे बिजली के खंभे के सपोर्टिंग वायर में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर किशोर अचेत हो कर गिर गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन तुरंत ही उसे सैफई विवि के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर लेकर गये जहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस नें पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### नहर में मिला सफाई कर्मी का शव

**बकेवर इटावा।** फिसलने से नहर में डूबकर लापता हुए नगर पंचायत के सफाई कर्मी का शव पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से 48 घंटे बाद घटना स्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर खोज निकाला। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लखना में नहर किनारे मोचियान मोहल्ला का 42 साल का जान बाबू फिसलने से नहर में गिरकर लापता हो गया था। जिसकी खोजबीन के लिए पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के साथ साथ एसडीआरएफ का भी सहयोग लिया था। घटना के दूसरे दिन एसडीआरएफ खोजने में नाकामयाब होकर वापस लौट गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने गुरुवार को भी स्थानीय गोताखोरों से खोजबीन कराने का सिलसिला जारी रखा। अपराह्न डेढ़ बजे नहर के झाल पुल के आगे गोताखोरों को सफलता मिली, गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत करके शव को बाहर निकाला। शव को देखते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के तीन बेटे और तीन बेटियां हैं।

### मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए धमकाया

**इटावा।** कोतवाली सदर में इसी क्षेत्र में मोहल्ला खतराना टोला में रहने वाली दीक्षा पत्नी स्वर्गीय योगेश बाजपेई ने मोहल्ला नोरंगाबाद में रहने वाले मयंक प्रजापति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है कि अपराह्न दो बजे टैक्सी टेंपल चौराहा पर घेरकर गालीगलौज करते हुए पहले से चल रहे मुकदमे को वापस लेने के लिए धमकाया। चीखपुकार सुनकर लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### परीक्षा देने निकली किशोरी लापता, मोबाइल भी बंद

**इटावा।** कोतवाली सदर में 15 साल की किशोरी के लापता होने तथा बहला फुसलाकर अगवा करने की आशंका प्रकट करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कहा गया है कि अपराह्न के समय किशोरी ब्यूटी पार्लर का पेपर देने की कहकर घर से चली गई। शाम साढ़े छह बजे उसका 15 या 20 मिनट में घर पहुंचने का फोन आया। काफी देर तक न आने पर फोन किया तो स्विच ऑफ हो गया। खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है।

**खेल के मैदान से** — जनता कालेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

# नीतू, कीर्ति और लवकुश ने मारी बाजी

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** छात्र जीवन के खेल-कूदों का हमारे व्यक्तित्व निर्माण में सर्वाधिक महत्व होता है अध्ययन और खेलकूद के मध्य सामंजस्य से छात्र जीवन समग्र रूप से विकसित होता है। जनता कॉलेज बकेवर के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के समापन पर प्राचार्य प्रो. डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए यह बात कही। प्रतियोगिता की लंबी कूद में नीतू, दौड़ में कीर्ति व लवकुश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कालेज प्रबंधकारिणी के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में अनुशासन एवं खेल नियमों के प्रति सम्मान एवं खिलाड़ी वृत्ति की उच्च भावना का संचार किया जाता है ,खेल शिक्षा का उद्देश्य छात्र जीवन में शारीरिक एवं मानसिक रूप से बलिष्ठ बनाना है | प्रतियोगिता के लंबी कूद में नीतू ने प्रथम, शिल्पी ने द्वितीय तथा सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की 800 मी. दौड़ में कीर्ति ने प्रथम,मोहिनी ने द्वितीय व नीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की 200 मीटर दौड़ में लव कुश ने प्रथम, आशीष भदोरिया ने द्वितीय व अमन यादव ने तृतीय स्थान पाया। 5000 मीटर दौड़ में प्रथम मो. जीशान ने प्रथम, मनीष गौतम ने द्वितीय तथा आकाश भदोरिया व आर्यन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में मुनेश कुमार ने प्रथम, दीपक यादव ने द्वितीय तथा सिद्धार्थ जादौन ने तृतीय स्थान पाया।

इस मौके पर मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय, क्रीड़ा अधीक्षिका डॉ ज्योति भदौरिया, सह क्रीड़ा प्रभारी डॉ योगेश शुक्ला, क्रीड़ा शिक्षिका मीनू त्रिपाठी, महेश प्रसाद यादव, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ प्रमोद कुमार राजपूत डॉ. महिपाल सिंह, डॉ देव नारायण सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, क्रीड़ा प्रभारी डॉ ज्योति भदोरिया , सह क्रीडा अधीक्षक डॉ योगेश शुक्ला ,क्रीडा शिक्षिका श्रीमती मीनू त्रिपाठी डॉ इंदु बाला मिश्रा आदि मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र के साथ विजेता प्रतियोगी। अमृत विचार

## तीन लोगों ने फांसी लगाकर दे दी जान, घरों में कोहराम

**बकेवर।** जिले के दो अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पहली घटना लवेदी थाना क्षेत्र के गांव नगला गिरंद में हुई। जनपद एटा के नया गांव थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अघत निवासी संदीप कुमार पुत्र किशन लाल ने बताया कि उसने अपनी 26 वर्षीय बहन अनुपम की शादी दस मार्च 2023 को लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गिरेन्द्र निवासी गम्भीर सिंह के साथ की थी । बुधवार को उसकी बहन अनुपम का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला,जिससे उसकी मौत हो गई। उसने अनुपम के ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। गांव वालों ने उसे इसकी सूचना दी। सूचना पर वह अपनी बहन की ससुराल नगला गिरेन्द्र पहुंचा और लवेदी थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। इस सम्बंध में सी ओ भरथना से जानकारी की तो बताया कि भाई संदीप ने बताया कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने के चलते बहन की हत्या कर ससुरालिजनो फांसी के फंदे पर लटका दिया।

दूसरी घटना फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अड्डा ऊसरा में हुई जहा घरेलू कारणों से परेशान होकर राजवीर 36 वर्ष पुत्र राम सेवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इसके अलावा ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव दपटियांत निवासी देव प्रकाश 45 वर्ष ने किसी बात से नाराज होकर अपने घर के कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

# निपुण भारत मिशन की सीडीओ ने मांगी रिपोर्ट

## निपुण भारत मिशन की समीक्षा बैठक में सीडीओ का रुख सख्त

कार्यालय संवाददाता, औरैया


बैठक के दौरान जानकारी देते सीडीओ अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के दृष्टिगत सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में व डीआईओएस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी प्रशिक्षण, एसआरजी, एआरपी व पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की गई। बैठक में एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने दिए गए एजेंडे के अनुसार निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित प्रयासों से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया।

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार ने निपुण भारत मिशन के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की समीक्षा की। समीक्षा में सरकारी विद्यालय के परिसरों का कायाकल्प, समस्त पैरामीटर को पूर्ण करने व शिक्षा की गुणवत्ता पर बल दिया और बीईओ से निपुण भारत मिशन के तहत प्रगति रिपोर्ट तलब की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बीईओ को निर्देश दिए कि ई और डी कैटेगरी के विद्यालयों को

● **खंड शिक्षा अधिकारी से मांगी प्रगति रिपोर्ट**

चिह्नित करते हुए यहां के विद्यालय स्टाफ की अलग से बैठक बुलाकर समीक्षा की जाए। खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्तरीय एनबीएमसी डैशबोर्ड के माध्यम से विद्यालय वार नियमित समीक्षा करें। उन्होंने वार्षिक परीक्षाओं का गुणवत्तापूर्ण आयोजन के निर्देश दिए और कहा कि बच्चे परीक्षा के दौरान बैग लेकर विद्यालय न आएं। एसआरजी सुनील दत्त राजपूत द्वारा निपुण भारत मिशन से संबंधित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की रिपोर्ट, शिक्षक उपस्थिति, छात्र उपस्थिति, संदर्शिका का प्रयोग शिक्षण योजना का प्रयोग, कक्षा शिक्षण में टीएलएम प्रयोग की स्थिति आदि के बारे में डेटा शेयर किया गया। इस दौरान बीईओ मुख्यालय दाताराम ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों को मोटिवेट करने के निर्देश दिए।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव, शिव सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा, अल्केश कुमार, प्रवीण कुमार के अतिरिक्त माध्यमिक से कप्तान सिंह यादव डीसी एडीएम नमन पाण्डेय, डीसी एमआईएस अंकुर गुप्ता, डीसी प्रशिक्षण गुंजन श्रीवास्तव, कुलदीप सचान व सभी विकासखण्डों के एआरपी व पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यपक उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड : उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कल से

**ककोर।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संपंन्न होने के बाद अब 16 मार्च से जिले के तीन केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। मूल्यांकन कार्य केवल 13 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, वैदिक इंटर कॉलेज दिबियापुर में हाईस्कूल कॉपियों का मूल्यांकन 326 शिक्षकों द्वारा तथा इंटरमीडिएट कॉपियों का मूल्यांकन 600 शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। तीसरा मूल्यांकन केंद्र नगर पालिका इंटर कॉलेज को बनाया गया है। जहां केवल हाईस्कूल की कापियों का मूल्यांकन होगा। इस विद्यालय में 293 परीक्षक कॉपी का मूल्यांकन करेंगे। डीआईओएस एसपी यादव ने बताया लोकसभा चुनाव को मद्देनजर ध्यान में रखते हुए शासन ने कापियों का मूल्यांकन करने को कहा। जिससे जल्दी ही छात्रों का रिजल्ट घोषित हो सके।

# हाईट गेज में ओवरलोड ट्रॉली फंसने से लगा जाम


हाईट गेज में ओवरलोड ट्रैक्टर- ट्रॉली के फंसने से लगा जाम। अमृत विचार

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के निचली गंग नहर का पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण नहर पर हाईट गेज लगाया गया है। बारिश होने की वजह से हाईट गेज का एक तरफ धंस गया है।

गुरुवार सुबह लगभग सात बजे नेविलगंज की तरफ से फफूंद की तरफ आ रहा आलू से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर हाईट गेज में फंस गया। जिससे पुल से होकर निकलने वाले वाहनों व राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देखते ही देखते पुल पर जाम बढ़ने लगा। जाम बढ़ता देख आनन-फानन में ट्रैक्टर चालक ट्राली पर चढ़कर आलू से भरी बोरियों को इधर-उधर करने लगा। लगभग 15 से 20 मिनट बाद ट्रैक्टर हाईट गेज से बाहर निकल सका। जाम की वजह से वाहन सवारों व राहगीरों को 20 मिनट तक जाम का झाम झेलना पड़ा।

## अतिक्रमण से सिकुड़ीं सड़कें, फुटपाथ पर लगा बाजार

**फफूंद, औरैया।** इन दिनों नगर में प्रतिदिन जाम लगने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुटपाथ तक फैले हुए अतिक्रमण और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ऑटो चालकों द्वारा बीच रोड पर सड़क पर दबंगई से सवारी बैठाने से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। जाम से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। सुबह जहां वह देरी से विद्यालय में पहुंच पा रहे तो वापसी में जाम में फंसकर देरी से घर लौट रहे है। जिम्मेदारों की अनदेखी से समस्या गंभीर होती जा रही है। कुछ महीने पहले चमनगंज तिराहे पर होमगार्ड की तैनाती थी, वह भी अब खत्म हो गई है। नगर पंचायत फफूंद इस अतिक्रमण की समस्या को लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिससे तिराहे पर रास्ता सकरा हो जाने से वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होने से समस्या बढ़ गयी है।


फुटपाथ पर लगा बाजार। अमृत विचार

# शार्ट सर्किट से लगी आग, धू-धूकर कर जल गई वैन


आग लगने से जली वैन।

**बिधूना, औरैया।** कस्बा बिधूना के भर्थना रोड स्थित नवीन बस्ती मोहल्ला में शार्ट सर्किट से एक कार में आग लग गई। जिससे कार धू-धूकर पूरी तरह जल गई। पुलिस व मोहल्लावासियों ने सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला पुराना बिधूना निवासी रोहित अपनी वैन में दोना पत्तल लेकर भर्थना रोड पर मंगली नाम के व्यक्ति के यहां सप्लाई देने गया था। वहां पर सामान उतार रहा था तभी अचानक शार्ट सर्किट से वैन में आग लग गई। जिससे मोहल्लेवासियों में हडकंप मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मोहलावासियों के सहयोग से सबमर्सिबल चलवाकर आग बुझाने का कार्य किया।

लगभग 25 मिनट में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। तब कहीं जाकर मोहल्लावासियों ने राहत की सांस ली। जली हुई कार को कोतवाली बिधूना में खड़ा करा दिया गया है। कार चालक रोहित से जब आग लगने के बारे में जानकारी की तो बताया कि कार में आग शार्ट सर्किट से लगी है । वहीं, कुछ मोहल्लावासियों का कहना आग कार में गैस रिफलिंग करते हुए लगी है। मोहल्ले में 3 से 4 लोग गैस रिफलिंग का कार्य करते है।

# ट्रेनों का ठहराव न होने पर दबाएंगे नोटा वाला बटन

संवाददाता, ककोर, औरैया

● **नाराजगी को भांपकर सांसद ने डीआरएम से ट्रेन ठहराव की उठाई मांग**

● **पूरे जिले में एक ही चर्चा कब होगा आदर्श स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव**



**अमृत विचार।** शासन और प्रशासन की तरफ से लोकसभा चुनावों की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। लेकिन दिबियापुर विधानसभा में ट्रेनों का ठहराव न होने से लोगों में विरोध बढ़ता जा रहा है। दिबियापुर वासियों की सबसे बड़ी डिमांड ट्रेन ठहराव है। जिस पर कोई भी कार्रवाई न होने से अब जिलेवासियों ने आगामी चुनाव में नोटा दबाने का फैसला किया है।

कस्बावासी सोशल मीडिया पर भी अपनी खुलकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और आगामी चुनाव में नोटा विकल्प की तैयारी का मन बना लिया है। दिबियापुर के आसपास छोटे स्टेशनों पर धड़ाधड़ हो रहे ट्रेन ठहराव से दिबियापुर विधानसभा के लोग बहुत ही आहत और ठगा महसूस कर रहे हैं। लोग वर्तमान सांसद को देखना तो दूर सुनना भी नहीं चाहते हैं। इन सब का मुख्य कारण ट्रेन ठहराव ही है। हम लोगों के तीर्थ यात्रा के लिए कोरोना कल से पहले लिंक और मुरी का ठहराव भी नहीं मिल पा रही है। जबकि पड़ोसी स्टेशनों पर एक से एक अच्छी ट्रेनों के ठहराव हो रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में इस मुद्दे पर दिबियापुर के लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी भड़ास निकाल रहे है और चुनाव में नोटा बटन का प्रयोग करने चेतावनी दे दी है। वहीं पिछले 10 सालों से स्टेशन नाम बदलने का मुद्दा भी बहुत गर्म है। जहां सांसद ने नगर पंचायत के कार्यक्रम में कहा था कि नाम न बदलने पर खरोच देंगे। वर्तमान सांसद से लोगों को केवल ट्रेन ठहराव की ही उम्मीद है ट्रेन ठहराव न होने पर लोगों ने नाराजगी जताई है। इन सभी समस्याओं को भांपते हुए सांसद रामशंकर कठेरिया और जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने डीआरएम को ट्रेन ठहराव के लिए पत्र लिख दिया है। अब इस पर कितना अमल हो पाता है, यह कहना मुश्किल है। लोगों को उम्मीद है कि कुछ अच्छा मिल सकता है।

## सांसद ने डीआरएम को लिखा पत्र

**ककोर, औरैया।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के प्रमुख स्टेशन फफूंद पर ट्रेन ठहराव के लिए इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा है। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने भी पत्र लिखकर ट्रेन ठहराव की मांग की है। पत्र में लिखा गया कि इटावा लोकसभा सीट के अंतर्गत औरैया के आदर्श फफूंद रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल के समय बंद हुईं ट्रेनें मुरी एक्सप्रेस, कैफियत एक्सप्रेस, जोधपुर हावड़ा एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। जनमानस की सुविधाओं को देखते हुए इन सभी ट्रेनों का तत्काल फफूंद रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जाए, जिससे जिलेवासियों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**कंचौसी।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार बीती रात्रि एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। रानेपुर कानपुर देहात निवासी 33 वर्षीय अजय कुमार पुत्र राम आसरे फरक्का एक्सप्रेस से दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था। रेलवे फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) ट्रैक पर इटावा से कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया युवक के जेब में मिले पहचान पत्र से नाम कि जानकारी होने पर परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजनों ने मृतक की पहचान की। चौकी प्रभारी ने बताया शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सपा पहले परिवारीवादी थी, अब वंशवादी हो गई

संवाददाता कंचौसी,औरैया

**अमृत विचार।** जन आशीर्वाद यात्रा सम्मेलन में सांसद सुब्रत पाठक ने कहा वर्ष 2014 के पहले की सरकारें थी वह टोपी लगाकर मजार में जाते थे और मुख्यमंत्री आवास में रोजा खोला जाता था। भाजपा की सरकार बनने के बाद से सपा, बसपा व कांग्रेस नेता मंदिरों में जाने लगे हैं। यह बातें जन आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने कही।

उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव वर्ष 2050 के भारत का भविष्य तय करेगा। देश किसी की संपत्ति नहीं है, यह देश सभी का व महापुरुषों का है। राम मन्दिर का निर्माण अभी तक की बीती सरकारों ने नहीं करवाया, रामलला अभी तक टेंट में थे,देश के प्रधानमंत्री ने रामलला को भव्य



सांसद को प्रतीक चिह्न देते कार्यकर्ता। अमृत विचार

● **जन आशीर्वाद यात्रा में कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना**

मंदिर में स्थापित किया, जिसकी सराहना विदेश में भी की जा रही है, सपा के लोग मंदिर में दर्शन करने भी नहीं गए। सपा में पहले परिवादवाद था लेकिन अब वंशवाद है । समाजवादी पार्टी अपने घर को नेता और सांसद बनाने में लगी है। जिला पंचायत अध्यक्ष औरैया कमल दोहरे ने बताया केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क राशन ,निःशुल्क गैस ,बिजली कनेक्शन , पीएम किसान जैसी योजनाओं को जन जन तक लाभ मिल रहा है और कहा कि कंचौसी क्षेत्र में ढिकियापुर घसापुरवा में रोड का निर्माण मेरे प्रयास से करवाया जा रहा है।

# डीएम ने मौके पर जाकर जांची जमीन की कीमत

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

● **जमीन की खरीद फरोख्त में स्टांप की रुटीन जांच हुई**

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गांव बहादुरपुर ऊंचा में क्रय-विक्रय की गई कृषि भूमि का जगह पर पहुंचकर मौका मुआयना कर निरीक्षण किया। साथ ही विक्रय पत्र के साथ संलग्न किए गए स्टांप पत्रों की जांच की।

तहसील क्षेत्र में बड़े खरीददार जो जमीन में मालयित के अनुरूप स्टांप खरीदते समय कम या ज्यादा स्टांप की खरीद फरोख्त में हेराफेरी का आज उक्त गांव में पहुंच कर जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने भौतिक सत्यापन किया। इसके तहत एक 80 लाख रुपये की डीड की जांच की। जिसमें भूमि कि मालियत की पुनः जांच कराते हुए संलग्न किए गए स्टांप पत्रों के मूल्य को देखा जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यदि निर्धारित मूल्य के अनुरूप स्टांप पत्रों में कमी पाई जाएगी तो कार्यवाही सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर एसडीएम रामअवतार, तहसीलदार जितेश कुमार व लेखपाल मौजूद रहे।

# बीहड़ के 20 परिषदीय विद्यालयों के बहुरेंगे दिन, स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● **संसाधनों की कमी के चलते शिक्षा व्यवस्था नहीं हो पा रही थी हाईटेक : जिलाधिकारी**

**अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीझलपुर में खनिज फाउंडेशन न्यास के मद से बीहड़ क्षेत्र के 20 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाई जाएंगी। गुरुवार को डीएम ने विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाए जाने के लिए शिलान्यास किया।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के दौर में संसाधन न होने की वजह से बीहड़ पट्टी के गांव के बच्चों में शिक्षा हाईटेक नहीं हो पा रही थी। इन स्मार्ट क्लासों के जरिए बीहड़ के बच्चे भी कंपोजिट विद्यालयों के बच्चों से पीछे नहीं रहेंगे इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को रटने की आदत से दूर कर कांसेप्ट समझकर तैयारी करवा कर शिक्षा को आसान बनाना है। शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पहले यहां डाकुओं की धमक और गोलियों की गूंज सुनाई देती थी समय के साथ यहां के परिवेश में अंतर आया है।

कार्यक्रम के दौरान एडीएम महेंद्र पाल सिंह, सीएमओ डा. सुनील


स्मार्ट क्लास का शिलान्यास करतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

कुमार वर्मा, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के प्रतिनिधि ऋषि पांडेय ने कहा कि यह कार्य जनपद के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अजीतमल रामौतार वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी आशुतोष सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी गण व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में बताया गया मतदान का महत्व

**औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में स्वीप योजनान्तर्गत बिधूना व दबियापुर विधानसभा के विकास खंड सहार व भाग्यनगर के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब (ई.एल.सी.) वर्कशॉप सांईनाथ इंटर कॉलेज दिबियापुर औरैया के सभागार में आयोजित की गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक स्वीप एस.पी यादव द्वारा विद्यालयों के उपस्थित नोडल अधिकारियों तथा क्लब के उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता साक्षरता का उद्देश्य, महत्व तथा कार्यक्रमों, गतिविधियों के आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं मतदाता बनने की पात्रता फार्म 6 ,बी एल ओ संबंधी, शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रचार प्रसार करने, चुनाव प्रक्रिया एवं ईवीएम संदर्भित तथ्यों से भी अवगत कराया गया। वर्कशॉप कार्यक्रम का संचालन राजकुमार शिक्षक राज्यकीय हाईस्कूल लखुनो औरैया तथा प्रधानाचार्य अवध मुरारी अग्रवाल , स्वीप जनपद औरैया के आइकॉन मोहित परमार व राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

**अभियान** सक्षम की प्रान्त बैठक में मतदान के लिए दिव्यांग जनों की भूमिका पर हुई चर्चा, अधिक से अधिक दिव्यांगों को मतदान केंद्र लाने पर जोर

# मतदान में दिव्यांगों की सहभागिता पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● **एक कार्यकर्ता 30 दिव्यांग परिवार और सेवा केंद्र सौ परिवारों को करेंगे प्रेरित**

**अमृत विचार।** सक्षम कानपुर प्रान्त के औरैया जिला द्वारा अध्यक्ष विकास त्रिपाठी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 में दिव्यांग जनों की मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एक बैठक गुरुवार को संपन्न हुयी।

इस बैठक का उद्घाटन जिला अध्यक्ष विकास त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रान्त सचिव प्रशांत मिश्रा ने कहा कि हम सभी लोगों को इस लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों का योगदान शत प्रतिशत रखने के उद्देश्य से कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि हमे रैली के माध्यम से दिव्यांग एवं आम जनों के घर घर जाकर उनको मतदान के लिए प्रेरित करना होगा।

जिला संरक्षक डॉ. जय गोपाल पांडेय ने दिव्यांगों का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिव्यांगों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में सभी को अवगत कराया एवं कहा कि हम सब लोगों को टोली के साथ कार्य करना होगा। सभी कार्यकर्ताओं ने 10 मार्च से 1 अप्रैल तक दिव्यांग मतदाता जागरुकता अभियान का संकल्प लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि प्रत्येक सक्षम कार्यकर्ता को कम से कम 30 दिव्यांगजनों के परिवारों से सम्पर्क कर राष्ट्र हित में मतदान के लिये प्रेरित करेंगे, जबकि दिव्यांग सेवा केंद 100 दिव्यांगजनों के परिवारों तक सम्पर्क करें।


बैठक में चर्चा करते सक्षम के पदाधिकारी। अमृत विचार

जिला मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने कहा कि सभी तहसीलों और ब्लॉको में संयोजक बनाए जाएंगे जिससे यह जागरूकता अभियान बड़े पैमाने पर हो सके। इस अवसर पर प्रांत सह सचिव पंकज तिवारी, महिला आयाम राष्ट्रीय सह संयोजक सुमन चतुर्वेदी, कला आयाम जिला संयोजक उमेश द्विवेदी, अतुल व विजय चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


श्रमदान करते स्वयंसेवक। अमृत विचार

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**औरैया।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ग्राम उमरी में श्रमदान और स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर यश कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने जागरुकता अभियान के तहत सबसे पहले ग्राम उमरी में स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय तथा राम जानकी मंदिर उमरी में श्रमदान के तहत साफ सफाई करते हुए प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करने का कार्य किया। द्वितीय सत्र के तहत युवा और राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश मिश्रा ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि अगर युवाओं को सही दिशा न दी गई तो उनके भटकने की संभावना अधिक रहती है। आज के शिविर में सोनाली, रश्मि, नंदिनी, रिचा, रजनी देवी, अमन, शिल्पी, अवनीश राजपूत, शहनाज बानो, आयुष बाबू, नितिन कुमार, शिवानी, सपना, प्रियंका माथुर, वैष्णवी चौधरी, रिया सिंह, दुर्गा गुप्ता, नवनीत सिंह, वर्तिका दुबे, सुप्रिया शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ने एसएफआई का पुतला फूंका

**औरैया।** एसएफआई के गुंडों ने केरल में पशु चिकित्सा विज्ञान के द्वितीय वर्ष के एक छात्र की रैगिंग और फिर अमानवीय यातनाएं देकर उसकी हत्या कर दी। एसएफआई की इस गुंडागर्दी और लाल आतंक की इस रक्त पिपासु विचारधारा के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा गुरुवार को संजय गेट पर एसएफआई का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। सिद्धार्थ को न्याय दिलाने हेतु नारेबाजी की गई। जिसमें जिला संयोजक सुदीप चौहान ने बताया कि एसएफआई जैसे अमानवीय कृत्य करने वाले संगठन को तत्काल प्रभाव से बैन करना चाहिए। क्योंकि ये संगठन कैम्पस में विद्यार्थियों के लिए बहुत ही घातक हैं एवं केरल सरकार द्वारा सिद्धार्थ की हत्या करने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं तहसील संयोजक भानु प्रताप ने कहा कि कॉलेज कैंपस में रैगिंग जैसे अमानवीय अपराध पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है । इस प्रकरण को लेकर विद्यार्थी परिषद् पूरे देश में आंदोलन प्रदर्शन कर न्याय की मांग कर रही है। नगर सह मंत्री धुरुव मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अंकित वर्मा, मयंक, सूर्या प्रताप कुशवाह, दीपू गुर्जर, अंशुल सिंह आदि मौजूद रहे।



पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन करते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### 17 जिले कराएंगे जीआई टैग का पंजीयन

अमृत विचार , लखनऊ : 17 जिलों में कृषि एवं प्रसंस्कृत प्रमुख उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए जीआई टैग दिलाया जाएगा। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को पंजीयन कराने के साथ अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें लखनऊ, मऊ, मथुरा, बुलंदशहर, सीतापुर, मेरठ, रामपुर, बाराबंकी, कानपुर नगर, हाथरस, बलिया, हरदोई, एटा, फर्रुखाबाद, सोनभद्र, फतेहपुर व मिर्जापुर शामिल है। पंजीयन और उपयोगकर्ता की प्रक्रिया जिलाधिकारी स्तर से कराई जाएगी। वहीं, गोरखपुर समेत चार जिलों में नाबार्ड यह प्रक्रिया कराएगा।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं हों उपलब्ध

अमृत विचार,लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। गुरुवार को यह निर्देश राज्यपाल ने थैलेसीमिया से पीड़ित 22 बच्चे व उनके परिजनों ने राज्यपाल से भेंट के दौरान अफसरों को निर्देश दिए हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया फरीदाबाद हरियाणा की ओर से इन बच्चों को राजभवन लाया गया था।

# भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आएं इंजीनियर्स : पी गुरुप्रसाद

- राहत आयुक्त और सीडीआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किया मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। ऐसे में भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं को लेकर राज्य सरकार पहले से सजग है। अभियंताओं और विशेषज्ञों को भूकंपरोधी इमारतें बनाने में आगे आना होगा। इसके लिए नए डिजाइन, मजबूती और तकनीकी के इस्तेमाल पर काम करना होगा।

यह बातें गुरुवार को मॉल एवेन्यू के एक होटल में राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरप्रसाद ने कहीं। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और सीडीआरआई द्वारा संसटाइजेशन प्रोग्राम ऑन रेसिलियंट इंफ्रास्ट्रक्चर विषय पर आयोजित सम्मेलन में भूकंप रोधी तकनीकों, आपदा के समय बचाव के प्रयास, भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग और नई बनने वाली हाउसिंग सोसाइटी में हरियाली बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि आज के दौर में लोग शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं, जिसे हमें रोकना होगा। वहीं उत्तर प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम तेजी से हो रहा है इसलिए आवश्यक है कि भवन आदि निर्माण भूकंपरोधी और एंटी डिजास्टर हो। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा कि कंस्ट्रक्शन करने से पहले हमे उसके डिजाइन, डाटा डॉक्यूमेंटेशन और संचार पर बेहद ही ध्यान देने की जरूरत है। सीडीआरआई की एनालिस्ट ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी डेवलपमेंट नोनी गुप्ता ने कहा कि भारत में 2018 तक भूकंप से 50 लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। ऐसे में सभी इंजीनियर्स को मिलकर नई रणनीति बनानी होगी।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा: योगी

## मुख्यमंत्री ने नवचयनित 39 एसडीएएम, 41 डीएसपी और 16 कोषाधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र

- भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा
- पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग और बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल मिलेगा। कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है।

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाने की गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

# हमीरपुर में रेप पीड़िता से बाबू ने मांगी रिश्वत, निलंबित

- समाज कल्याण राज्यमंत्री ने लिया संज्ञान, शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** हमीरपुर में समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक तुषार को रेप पीड़िता को आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिए 50 हजार मांगे जाने पर निलंबित कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर निलंबन के लिए निर्देश जारी किया।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस सिलसिले में वायरल ऑडियो क्लिप संज्ञान में आने पर समाज कल्याण राज्यमंत्री ने प्रकरण के जांच के आदेश दिए थे। उपनिदेशक कानपुर मंडल द्वारा स्थलीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की किसी भी शिकायत पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। शिकायत होने तत्काल जांच कराकर दोषी के पर कार्रवाई की जाएगी।

# परियोजनाओं की देरी में फंसा खेलो इंडिया

- 9 जिलों में तैयार इंडोर गेम के लिए मल्टी परपज हाल, फुटबाल कोर्ट व रनिंग ट्रैक नहीं हो पाए हैंडओवर

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की परियोजनाएं खेलकूद की राह देख रहीं हैं। लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, हरदोई, हाथरस, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ व बागपत में केंद्र के साथ मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत 11 परियोजनाएं तैयार होने के बाद भी युवा कल्याण विभाग को लंबे समय से हस्तांतरण नहीं हुईं हैं। इन परियोजना में इंडोर गेम जैसे बैंडमिंटन, जूडो-कराटे, ताइक्वांडो, कबड्डी आदि के लिए मल्टी परपज हाल बनाए हैं। कुछ जिलों में नेचुरल फुटबाल कोर्ट, रनिंग ट्रैक व मिनी स्टेडियम भी शामिल हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद भी युवाओं को लाभ नहीं मिल पाया है। इन परियोजनाओं के कार्य समाप्ति की तिथि 2022 से 23 तक थी। अन्य परियोजनाओं के साथ इनका भी लोकार्पण करने की तैयारी थी।

बागपत में कमियों का निस्तारण तो कानपुर में चल रही फिनिशिंग

शासन के संज्ञान लेने और पत्राचार करने पर केंद्र सरकार की खेलो इंडिया परियोजना में ग्राम कोटरा हरदोई में मल्टीपरपज हाल विद नेचुरल फुटबाल कोर्ट और रनिंग ट्रैक तो युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल मुख्यालय लखनऊ में बने मल्टी परपज हाल के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्राम मितली बागपत में मल्टी परपज हाल में कमियों का निस्तारण किया जा रहा है। प्रतापगढ़ के ग्राम सरसी खाम व ग्राम आसपुर देवसरा में एक-एक मिनी स्टेडियम निर्माणाधीन है। जबकि, कानपुर नगर के ग्राम मकसूदाबाद में मल्टी परपज हाल में फिनिशिंग, बाउंड्रीवाल की चिनाई, प्लास्टर आदि कार्य की रिपोर्ट दी गई है।

**जिलों में परियोजना**

- ग्राम पंचायत सिकंदरामऊ हाथरस
- ग्राम पंचायत रेरा प्रयागराज
- ग्राम पंचायत ककरघटा हरदोई
- ग्राम पंचायत तिलगोड़ी कौशांबी
- ग्राम पंचायत दुबौली गोरखपुर

"ज्यादातर परियोजनाएं हैंडओवर हो चुकी हैं। शेष में प्रक्रिया चल रही है। संबंधित जिलों से निर्देश भी दिए गए हैं। इसकी मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं। जल्द हैंडओवर करेंगे।

-संदीप कुमार सचान, ,उप निदेशक युवा कल्याण मुख्यालय

# 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने को दिए 9.84 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में दंगाइयों एवं अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई और नियंत्रण हेतु सीओ सर्किल स्तर के लिये 41 दंगा नियंत्रण वाहन खरीदने के निर्देश दिये है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्था हेतु दंगाइयों एवं अपराधियों के विरूद्व और अधिक त्वरित कार्यवाही एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रदेश के सीओ सर्किलों हेतु 41 दंगा नियंत्रण वाहनों के खरीदने हेतु 9 करोड़ 84 लाख रूपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है।

### महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए मिला धन

शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के 62 राजकीय महाविद्यालयों को सुविधाओं के लिए तीन करोड़ की धनराशि भेजी है। इस धनराशि से विज्ञान विषयों की प्रयोगशालाओं के साथ फर्नीचर की खरीद मार्च माह तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# इस बार 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराएं : रिणवा

- नागरिकों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से करें संचालित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वीप गतिविधियां तेजी से संचालित की जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां का मतदान प्रतिशत लगभग 59.11 था, इसे इस बार बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मतदाता बनने से लेकर वोटर आईकार्ड में संशोधन करने की सुविधाएं आयोग की वेबसाइट व वोटर हेल्प लाइन एप के जरिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। हेल्प लाइन 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए विभागों से एमओयू

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शिक्षा विभाग, डाक विभाग व इण्डियन बैंक एसोसिएशन के साथ एमओयू किया गया है। इन एमओयू के क्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित किया जाय। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

### सैनिक परिवार को मतदान के लिए करें प्रेरित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाएं। छावनी क्षेत्र के अंदर रहने वाले सैनिक परिवार, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है, उनको मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। राज्य कर विभाग प्रदेश में वाणिज्यक संगठनों की मदद से मॉल, स्टोर आदि में ऑफर देकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करें।

# ई ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

- प्रशिक्षण के साथ ही पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है। ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

### महिलाओं को दी जा रही सेफ्टी किट

एमडी प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला-कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट करना।
4. रथ, यान।
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।



### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | | 2 चँ | 3 प | ना |
| | | | 4 आ | | पो | |
| | 5 थि | | 6 डं | ठ | ल | |
| 7 ग | र | का | ब | | ना | |
| | क | | री | | | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | | | | र |
| | | | 10 अ | प | दा | न |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू -88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 22.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग

| भाव | ग्रह |
|---|---|
| 12 | बु. सू. रा. |
| 1 | गु. |
| 11 | श. शु. |
| 10 | मं. |
| 9 | |
| 2 | चं. |
| 8 | |
| 5 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 7 | |
| 6 | के. |

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 16.08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन:** आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह:** आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या:** आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न-चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला:** आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु:** आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन:** आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- साथी — सुबह : 11.00
- यह है जलवा — दोपहर : 03.00

**SONY PIX**
- द वॉटर हाउस — सुबह : 10.49
- फास्टर — शाम : 05.40

**SONY MAX**
- अनाड़ी — सुबह : 10.12
- मैं हूं लकी द रेसर — रात : 10.07

**ZEE CINEMA**
- जान — सुबह : 10.30
- हीरोपंती 2 — शाम : 04.30

**colors CINEPLEX**
- नजर अंदाज — दोपहर : 01.42
- पागलपंती — रात : 07.03

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति- यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर- डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू- सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।



**96.8** करोड़ से अधिक लोग लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान



**47.1** करोड़ महिला मतदाता



**49.7** करोड़ पुरुष मतदाता



**21.6** करोड़ युवा मतदाता

**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में

## चुनावी तीर



कांग्रेस और सपा रामलला का मंदिर नहीं बना पाते। गरीब को राशन, मकान, स्वास्थ्य सुविधा नहीं उपलब्ध करा सकते हैं तो आप अपना वोट खराब कर उन्हें बोझ के रूप में क्यों स्वीकार करते हैं।

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री उप्र



जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में जाने वाले हैं। कभी, 10 साल हिटलर का समय था। वह वहां 10 साल से ज्यादा नहीं रह सका। तो, अब इनके भी 10 साल भी पूरे हो गए हैं।

**अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

## भाजपा की दूसरी सूची

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल और हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्रियों क्रमश : मनोहर लाल खट्टर और बसवराज बोम्मई सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं, मगर उत्तर प्रदेश की राजनीति के दिग्गजों की झोली अभी खाली है।

**दादर एवं नगर हवली :** श्रीमती कालाबेन देलकर

**दिल्ली : पूर्वी दिल्ली :** हर्ष मल्होत्रा, **उत्तर पश्चिमी दिल्ली :** योगेन्द्र चंदोलिया

**गुजरात : साबर कांठा :** भीखाजी दुधाजी ठाकोर, **अहमदाबाद पूर्व :** हसमुख भाई सोमाभाई पटेल, **भावनगर :** श्रीमती निमुबेन बम्भानिया **वड़ोदरा :** श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट, **छोटा उदयपुरा( अजजा) :** जशुभाई भीलुभाई राठवा, **सूरत :** मुकेशभाई चंद्रकांत दलाल, वलसाड( अजजा) धवल पटेल

**हरियाणा : अम्बाला (अजा) :** श्रीमती बंतो कटारिया, **सिरसा (अजा) :** अशोक तंवर, **करनाल :** मनोहर लाल खट्टर, **भिवानी :महेन्द्रगढ़ :** चौधरी धरमबीर सिंह, **गुरुग्राम :** राव इंद्रजीत सिंह यादव, **फरिदाबाद :** कृष्णपाल गुर्जर

**त्रिपुरा पूर्व :** महारानी कृति सिंह देब वर्मा।

**हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर :** अनुराग सिंह ठाकुर, **शिमला :** सुरेश कुमार कश्यप,

**उत्तराखंड : गढ़वाल :** अनिल बलूनी, **हरिद्वार :** त्रिवेंद्र सिंह रावत

**महाराष्ट्र : नंदुरबार :** डॉ. हिना विजय कुमार गाबित, **धुले :** सुभाष रामराव, **जलगांव :** स्मिता वाघ, **रावेर :** रक्षा निखिल खडसे, **अकोला :** अनूप धोत्र, **वर्धा :** रामदास चंद्रभान, **नागपुर :** नितिन गडकरी, **चंद्रपुर :** सुधीर मुंटीवार, **नांदेड़ :** प्रतापराव पाटिल, **जालना :** राव साहेब, **डिंडोरी :** डॉ. भारती प्रवीण पवार, **भिंवडी :** कपिल मोरेश्वर पाटिल, **मुंबई उत्तर :** पीयूष गोयल, **मुंबई उत्तर पूर्व :** मिहिर कोटेचा, **पुणे :** मुरलीधर किशन मोहोल, **अहमदनगर :**सुजय पाटिल, **बीड :** पंकजा मुंडे, **लातूर :** सुधाकर तुकाराम, **माडा :** रणजीत सिन्हा, **सांगली :** संजय काका पाटिल।

**तेलंगाना : आदिलाबाद :** गोदाम नागेश, **पेद्दापल्ले :** गोमासा श्रीनिवास, **मेडक :** माधवनेनी रघुनंदन राव, **महबूबनगर :** डीके अरुणा, **नल्गोंडा :** सईदा रेड्डी, **महबूबाबाद :** प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक।

**कर्नाटक : चिक्कोडी :** अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, **बागलकोट :** पीसी गद्दीगोंडर, **बीजापुर :** रमेश जिगजिणगी, **गुलबर्गा :** उमेश जी जाधव, **बीदर :** भगवंत खूबा, **कोप्पल :** बसवराज क्यावातूर, **बेल्लारी :** बी. रामुलू, **हावेरी :** बसवराज बोम्मई, **धारवाड़ :** प्रह्लाद जोशी, **दवणमेरे :** गायत्री सिद्धेश्वर, **शिमोगा :** वी वाई राघवेंद्र, **उडुपी चिकमंगलूर :** कोटा श्रीनिवास पुजारी, **दक्षिण कन्नड़ :** ब्रिजेश चौटा, **तुमकुर :** वी सोमन्णा, **मैसूर :** कृष्णदत्त चामराज वाडिया, **चामराजनगर :** एस बालराज, **बेंगलुरु ग्रामीण :** डॉ. सीएन मंजूनाथ, **बेंगलुरु उत्तर :** शोभा करंदलाजे, **बेंगलुरु सेंट्रल :** पीसी मोहन, **बेंगलुरु साउथ :** तेजस्वी सूर्या।

*2024 में 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी क्या करना चाहती है यह विवाद का विषय नहीं है बल्कि विचार का विषय यह है कि वह यह लक्ष्य हासिल कैसे कर पाएगी। अभी तक 400 पार का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के ही नाम है। यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए भाजपा को कम से कम 13 प्रतिशत मतों का इजाफा करना होगा। सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट:*

# नरेंद्र मोदी क्या तोड़ पाएंगे राजीव गांधी का रिकार्ड!





**1985** में कांग्रेस ने 542 में से 415 सीटों पर जीत दर्ज करके रच दिया था इतिहास

**303** सीटों पर 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की थी जीत। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थीं।

भारतीय जनता पार्टी ने जब "अबकी बार चार सौ पार' का नारा दिया तो उनकी पार्टी के ही लोग उस पर सवाल उठाने लगे।एक सांसद ने जब यह कहा चार सौ पार जाकर संविधान बदलेंगे तो तूफ़ान उठ खड़ा हुआ। हम यहां यह बात नहीं कर रहे हैं कि चार सौ सीट हासिल करने का भाजपा का उद्देश्य क्या है। बल्कि विचार यह है कि कि चार सौ पार जाने का लक्ष्य कितना कठिन है। क्योंकि आजादी के बाद चार सौ पार जाने का करिश्मा सिर्फ राजीव गांधी ही कर सके हैं।

1984 में राजीव गांधी ने जब 415 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी।उस समय हालात क्या थे किसी से छिपा नहीं है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आम जनता में सहानुभूति की लहर उठी थी । उसी के परिणाम स्वरूप राजीव गांधी यह करिश्मा कर सके थे। क्या भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में वैसी लहर देख रही? या फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को लेकर अति आत्मविश्वास में है। यदि ऐसा है भाजपा नेतृत्व को यह समझ लेना चाहिए कि चार सौ पार की राह इतनी आसान नहीं है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36% वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त मत 60.37 करोड़ वोटों के साथ 45% था।

**13%** मतों का इजाफा करना पड़ेगा भाजपा को इस बार के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए

1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव 1 साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंचा। कांग्रेस ने कुल 49.1 प्रतिशत हासिल किए थे। उस समय भाजपा दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के चुनाव को आधार माने तो भाजपा के पास इस समय 37.36% मत हैं। यानी कि राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने मत प्रतिशत में लगभग 13% का इजाफा करना पड़ेगा। जो फिलहाल आसान नहीं दिखता।

राजीव गांधी का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले भाजपा को पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। 1951 में जब देश में पहला चुनाव 489 सीटों पर हुआ था। उसे समय कांग्रेस को 364 सीटें मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर विजय हासिल की थी। 1971 में भी कांग्रेस में 352 सीटें जीती थी। 1980 में भी कांग्रेस को 351 सीट मिली थी। भाजपा के समक्ष राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने से पहले इन चार चुनाव के रिकॉर्ड भी तोड़ने की चुनौती है। 2004 में कांग्रेस 145 सीटों के साथ सबसे आगे रही जबकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं थीं। 1984 के बाद कांग्रेस की सीट निरंतर घटती गई। उसी अनुपात में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई। बावजूद इसके कांग्रेस 2004 से 2014 तक पुनः सरकार बनाने में कामयाब रही।



**कांग्रेस को कब मिली कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| 1951 | 364 |
| 1957 | 371 |
| 1967 | 283 |
| 1971 | 352 |
| 1977 | 153 |
| 1980 | 351 |
| 1984 | 415 |
| 1989 | 197 |
| 1991 | 244 |
| 1996 | 140 |
| 2004 | 145 |
| 2009 | 207 |
| 2014 | 44 |
| 2019 | 53 |

## गहलोत, कमलनाथ की तरह हरीश रावत ने भी मांगा बेटे के लिए टिकट

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



● अमेठी या रायबरेली से प्रियंका को उम्मीदवार बनाने पर विचार-विमर्श

**अमृत विचार:** राजस्थान व मध्य प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट मांगा है। यहां से उनकी बेटी अनुपमा रावत विधायक हैं लेकिन गर्भवती होने के कारण चुनाव प्रचार करने में असमर्थ हैं। उत्तर प्रदेश की रायबरेली एवं अमेठी सीट को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है यहां से प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है।

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा की है। यहां से वे अपने बेटे वीरेंद्र को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने उन्हें सलाह दी है कि वे या तो स्वयं चुनाव लड़े या फिर बेटी अनुपमा को मैदान में उतारे, क्योंकि पहली मर्तबा में वीरेंद्र को टिकट देना न्याय संगत नहीं होगा।

हरीश रावत शुरू से अल्मोडा-पिथौरागढ संसदीय सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं लेकिन यह सीट सुरक्षित हो जाने के बाद उन्होंने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सांसद बने थे। लेकिन इस बार वे हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के पार्टी के प्रस्ताव को ठुकरा रहे हैं। रावत का तर्क है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है उनकी जगह बेटे को टिकट दे दिया जाए। वेणुगोपाल से हुई मुलाकात के दौरान हरीश रावत ने बेटे को चुनाव जीतने का सबसे बड़ा फार्मूला वर्तमान सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल का टिकट कटने से भाजपा में पैदा हुए असंतोष का लाभ मिलना बताया है।

इसी तरह उप्र में रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र को लेकर कांग्रेस में काफी विमर्श चल रहा है। क्योंकि सोनिया राज्यसभा से सांसद है और राहुल वायनाड से लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह संदेश जा सकता है कि गांधी परिवार ने रायबरेली, अमेठी को छोड़ दिया। पहले यह कहा जा रहा था कि राहुल अमेठी या रायबरेली से भी लड़ सकते हैं।

## टिकट बंटवारे की नाराजगी पर ममता ने छोटे भाई से तोड़े संबंध

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी संबंध तोड़ने का ऐलान किया। ममता का यह कदम उनके भाई द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर प्रत्याशी बनाने पर नाखुशी जताने के बाद आया है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में यह टिप्पणी की।



पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले, वह समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उनके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। बाबुन बनर्जी ने कहा कि मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं।

## दलों में आधी आबादी के हक की बात, टिकट देने में आनाकानी

- लोकसभा में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों पर किसी पर नहीं है महिलाओं का प्रतिनिधित्व
- भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस की ओर से महिलाओं को टिकट देने में किया जाता है संकोच
- मुरादाबाद से 1952 से अब तक हुए चुनाव में नहीं पहुंची हैं कोई महिला संसद में



● विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चुनाव आने पर राजनीतिक दलों को आधी आबादी की अहमियत वोट के लिए तो याद आती है लेकिन उनके हकदारी की बात करने वाले लोकसभा, विधान सभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट देने में आनाकानी करते हैं। मुरादाबाद मंडल के छह सीटों में से एक पर भी लोकसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं है। इनके वोट लेने वाले टिकट के समय इनकी अनदेखी कर देते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी है। भले ही अभी चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जीत हार के ताने बाने बुने जा रहे हैं। आंकड़ों पर जीत को तौला जा रहा है। कहीं जाति तो कहीं धर्म तो कहीं पुरुष और महिलाओं की संख्या के अनुपात में प्रत्याशी तय करने में दलों के दिग्गज जुटे हैं। लेकिन आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी राजनीति में आधी आबादी को अपना पूरा हक नहीं मिल रहा है। आधी आबादी के हक की बात तो की जाती है लेकिन जब चुनाव का समय आता है तो उनको जीत के लिए अधिक मुफीद न मानते हुए टिकट देने से परहेज किया जाता है। ऐसी स्थिति किसी एक दल की नहीं कमोवेश सबकी है। दलों के दिग्गज महिलाओं को वोट के लिए तो अहम मानते हैं लेकिन टिकट देने से बचकर पुरुषों पर अधिक दांव लगाते हैं।

अब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद बने कानून का कितना पालन दलों के द्वारा किया जाएगा यह तो चंद दिनों में पता चल जाएगा लेकिन अभी तक के आंकड़े महिलाओं के लिए राजनीति में हकदारी की बात अंगूर खट्टे हैं जैसी है। मंडल में छह में से किसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए चुनाव परिदृश्य पर नजर डालें तो कोई महिला संसद में नहीं पहुंची हैं।

● मुरादाबाद नगर ● मुरादाबाद देहात ● ठाकुरद्वारा ● कांठ ● बढ़ापुर

### इस बार बढ़ी हैं महिला मतदाता



इस लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान में पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में आधी आबादी पर रहेगा जीत का अहम दारोमदार रहेगा। इस बार के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 11,46,014 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 69407 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पहले महिला मतदाताओं की संख्या 11,04,303 थी। पुनरीक्षण में महिला मतदाता 41,710 बढ़ गई हैं। अब इनकी कुल संख्या 11,46,014 हो गई है। ऐसे में जीत की कुंजी उनके हाथ में रहेगी। हालांकि जिले में कुल 24,42,843 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

**मुरादाबाद मंडल के सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | भाजपा (उपचुनाव में जीते) |
| संभल | डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क | 27 फरवरी 2024 निधन |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा (अभी निष्कासित) |
| नगीना | गिरीश चंद्र | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |

**मुरादाबाद लोकसभा सीट पर इनकी जीत**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, दो बार पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने किया था प्रतिनिधित्व

## फतेहपुर : बनेगा नया रिकार्ड या दोहराया जाएगा इतिहास

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

कानपुर और प्रयागराज तथा गंगा-यमुना के बीच में बसे होने के कारण दोआबा के नाम से मशहूर फतेहपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि इतिहास बताता है कि इस सीट से अभी तक कोई सांसद हैट्रिक नहीं लगा पाया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार नया रिकार्ड बनेगा या इतिहास दोहराया जाएगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन में इस सीट से सपा को प्रत्याशी उतारना है।





उत्तर प्रदेश की राजनीति में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह बात इसी से समझी जा सकती है कि यहीं से वर्ष 1989 और 91 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे हरिकिशन शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर वर्ष 1980 और 84 में लगातार दो बार जीत हासिल की थी। 1996 में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद और 1998 और 99 में भाजपा के डॉ. अशोक कुमार पटेल फिर 2004 में बसपा के महेंद्र निषाद और 2009 में सपा के राकेश सचान सांसद बने थे। पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 से साध्वी निरंजन ज्योति ने यहां भाजपा का 'कमल' खिला रखा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में अभी तक भाजपा द्वारा घोषित नौ प्रत्याशियों में वह अकेली महिला उम्मीदवार हैं। पार्टी का मानना है कि राम मंदिर बनने से बने माहौल, मोदी की गारंटी और जातीय समीकरणों के दम पर साध्वी इस बार बड़े अंतर से चुनाव जीतने का रिकार्ड बना सकती हैं। उनका मुकाबला करने के लिए सपा से जहां भाजपा के टिकट पर दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ. अशोक पटेल मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नाम भी टिकट के दावेदारों में प्रमुखता से गिना जा रहा है। बसपा ने अभी यहां पत्ते नहीं खोले हैं। कभी भाजपा के लिए चुनौती रहे सपा के पूर्व सांसद राकेश सचान अब योगी सरकार में मंत्री हैं और साध्वी की जीत के लिए पूरी ताकत भी लगाए हैं।

**बीते चार चुनाव में वोट प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 33.9 | 40.2 | 12.9 | 1.9 |
| 2019 लोस | 55 | -- | 35.7 | 6.4 |
| 2017 विस | 40.8 | 15.2 | 18.7 | 8.9 |
| 2014 लोस | 46.0 | 17.0 | 28.3 | 4.4 |

**2019 चुनाव का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | साध्वी निरंजन ज्योति | 5,66,040 |
| बसपा | सुखदेव प्रसाद वर्मा | 3,67,835 |
| कांग्रेस | राकेश सचान | 66,077 |
| नोटा | | 14,692 |

(2019 में सपा-बसपा गठबंधन में सीट बसपा को मिली)

### इतिहास का आईना

फतेहपुर लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था। अब तक सबसे ज्यादा पांच बार कांग्रेस तो भाजपा को चार बार सफलता मिली है। जनता दल और बसपा के उम्मीदवारों ने दो-दो बार, सपा और लोकदल के प्रत्याशियों को एक-एक बार जीत दर्ज की है। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार को यहां से सफलता मिली थी। बीते दो चुनाव से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है।

### हैट्रिक से चूकते रहे सांसद

1967 और 1971 में फतेहपुर सीट से कांग्रेस के संतबख्श सिंह सांसद बने। लेकिन इसके बाद हुए 1977 के चुनाव में वह जनता पार्टी के वशीर अहमद से हार गए। इसी प्रकार 1980 और 1984 में दो बार कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री सांसद बने। लेकिन तीसरी बार 1989 में जनता दल के वीपी सिंह से पराजित हो गए। इसके बाद मध्यावधि चुनाव होने के कारण वीपी सिंह 1991 में दोबारा सांसद बने। ऐसे ही दो बार डॉ. अशोक पटेल सांसद बने, लेकिन तीसरी बार 2004 में चुनाव हार गए।

### तीन दशक से कुर्मी या निषादों का ही दबदबा

इस सीट पर पिछले करीब तीन दशकों से कुर्मी या निषाद प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 1996 में भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने सीट पर कब्जा किया था। लेकिन 1998 के चुनाव में डॉ. अशोक पटेल ने बसपा से सीट छीन ली। एक साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा के सूर्यबली निषाद को हराकर डॉ. अशोक पटेल ने दोबारा जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में यह सीट फिर बसपा की झोली में गई। बसपा के महेंद्र निषाद जीते। 2009 में सपा के राकेश सचान यहां से जीते। 2014 में एक बार फिर भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति ने बसपा के अफजल सिद्दीकी को हरा दिया। 2019 में साध्वी फिर चुनाव जीतने में सफल रहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200-12300 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4950-5050 |
| मसूरमलका | 7050-7200 |
| मसूरदाल | 7100-7150 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों की सरकार की हिस्सेदार को 75% से कम करने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने दी जानकारी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) और यूको बैंक सहित पांच सरकारी बैंक सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत से नीचे लाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के कुल 12 बैंकों (पीएसबी) में से चार 31 मार्च, 2023 तक सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन कर चुके हैं। जोशी ने बातचीत में कहा, ''चालू वित्त वर्ष में तीन और पीएसबी ने न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता का अनुपालन पूरा कर लिया है। शेष पांच सरकारी बैंकों ने एमपीएस मानदंडों को पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाई हैं।'' फिलहाल दिल्ली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 98.25 प्रतिशत है। चेन्नई के इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 96.38 प्रतिशत, यूको बैंक में 95.39 प्रतिशत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93.08 प्रतिशत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 86.46 प्रतिशत है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों का अनुपालन जरूरी है। हालांकि, नियामक ने सरकारी बैंकों को विशेष छूट दी है। उनके पास 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता के नियम को पूरा करने के लिए अगस्त, 2024 तक का समय है।

### सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले सामने आए हैं: विवेक जोशी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशीने कहा कि बाजार की स्थिति के आधार पर इनमें से प्रत्येक बैंक शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। बिना कोई समयसीमा बताए उन्होंने कहा कि इस अनिवार्यता को पूरा करने के प्रयास जारी हैं। जोशी ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को अपने स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की समीक्षा करने का निर्देश दिया है क्योंकि सरकार के समक्ष नियामकीय मानदंडों का अनुपालन न करने के मामले आए हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को पत्र लिखकर उनसे स्वर्ण ऋण से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है।

## पेटीएम को यूपीआई प्रणाली में शामिल होने की मंजूरी

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान मंच पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को बहु-बैंक मॉडल के तहत यूपीआई प्रणाली में तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाता (टीपीएपी) के रूप में भाग लेने की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक पेटीएम के लिए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंकों के रूप में काम करेंगे। यस बैंक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) से जुड़े मौजूदा एवं नए यूपीआई कारोबारियों के लिए व्यापारी अधिग्रहण बैंक के रूप में भी काम करेगा। एनपीसीआई ने कहा कि '@पेटीएम' हैंडल को यस बैंक पर दोबारा प्रेषित किया जाएगा।

## भारत की शासन प्रणाली को बदनाम करने के लिए लाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च

मुंबई, एजेंसी

- गौतम बोले-इसके बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे



अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जनवरी में आई अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट न केवल विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार वाले समूह को अस्थिर करने बल्कि भारत की शासन (गवर्नेंस) प्रणाली को राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए भी लाई गई थी।

शॉर्ट-सेलर एवं निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उस समय समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इस साल उसे उच्चतम न्यायालय से भी राहत मिली जब न्यायाधीशों ने फैसला सुनाया कि उसे अतिरिक्त जांच का सामना करने की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में 150 अरब डॉलर से अधिक की बिकवाली हुई थी। उन्होंने कहा-हमारी नींव हिलाने की कोशिशों के बावजूद हम मजबूती से खड़े रहे और हमने न केवल अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा की बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि हम अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950-50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,300 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## सोने के दाम में 250 रुपये और चांदी में 1,700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 250 रुपये की बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,169 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## फिच ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और व्यापार एवं उपभोक्ता भरोसे में सुधार के कारण अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। ऐसे में फिच का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहेगी। यह सरकार के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा अधिक है।

## भारत में कंपनियों के लिए साइबर हमला प्रमुख जोखिम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक डिजिटलीकरण बढ़ने से साइबर अपराध भी बढ़े



साइबर हमले और डेटा में सेंध भारत में कंपनियों के लिए सबसे प्रमुख व्यावसायिक जोखिम हैं। वैश्विक जोखिम प्रबंधन सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 2021 के व्यावसायिक जोखिम सर्वेक्षण में साइबर हमलों और डेटा सेंध को सातवें स्थान पर रखा गया था।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन ने सबसे अधिक दबाव वाली व्यावसायिक चुनौतियों की पहचान करने के लिए 61 देशों और क्षेत्रों के लगभग 3,000 जोखिम प्रबंधकों, सी-सूट अगुवाओं, वित्तीय अधिकारियों, प्रतिभा पेशेवरों और अन्य अधिकारियों से आंकड़े एकत्र किए। द्विवार्षिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आधार और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे को व्यापक रूप से अपनाने से प्रौद्योगिकी पर भारत की निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

सर्वेक्षण कहता है, डिजिटलीकरण बढ़ने के साथ साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे उल्लंघनों से जुड़ी लागत और जटिलताएं, संगठनों को साइबर जोखिमों के बेहतर प्रबंधन के लिए मजबूर कर रही हैं। एऑन के भारत में प्रतिभा समाधान खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नितिन सेठी ने कहा, "एकीकृत जोखिमों को समझने और प्रबंधित करने के लिए भारतीय व्यवसायों को उन्नत डेटा एनालिटिक्स और विशेषज्ञों का लाभ उठाने की अनिवार्य आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष पर किया हमला

# राष्ट्र विरोधी एजेंडे पर काम कर रहा है 'इंडिया'

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इस विचारधारा पर काम कर रहा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। 'पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना' के लाभार्थियों की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर उपस्थित लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एकजुट हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे दिन-रात उन्हें 'गाली' देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' से यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें बैंकों से सरल दरों पर कर्ज मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है।

### भारत को वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना लक्ष्य: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को बेहतरीन वैश्विक पद्धतियों से जोड़कर और इसके अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करके वैज्ञानिक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक की वैज्ञानिक उपलब्धियों का विवरण देने वाली एक रिपोर्ट के लिए दिए गए अपने संदेश में कहा02047 तक आने वाला समय एक ऐसा काल है जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के हमारे सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में आग लगने से दो बच्चियों समेत चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच और तीन साल की दो बच्चियों के तौर पर हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया था।

**मथुरा में चढ़ने लगा होली का रंग...**



मथुरा के निकट रमणरेती आश्रम में शुरू हुई लट्ठमार होली के दौरान महिला भक्तों ने जमकर खेला रंग-गुलाल। ● एजेंसी

## एक नजर

### टीएमसी नेता अर्जुन सिंह ने भाजपा में लौटने की जताई मंशा

**कोलकाता।** टीएमसी के असंतुष्ट नेता अर्जुन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के बाद भाजपा में लौट जाएंगे। वह बैरकपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधत्व करते हैं। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। दो दिन पहले, सिंह ने टीएमसी उम्मीदवार पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए कहा था कि वह बैरकपुर के मतदाताओं की सामूहिक इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें 2019 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा भेजा था।

### ठाणे में किशोर की पीट पीटकर हत्या

**ठाणे।** नवी मुंबई के तुर्भे में 17 वर्षीय एक छात्र को उसके कॉलेज के छह साथियों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे कॉलेज के बाहर हुई जिसमें जान गंवाने वाले छात्र का एक दोस्त भी घायल हो गया है।

## ईडी ने शाहजहां शेख के करीबी व्यापारियों के घरों पर की छापेमारी



कोलकाता में व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के साथ "करीबी संबंध" रखने वाले दो व्यापारियों के आवासों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने एक व्यवसायी के स्वामित्व वाले बाजार पर भी छापा मारा। सीबीआई ने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जब घोटाले के सिलसिले में उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखालि

**संदेशखालि का मामला**

में शेख के परिसर की तलाशी लेने गए ईडी अधिकारियों पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। शेख फिलहाल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। ईडी अधिकारी ने कहा-इन दोनों व्यापारियों ने शेख को राशन वितरण के लिए आए पैसे की हेरफेर करने में मदद की थी और उस पैसे का इस्तेमाल मछली व्यापार में किया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भी अपने अधिकारियों पर हमले में उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा पार्टी से निलंबित किए गए शेख को राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार गुट से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- तस्वीरों के इस्तेमाल को लेकर शरद पवार ने दायर की थी याचिका

उच्चतम न्यायालय ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।

वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है। शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट "उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है" और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से "झूठी प्रशंसा" की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा-एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा-हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत के समन को सत्र अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

# लोकसभा के साथ जम्मू कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव की संभावना

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 दिन पूर्व जम्मू कश्मीर का किया था दौरा
- 17 मार्च तक चुनाव कार्यक्रम के घोषणा की उम्मीद

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के नाम की सिफारिश और एक देश एक चुनाव के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त 17 मार्च तक कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकते हैं। खास बात यह कि लोक सभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने की तैयारी है। इसी बाबत 2 दिन पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम 17 मार्च तक कभी भी घोषित हो सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से मई के प्रथम सप्ताह तक विभिन्न चरणों में मतदान होंगे और दूसरे सप्ताह तक चुनाव परिणाम आने की संभावना है। पूर्व राष्ट्रपति डा. रामनाथ कोविंद द्वारा बुधवार को "एक देश-एक चुनाव" पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपने के बाद यह संभावना भी तेज हो गई है कि लोकसभा के साथ ही जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी करवाए जाएंगे। इसी के तहत 13 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया था और सरकारी मशीनरी से



चुनाव पूर्व समीक्षा की थी। जिसमें पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर की 24 विधानसभा सीटों को छोड़कर शेष 90 सीटों पर चुनाव कराने की बात चल रही है। राज्य के नए परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा में 114 सीटें हैं। जिसमें 43 सीटें जम्मू एवं 47 सीटें कश्मीर क्षेत्र में आते हैं। 90 सीटों के लिए 9 सीटें अनुसूचित जाति एवं 7 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। हालांकि इस परिसीमन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने चुनौती आज का को खारिज करते हुए परिसीमन को जायज बताया था। 11 दिसंबर के फैसले में इस माह सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव करने के लिए कहा था।

जम्मू कश्मीर विधानसभा को 21 नवंबर 2018 में बंद किया गया था और 5 अगस्त 2019 में पुनर्गठन अधिनियम पारित होने के बाद धारा 370 समाप्त कर दी गई थी 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू कश्मीर से अलग कर लद्दाख को केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया था। विधानसभा बंद होने के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराने थे लेकिन परिसीमन आयोग का गठन होने के बाद विधानसभा चुनाव करते गए मगर अब परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और पाक अधिकृत कश्मीर की 24 सीटों को छोड़कर 90 सीटों पर चुनाव करने के लिए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी कर रहा है। जम्मू कश्मीर में इस समय कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के अलावा क्षेत्रीय दल के रूप में नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी एवं गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी सक्रिय है।

2019 के लोस चुनाव में बीजेपी को 46.24, कांग्रेस को 28.39, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 एवं पीडीपी को 3.38 प्रतिशत मत मिले थे। इस बार कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के अलग होने से इसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

# गुलामी में धकेल कर स्वच्छता नहीं ला सकते

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े मामले में राहत देते हुए टिप्पणी की

बंबई हाईकोर्ट ने नगर निकाय से जुड़े 580 कर्मचारियों को लेकर एक बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने कहा है कि किसी कल्याणकारी राज्य में नागरिकों के एक वर्ग के लिए स्वच्छता दूसरों को गुलामी में धकेल कर हासिल नहीं की जा सकती। कोर्ट ने शहर के नगर निकाय विभाग को आदेश दिया है कि वह अपने 580 कर्मचारियों को स्थायी तौर पर रखे और उन्हें सभी लाभ मुहैया कराए।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पिछले साल नवंबर में एक आदेश दिया था, जो गुरुवार को उपलब्ध कराया गया। इस फैसले में कहा गया है कि पर्यावरण को स्वच्छ करने के नागरिकों के मौलिक अधिकार को कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को हल्के में लेकर हासिल नहीं कर सकते हैं। बंबई हाईकोर्ट ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 580 अस्थायी कर्मचारियों के लिए पदों के सृजन का निर्देश दिया गया था।

अधिकरण ने निगम को 580 कर्मचारियों को स्थायी घोषित करने और उन्हें सभी लाभ देने का निर्देश दिया था। कर्मचारी संगठन 'कचर वाहतुक कर्मचारी संघ' ने नगर निगम से अपने 580 सदस्यों को स्थायी कर्मचारी बनाने की मांग की थी। वे सार्वजनिक सड़कों की सफाई और कचरे के संग्रह और परिवहन का काम करते हैं। हाईकोर्ट ने एमसीजीएम की याचिका रद्द कर दी। साथ ही कहा कि अगर न्यायाधिकरण का आदेश रद्द किया जाता है तो यह 'न्याय का उपहास' करना होगा। पीठ ने कहा कि मुंबई को स्वच्छ रखने के लिए नगर निकाय के पास अधिकार है और शहर में 'कर' देने वाले लोगों को स्वच्छ वातावरण का मौलिक अधिकार है।

अदालत ने कहा कि यह मौलिक अधिकार और अनिवार्य कर्तव्य कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को बुनियादी मानव गरिमा के अधीन करके प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कल्याणकारी राज्य में एक वर्ग के नागरिकों के लिए सफाई का काम बाकियों को गुलामी में फंसाकर नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि 580 कर्मचारी, जो शहर में काम करते हैं उन्हें स्थायी करने की बजाय, नागरिक निकाय ने अपनी प्रमुख स्थिति का लाभ उठाया है।

## भारत-अमेरिका के बीच मजबूत हुए रक्षा संबंध : पेंटागन

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय रूप से सुधार देखने को मिल रहा है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कही गई ये बात दर्शाती है कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध बेहद मजबूत हो रहे हैं।

पेंटागन के एक अधिकारी का कहना है कि अब भारत और अमेरिका के बीच प्रमुख मुद्दों पर मतभेदों के बजाय सुधार देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन कराया गया था। इस सम्मेलन में रक्षा विभाग के सचिव (नीति) के कार्यालय, दक्षिण एशिया के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि 'पिछले 12 महीनों में भारत अमेरिका के रक्षा संबंधों में बेहद तेजी से प्रगति हुई है। अय्यर ने कहा रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय गति देखने को मिली।

# सरकार ने ब्लॉक किए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अश्लील और असभ्य कंटेंट पब्लिश करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्मस को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। इसके साथ ही सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए हैं।*

### क्यों किया गया बैन

मंत्रालय की ओर से से जारी किए बयान के मुताबिक, ब्लॉक किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर बताया गया है कि ये अश्लील, अभद्र और महिलाओं को लेकर अपमानजक कंटेंट प्रसारित करते थे। इन प्लेटफॉर्म पर आईटी एक्ट की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के तहत कार्रवाई करते हुए बैन लगाया गया है।



### 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड, 32 लाख से ज्यादा फालोअर्स

सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी एप में से एक एप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य एप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और ऐप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।

### सरकार ने किस पर लगाया बैन

सरकार ने 12 फेसबुक अकाउंट, 17 इंस्टाग्राम अकाउंट, 16एक्स अकाउंट और 12 यूट्यूब अकाउंट को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई

इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद/विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल हैं।

### क्या हैं निगरानी के नियम

सरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट की निगरानी मीडिया एथिक्स कोड रूल्स, 2021 के जरिए करती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपने कंटेंट का क्लासिफिकेशन, एज रेटिंग और सेल्फ रेगुलेशन का खुद पालन करना होता है।

## एक नजर

### भारत-ब्राजील ने मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने गुरुवार को रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की। बैठक में ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि बातचीत में सहयोग के विभिन्न अहम क्षेत्रों पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा-अंतरिक्ष, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, तकनीक, आतंकवाद से मुकाबला और क्षेत्रीय, बहुपक्षीय एवं परस्पर हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। बता दें, बैठक दिल्ली में हुई है। इसकी सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव जी वी श्रीनिवास और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

### देश के आखिरी गांव के लोग वांगचुक के समर्थन में उतरे



**फोब्रांग (लद्दाख)।** लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ रही है। उनकी मांगों के समर्थन में भारत-चीन सीमा पर बसे देश के आखिरी गांव फोब्रांग के लोग भी उतर आए हैं। इन लोगों ने बॉर्डर से 16 किमी पहले मार्टसे टॉप के पास माइनस 20 डिग्री तापमान में प्रदर्शन किया।

### रमजान में ड्यूटी के दौरान पायलट नहीं रखेंगे रोजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) ने रमजान माह के मद्देनजर नया आदेश जारी किया है। पीआईए ने ड्यूटी के दौरान चालकों के रोजा रखने पर रोक लगा दी है। आदेश में चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा गया कि रोजा रखने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके साथ ही व्यक्ति को आलस्य और नींद आ सकती है। पीआईए के अधिकारी ने बताया कि कॉर्पोरेट सेफ्टी मैनेजमेंट और एयर क्रू मेडिकल सेंटर दोनों ने सिफारिश की है कि विमान चालकों और चालक दल के सदस्यों को रोजा नहीं रखना चाहिए।

### अमेरिका में अवैध प्रवेश पर तीन भारतीय समेत चार गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन भारतीयों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, बफेलो शहर में अंतर्राष्ट्रीय रेलमार्ग द्वारा अवैध प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बताया है कि, महिला समेत चारों को अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) की हिरासत में हैं। चारों निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# भारत और एशिया तक पहुंच बढ़ाने को रूस बना रहा 'मॉस्को कॉरिडोर'

## युद्ध के चलते यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद लिया फैसला, 2028 तक होगा पूरा

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन युद्ध के पहले रूस व्यापार के लिए यूरोप पर ही निर्भर था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को मात देने के लिए रूस नए तरीके खोज रहा है। इसी क्रम में रूस ने भारत, चीन और मिडल ईस्ट के देशों के साथ संबंध मजबूत कर दिए हैं। रूस अपनी पहुंच भारत और एशिया तक बढ़ाने के लिए मॉस्को से मुंबई तक मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बना रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक प्रतिबंधों के बीच में रूस ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) प्रोजेक्ट में तेजी दिखाई है। रूस ने अब 160 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए ईरान को 12 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। ईरान के रास्त शहर को अस्तारा से जोड़ने वाले इस रेल मार्ग का काम शुरू हो गया है। अजरबैजान में रेलवे ट्रैक और यार्ड काम इस साल पूरा हो जाएगा। पूरे कॉरिडोर का काम 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### समुद्र, रेल और सड़क मार्ग के जरिए जुड़ेंगे भारत, ईरान और रूस



आईएनएसटीसी की कुल लंबाई 7,200 किमी है। इस कॉरिडोर में भारत और रूस के अलावा ईरान, अजरबैजान भी सदस्य हैं। समुद्र, रेल और हाइवे के इस मल्टी मोड कॉरिडोर का मुख्य उद्देश्य लागत कम करना और समय बचाना है। नए रूट से माल भेजने का समय पारंपरिक स्वेज रूट के 45 दिनों से घटकर सिर्फ 10 दिन रह जाएगा, जो कि स्वेज नहर से मुकाबला करेगा। स्वेज मार्ग से मुंबई से मॉस्को की दूरी 14 हजार किमी थी, इसे तय करने में 45 दिन से ज्यादा का समय लगता था। जहां अभी हूती विद्रोहियों का खतरा है।



### रूस- भारत का व्यापार चार गुना बढ़ा

भारत के साथ 2023 में रूस का व्यापार 5 .37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2021 की तुलना में 4 गुना है। वहीं, 2023 में रूस-चीन का व्यापार भी 61 फीसदी बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस कॉरिडोर के बनने से रूस को तुर्किये से भी व्यापार संबंध बढ़ने की उम्मीद है।

### रूस को भारत-ईरान से मदद मिल रही

इस प्रोजेक्ट को लेकर अजरबैजान का कहना है कि रूस ने यूरोप की जगह नए विकल्प खोज लिए हैं। रूस भारत से मशीनरी मिल रही है। ईरान से हथियार, तुर्की और मिडल ईस्ट से रूस को आवश्यक चीजें आसानी से मिल रही है, जो लड़ाई के समय जरूरी हैं। आपको बताते कि पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत ने ईरान में एक बंदरगाह का निर्माण कराया है। भारत, तेहरान के कई प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है। इसी तरह रूस भी ईरान को हर तरह से सहयोग कर रहा है।

## पाकिस्तानः नवाज के बेटों को राहत, स्थायी गिरफ्तारी वारंट रद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को बड़ी राहत देते हुए एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने गुरुवार को पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े मामलों में नवाज शरीफ के बेटों की गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था।

बता दें कि पनामा पेपर्स से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगाए गए थे लेकिन वे कभी भी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, जिसने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट को गुरुवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई पाकिस्तान लौट आए। हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50 हजार के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूरी दी।

# चुनाव धांधली के आरोपों पर सुनवाई करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- इमरान की पार्टी ने लगाए हैं आरोप 20 मार्च को सुनवाई करेगी अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति



अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के मुद्दे पर सुनवाई करेगी। पाकिस्तान चुनाव में धांधली होने के आरोप लगे हैं और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों पर अमेरिकी कांग्रेस की समिति 20 मार्च को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई का शीर्षक 'चुनाव के बाद का पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य की चर्चा होगा।

अमेरिका के विदेश विभाग की मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया मामलों की उप-समिति पाकिस्तान चुनाव के मसले पर बैठक करेगी। समिति के सामने दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सचिव डोनाल्ड की गवाही भी होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के दौरान गुप्त जानकारी सार्वजनिक करने के मामले में डोनाल्ड लू की संलिप्तता की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने डोनाल्ड लू की गवाही बेहद अहम मानी जा रही है।

### आरक्षित सीटों पर एसआईसी की याचिका खारिज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल(एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने चार मार्च को सीट कोटा के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, साथ ही इसे नियमों का उल्लंघन बताया। बुधवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। एजीपी अवान ने कहा था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं।

## बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते गुरुवार को पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। इससे 280 सड़कें ठप हो गई। चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर, कल्लू की भी ऊंची चोटियां पर ढाई फीट तक बर्फबारी हुई। शिमला और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहे और शीतलहर से चलती रही। ● एजेंसी

## संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिनिधि सभा 15 मार्च से 17 मार्च तक नागपुर में होने जा रही है। यह सभी ऐसे वक्त हो रही है, जब संघ अगले साल विजयादशमी को स्थापना के 100 साल पूरे करेगा।

बैठक में राम मंदिर पर भी प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में 1529 शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही संघ से जुड़े 36 संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव समेत प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सभा में कई अहम मुद्दो पर चर्चा होगी।

# सीएए कानून देशहित में नहीं: केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- घुसपैठियों को भारत में वैध बना रही केंद्र, आम लोगों का पैसा दूसरे देशों के अल्पसंख्यकों पर खर्च करना मंजूर नहीं



आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के देश में सीएए लागू करने के निर्णय का विरोध किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सीएए देशहित में नहीं है। केंद्र सरकार देश के करोड़ों लोगों को रोजगार व मकान नहीं दे पाई है, वहीं वह पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आने वाले करोड़ों लोगों को नौकरी व मकान देगी। उन्होंने कहा-जो अवैध घुसपैठिए देश में आने से डरते थे लेकिन केंद्र ने सीएए कानून बनाकर उनको भारत में आने को वैध बना रही है।

केजरीवाल बोले- भाजपा सीएए लाकर देश के साथ ऐसा खिलवाड़ वोट बैंक के लिए कर रही है। जहां भाजपा का वोट कम है, वहां दूसरे देशों के गरीब लोगों को झुग्गियां बनाकर बसाया जाएगा। उन्होंने चुनाव से पहले सीएए लाने पर भी सवाल उठाया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में सीएए का विरोध करते हुए कहा कि देश पर 10 साल राज करने के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपाइयों को सीएए की बात करनी पड़ रही है। अगर वह 10 साल में कुछ अच्छा काम कर लेते तो आज सीएए की जगह अपने काम पर जनता से वोट मांग रहे होते। आज देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है। ऐसे में केंद्र सरकार इनका समाधान ढूंढने के बजाय सीएए की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के अनुसार पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक अगर भारत की नागरिकता लेना चाहें तो उनको भारत की नागरिकता दे दी जाएगी। इसका मतलब है कि इन तीनों देशों से बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को भारत में लाया जाएगा। उनको भारत में बसाया जाएगा, उनको रोजगार और घर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र : अहमदनगर का नाम अहिल्या नगर और नाम भी बदलेंगे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले महाराष्ट्र सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक में अहमदनगर शहर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अहमदनगर ननि ने 15 दिन पहले यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था।

दरअसल, अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में ही देवी अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। इसके साथ ही मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों के ब्रिटिश नाम भी बदले जाएंगे। करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का नाम डोंगरी, मरीन लाइन्स का नाम मुंबादेवी, चर्नी रोड का नाम गिरगांव, कॉटन ग्रीन का नाम कालाचौकी स्टेशन, डॉकयार्ड का नाम मझगांव, किंग्स सर्कल का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ करने को मंजूरी दी गई।

# चरमपंथी गतिविधियों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध ब्रिटेन: सुनक

लंदन, एजेंसी

- नए उपायों से असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा वाले लोगों पर लगेगी लगाम



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली चरमपंथी गतिविधियों से निपटने के हमारे पास उपाय होने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाउस आफ कामंस में 'प्रधानमंत्री के सवालों' के जवाब में सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोर्टों का हवाला दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। नए उपायों से उन समूहों या लोगों पर प्रतिबंध लगाने की उम्मीद है जो असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हैं कि ब्रिटिश सरकार किन समूहों और व्यक्तियों को समर्थन या फंड दे सकती है। सुनक ने कहा कि वास्तव में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास इस खतरे से निपटने के लिए उपकरण हों। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल निजी और शांतिपूर्ण मत रखने वालों को चुप कराने के बारे में नहीं है।

विज्ञान | वैज्ञानिकों ने कहा- दुर्लभ खगोलीय घटना के बाद एक नए तारे का जन्म होगा

# नग्न आंखों से दिखेगी नोवा विस्फोट की घटना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** यह वर्ष एक खगोलीय घटना को लेकर बेहद खास रहने वाला है। इस घटना में एक दुर्लभ नोवा विस्फोट होने जा रहा है। इस घटना के साथ ही एक नवजात तारा जन्म लेगा। इस घटना को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वर्ष नग्न आंखों से दिखाई देने वाला एक नोवा विस्फोट रात के आकाश को जगमगाने लगेगा। तारे के जन्म को लेकर यह दुर्लभ खगोलीय घटना है। जिसके हम सब गवाह बनेंगे। यह घटना टी कोरोनाए बोरेलिस (टी सीआरबी) नामक तारा मंडल में घटने वाली है। यह घटना दूर आसमान में पृथ्वी से लगभग 3000 प्रकाश वर्ष दूर है। यह घटना एक लाल विशाल तारा और एक सफेद बौना तारे में हो रही है।

दोनों एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं। वैज्ञानिक इसे नोवा विस्फोट कहते हैं। जिसमें सफ़ेद बौना अपने लाल विशाल साथी से पर्याप्त मात्रा में तारकीय सामग्री चुराता है और अपनी सतह पर परमाणु संलयन की एक संक्षिप्त चमक को प्रज्वलित करता है। जिससे यह समझा जा सकता है कि एक नया तारा जन्म लेने जा रहा है। नासा के अधिकारियों का इस घटना को लेकर कहना है कि इस घटना में एक बड़ा विस्फोट सितंबर के बीच होने की उम्मीद है, जो आकाश में उत्तरी तारे (नार्थ स्टार) के समान चमकीला दिखाई देगा और लुप्त होने से एक सप्ताह तक इसकी चमक दिखाई देगी। इस तरह की घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है, क्योंकि नोवा विस्फोट लगभग 80 साल में होता है।



लाल तारे की परिक्रमा करते बौना तारे की तस्वीर।

### 1946 में देखा गया था नोवा विस्फोट

नासा के अनुसार आखिरी बार 1946 में नोवा विस्फोट हुआ था। जिसे आवर्ती नोवा विस्फोट के नाम से जाना जाता है। हमारी मिल्की के भीतर ज्ञात पांचवा विस्फोट था। इस वर्ष होने जा रहे विस्फोट का आनंद दूरबीन से भी लिया जा सकता है, जो बूट्स और हरक्यूलिस नक्षत्रों के बीच देखी जा सकेगी।

# भारत के विरुद्ध आतंकी तत्वों के लिए इस्तेमाल हो रही अमेरिकी धरती

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय मूल के लोगों ने लगाया आरोप, जांच एजेंसी एफबीआई से मिले भारतवंशी

अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की।

हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए।